रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 11 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 351 मूल्य 3.00 ₹


### अवकाश एवं शुभकामना संदेश

रक्षाबंधन पर्व की पायनियर परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकानाएं। इस अवसर पर पायनियर समाचार पत्र के कार्यालय में 11 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 13 अगस्त को प्राप्त होगा।

**-संपादक,** पायनियर

# स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार स्वदेशी तोप से दी जायेगी सलामी

**पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस बार 21 तोपों की सलामी द्वितीय विश्व युद्ध के समय की ब्रिटिश काल की तोपों के साथ-साथ पहली बार स्वदेशी तोप एडवांस्ड टॉड आर्टिलरी गन सिस्टम (अटैग) से दी जायेगी। रक्षा सचिव डा. अजय कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ऐतिहासिक लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया जायेगा। इसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे और वह लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस समारोह का विशेष आकर्षण देश में ही 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित घरेलू होवित्जर तोप, अटैग होगी जो पहली बार लाल किले पर औपचारिक 21-तोपों की सलामी के दौरान गर्जना करेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा डिजाइन और विकसित पूरी तरह से स्वदेशी तोप अटैग, ब्रिटिश काल की तोपों के साथ सलामी देगी। अब तक पारंपरिक रूप से ब्रिटिश काल की तोपों से



ही सलामी दी जाती रही है। वैज्ञानिकों और तोपखाने के अधिकारियों के नेतृत्व में डीआरडीओ के आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान पुणे की टीम ने इसे संभव बनाने के लिए इस परियोजना पर काम किया। एटीएजीएस परियोजना 2013 में डीआरडीओ द्वारा भारतीय सेना में प्रयोग की जा रही पुरानी तोपों को आधुनिक 155 एमएम आर्टिलरी गन के साथ बदलने के लिए शुरू की गई थी। एआरडीई ने इस विशेष तोप के निर्माण के लिए दो निजी प्रतिष्ठानों भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की। एटीएजीएस 155 एमएम कैलिबर गन सिस्टम है जिसमें 48 किलोमीटर की फायरिंग रेंज और उच्च गतिशीलता, त्वरित तैनाती, सहायक शक्ति पद्धति, उन्नत संचार प्रणाली, रात के दौरान प्रत्यक्ष-फायर पद्धति में स्वचालित कमांड और नियंत्रण प्रणाली जैसी उन्नत विशेषताएं हैं। एटीएजीएस एक विश्व स्तरीय प्रणाली है जो जोन 7 में बाइमोड्यूलर चार्ज सिस्टम को फायर करने में सक्षम है। दुनिया में किसी अन्य तोपको अभी तक उस क्षमता के लिए नहीं जाना जाता है। डा. कुमार ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए देश के सभी जिलों के एनसीसी कैडेटों को आमंत्रित किया गया है। इन कैडेटों को भारत के मानचित्र के भौगोलिक फॉरमेशन में लाल किले की प्राचीर के सामने 'ज्ञान पथ' पर बैठाया जाएगा।

### क्विक न्यूज़

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को भाई-बहन के स्नेह और विश्वास के पर्व रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। रक्षाबंधन पर्व की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में बघेल ने कहा है कि रक्षाबंधन हमारी संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण त्यौहार है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस दिन बहनें मंगल कामना करते हुए अपने भाईयों को रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा का वचन देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन स्नेह और विश्वास के अटूट रिश्तों का त्यौहार है। यह त्यौहार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, अस्मिता के प्रति हम सभी को जागरूक और प्रतिबद्ध करता है।



# नीतीश ने बिहार में आठवीं बार मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बिहार में आठवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल फागू चौहान ने बुधवार को राजभवन में कुमार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुमार के साथ ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया। इसके साथ ही कुमार बिहार में आठवीं बार मुख्यमंत्री और यादव दूसरी बार उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। महागठबंधन की नई सरकार में मंत्रिपरिषद का विस्तार जल्द की किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, तेजस्वी की पत्नी रिचल राजश्री यादव, विधायक तेजप्रताप यादव के साथ ही राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे। हालांकि तबीयत ठीक नहीं होने के कारण लालू प्रसाद यादव समारोह में शामिल नहीं हो सके। मोदी ने कहा कि जब वर्ष 2019 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ ले रहे थे तब राजग के घटक दल के रूप में जदयू को एक मंत्री पद देने की बात हुई थी। लेकिन, कुमार ने कहा था कि हमारे दल में किसी के नाम पर सहमति नहीं है। उन्होंने कहा कि दूसरी बार जब मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ तब गृह मंत्री अमित शाह ने कुमार को फोन कर उनके दल से मंत्री बनने वाले का नाम पूछा था।



# सुप्रीम कोर्ट का आदेश, नूपुर पर दर्ज सभी मुकदमें दिल्ली स्थानांतरित

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में कई राज्यों में अपराधिक मुकदमों का सामना कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निलंबित नेता नूपुर शर्मा को बुधवार राहत देते हुए मुकदमों को दिल्ली स्थानांतरित करने की उनकी अर्जी बुधवार को स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने नूपुर की याचिका मंजूर करते हुए उसके खिलाफ विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों (इस विवाद से संबंधित भविष्य में होने वाले सभी प्राथमिकी शामिल) को एक जगह सम्मिलित कर उसकी जांच दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित करने तथा जांच पूरी होने तक नूपुर पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया। पीठ ने यह स्पष्ट किया कि भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच दिल्ली पुलिस के इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) द्वारा की जाएगी। इस मामले में यदि जरूरत पड़े तो दिल्ली पुलिस अपनी अन्य शाखाओं की मदद ले सकती है। पीठ ने याचिकाकर्ता को प्राथमिकी रद्द करने या अन्य राहत की मांग संबंधी याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर करने की अनुमति प्रदान की। पीठ ने पैगंबर मोहम्मद विवाद से संबंधित मुकदमों के मामले में नूपुर की नयी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस मामले की अदालत की देखरेख में एक विशेष जांच दल गठित कर उससे से जांच कराने की याचिका खारिज कर दी।



## न्यायमूर्ति यू यू ललित 49वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित को भारत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना 26 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति ललित 27 अगस्त को शपथ ग्रहण करेंगे। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से बुधवार को जारी एक अधिसूचना में न्यायमूर्ति ललित की नियुक्ति संबंधी जानकारी दी गई। न्यायमूर्ति रमना ने न्यायमूर्ति ललित को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। न्यायमूर्ति रमना ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से राय मांगे जाने पर न्यायमूर्ति ललित को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने संबंधी सिफारिश तीन अगस्त को की थी।



## बडगाम मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने कश्मीरी पंडित राहुल भट और महिला कलाकार अमरीन भट के कथित हत्यारे समेत तीन आतंकवादियों ढेर कर एक बड़ी कामयाबी हासिल की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार लश्कर-ए-तैयबा का लतीफ राथर और उसके दो सहयोगी बडगाम के वाटरहेल इलाके में एक मुठभेड़ में मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि लतीफ कश्मीरी पंडित राहुल भट और महिला कलाकार अमरीन भट सहित कई नागरिकों की हत्याओं में शामिल था।








GLORIOUS PAST OF 30 YEARS...
30 Years
GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY, RAIPUR
GGEA
Estd. विद्याऽमृतं मश्नुते 1992
GYAN GANGA
Affl. to CBSE, New Delhi
Affl. No. 3330020
Gyan Ganga
Educational Academy
Academic Excellence Exemplified
120 students secured above 80%
17 Students secured above 90%
STAR PERFORMERS - CLASS X
91.4% Ashhad Qureshi
91% Mohit Thatoi
90.8% Bihan Guha
90.4% Akash Sagar
90.4% Drishti Tupkar
95.2% ASMEET KAUR CHAWLA
90% Aditi Kiran
90% Avinash Ram
90% Dhruv Sharma
90% Kaustubh Namdeo
90% Sharique Mahmood
95.2% TASHVI CHOPKAR
90% Shourya Tiwari
90% Yatharth Tiwari
90% Ansh Singh
90% Aadithya Tiwari
90% Shreya Dewangan
STAR PERFORMERS - CLASS XII
99.2% Results in Science Stream
SCIENCE TOPPER
95.2% Abhinandan Jain
Maths-95, Phy-97, Chem-95
Abhishek Bhalse Maths-93 Phy-89 Chem-95 94%
Adarsh Manjunath Maths-95 Chem-93 92%
Mahi Ajmani Phy-94 92%
Aditi Singh Maths-92 Chem-92 92%
99% Results in Commerce Stream
COMMERCE TOPPER
94.6% Sakshi Chandravanshi
Eco-96, Acc-93
Business Studies-99
Aditya Agrawal Maths-92 Phy-95 92%
Devprabha Dadsena Chem-93 Bio - 94 92%
Sakshi Yadav Maths-92 Phy-91 91%
Megha Agrawal Maths-92 Chem-90 91%
Anu Verma Chem-91 91%
Sweet Success Spirit of Excellence
To vibrate aspiration for quality, dedication and commitment to students & parents, our outstanding performance in Class X & XII during session 2021-22 repeats another synonymous benchmark "In The Cause Of Excellence In Education"
The Principal, Teachers & Staff of the Academy convey their choicest Blessings for their achievement.
Gyan Ganga
Educational Academy
Affl. to CBSE, New Delhi (Affl. No. 3330020)
12th K.M. Vidhansabha Marg, Village - Nardaha, RAIPUR - (C.G.)
0771-2284716, 2284816
www.gyangangaraipur.org
gyangangaraipur@yahoo.co.in
"In The Cause Of Excellence In Education"

# विश्व आदिवासी दिवस में दिखा उत्साह गांव-गांव में हुई पूजा-अर्चना

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस पर भानुप्रतापपुर में सर्व आदिवासी समाज के द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। इस अवसर पर समाज के लोगों में भरपूर उत्साह दिखा। झमाझम बारिश के बावजूद विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए भारी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग एकत्रित हुए। भानुप्रतापपुर में स्थित गोंडवाना समाज भवन में सुबह से ही समाज के लोगों ने एकत्रित होना शुरू कर दिया था। यहां पर स्थित देव स्थल पर सुबह पारंपरिक रूप से बूढ़ादेव व अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई। आदिवासी समाज की परंपरा के अनुसार समाज के प्रमुखों व वरिष्ठ जनों को पगड़ी पहनाया गया। इसके बाद आदिवासी समाज के सात रंगों वाले झंडे का ध्वजारोहण किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में भानुप्रतापपुर नगर एवं पूरे विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। गोंडवाना भवन में पूजा अर्चना के पश्चात रैली निकाली गई और बिरसा मुंडा की प्रतिमा में भी विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें याद किया गया।



समाज की यह विशाल रैली नाचती गाती मुख्य चौक पर पहुंची, जहां पर पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे युवक युवतियों एवं अन्य ग्रामीणों ने जमकर रेला नृत्य किया। मुख्य चौक पर समाज के लोग इतनी भारी तादाद में एकत्रित थे, कि पूरा चौक जनसमूह से भर गया। चौक में गोंडी गीतों एवं अन्य पारंपरिक गीतों पर नृत्य प्रदर्शन के बाद रैली आगे बढ़ी। इसके बाद कांकेर रोड स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर भी पूजा अर्चना की गई। इसके बाद यह रैली भानुप्रतापपुर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के समक्ष विशाल सभा में तब्दील हुई। इस सभा को सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों एवं कई वरिष्ठ जनों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने प्रमुख रूप से अपनी संस्कृति को सहेज कर विकास के पथ पर आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी भाषा, बोली, रीति-रिवाजों, मान्यताओं की समझ व संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। दुनिया भर का आदिवासी समाज प्रकृति से जुड़ा हुआ है, और प्रकृति का रखवाला भी है। समाज के लोगों को आपस में एकजुट रहते हुए अपनी संस्कृति के अनुरूप कार्य करते हुए अपने धरोहरों को बचाए रखना है, और इन सब की जानकारी अगली पीढ़ियों को स्थानांतरित करना है। इस पूरे उत्सव में पारंपरिक एवं आधुनिक दोनों तरीकों का समावेश दिखा एक और जहां ग्रामीण क्षेत्र के लोग पारंपरिक घोड़ी वह हल्बी गीत गाकर नृत्य कर रहे थे वहीं पर बहुत से युवा डीजे पर नृत्य कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे थे।

### गांव-गांव में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

विकासखंड स्तरीय आयोजन में सम्मिलित होने के पूर्व गांव गांव में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया सर्व आदिवासी समाज के द्वारा क्षेत्र के कई ग्रामों में सुबह-सुबह गांव के देवी स्थलों में जाकर देवी देवताओं की पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की गई और गीत नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया गांव में उत्सव पूर्ण करने के पश्चात सभी ग्रामीण भानुप्रतापपुर में आयोजित विकासखंड स्तरीय उत्सव में सम्मिलित हुए बच्चों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के द्वारा बच्चों के लिए चित्रकला रंगोली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था जिसमें कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप इनाम दिए गए वही विजेता बच्चों को भी विशेष इनाम प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे चित्रकला प्रतियोगिता माध्यमिक वर्ग में आकाशी शोरी प्रथम दिव्यांशी नरेटी द्वितीय प्राथमिक वर्ग में दिशा तेता प्रथम परिधि हुपेंडी द्वितीय। निबन्ध लेखन में माध्यमिक वर्ग में आकाशी शोरी प्रथम, दिव्यांशी हुपेंडी द्वितीय। रंगोली प्राथमिक वर्ग में ख्याति मण्डावी प्रथम, माध्यमिक वर्ग में महिमा उइके प्रथम व तान्या ठाकुर द्वितीय रहे। सामूहिक नृत्य में प्रथम आकाशी शोरी राशि चनाप व साथी द्वितीय डिम्पल व साथी रहे। एकल नृत्य में दिव्यांशी हुपेंडी प्रथम रहीं।

## बारिश में भी कम नहीं हुआ आदिवासी युवाओं का उत्साह, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



पायनियर संवाददाता < विश्रामपुरी/केशकाल
www.dailypioneer.com

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के शुभवसर पर एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान के नारे के साथ ब्लाक मुख्यालय विश्रामपुरी के मिनी स्टेडियम में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम बूढ़ापेन का सेवा अर्जी किया गया,उसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्मित ध्वज को पहराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों को हल्दी चावल लगाकर व पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया । इसके पश्चात मंच में उपस्थित समाज प्रमुखों ने बारी बारी से संविधान, पेसा कानून, शिक्षा, समाज की परंपरागत नेंग नियम, हक-अधिकार, अपनी संस्कृति, वेशभूषा, पारंपरिक नृत्य, इन सभी विषयों पर अपनी अपनी बात रखी। जहां पर सर्व आदिवासी समाज के युवा वर्ग, समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों व महिलाएं अपने पारंपरिक वेशभूषा के साथ कार्यक्रम में नज़र आये।

**रेला नृत्य व मांदरी नृत्य आकर्षण का केंद्र-** कार्यक्रम के बीच बीच में आदिवासी संस्कृति का सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता रहा जिसमें रेला नृत्य, माटी मांदरी, हुलकी मंदारी, गुट्टा मंदारी, रेला पाटा पारंपरिक नृत्य किया गया। यह कार्यक्रम के प्रारंभ से लेकर अंत तक लिंगों गोटूल भीमा मांडो विश्रामपुरी बाजा टीम के द्वारा रेला पाटा गाया गया।

**सभी सगाजनों के लिए खिचड़ी-** कार्यक्रम में उपस्थित सभी सगाजनों के लिए नाश्ता के रूप में खिचड़ी की व्यवस्था किया गया। इस दौरान युवा प्रभाग का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष जगत मरकाम ने ब्लॉक भर से आये विभिन्न समाज के लोगों के बीच पेसा को लेकर 'एक कदम ग्रामसभा की ओर' थीम पर लोगों से अपील की, कि हम अपने हक अधिकार जल जंगल जमीन की बात करते हैं लेकिन उस पेसा कानून की जानकारी से वंचित हैं जबकि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने लागू किया है उसे हमें समझने की आवश्यकता है, ग्रामसभा में जाने की आवश्यकता है और उस हक को हम कैसे उपयोग करें इस पर प्रमुखता से बात रखा।

**ये मौजूद रहे-** इस दौरान सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई बड़ेराजपुर सर्व आदिवासी समाज के सामान्य प्रकोष्ठ, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, युवा प्रभाग, गोंडवाना समन्वय समिति, गोंडवाना समन्वय समिति युवा प्रभाग, हल्बा समाज, पठारी समाज, पारधी समाज, पनिका समाज, मरार समाज, कुम्हार समाज, साहू समाज, तेली समाज, राउत समाज, लोहार समाज के प्रमुख व सरपंच संघ,जनपद सदस्य एवं जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## बढ़ती महंगाई की मार के चलते बंद हो रही उज्जवला योजना

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर ब्लॉक में लगभग 10 हजार परिवारों को उज्ज्वला योजना की तरफ से गैस सिलेंडर का वितरण किया गया था। जिसमें 10 प्रतिशत हितग्राहियों ही सिलेंडर का रिफिलिंग करा रहे हैं। ऐसे में एक फिर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को गैस स्टोव पर खाना बनाना छोड़कर लकड़ी से चूल्हा जलाने पर मजबूर हैं। दिनो - दिन बढ़ रही महंगाई ने लोगों के घरों का बजट पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा घरेलू रसोई गैस की कीमतों को लगातार बढ़ाए जाने से उपभोक्ता परेशानी में हैं । इसका सीधा असर अब घरों में किचन पर देखने को मिल रहा है। हालात यह है कि ग्रामीण इलाकों में उज्ज्वला योजना में दिए गए गैस सिलेंडर को अब लोग कुर्सी-टेबल की तरह बैठने के लिए काम ले रहे हैं, जबकि खाना लकड़ी-कोयले से जलने वाले चूल्हों पर बनाया जाने लगा है। गौरतलब



है कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी जा रही उज्ज्वला योजना में 370 रुपए की सब्सिडी के बावजूद ग्रामीण उपभोक्ता सिलेंडर लेना उचित नहीं समझ रहे हैं। उन्होंने पुराने चूल्हों का उपयोग शुरू कर दिया है , वहीं शहरी उपभोक्ता मजबूरी में गैस इस्तेमाल कर रहे हैं। शुरुआत में कुछ दिनों तक किया उपयोग, उसके बाद से कई घरों में कबाड़ में पड़े हैं सिलेंडर , तो कई ने बेच दिए केंद्र सरकार ने मई 2016 को उज्ज्वला योजना शुरू की थी। इसके तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं को नि ः शुल्क गैस सिलेंडर दिए गए , ताकि ग्रामीण क्षेत्र को महिलाएं भी रसोई गैस का इस्तेमाल कर सकें। इसके बाद गैस सिलेंडरों के बढ़ते दामों का असर यह रहा कि महिलाएं फिर से परंपरागत संसाधन चूल्हे पर आ गईं और उज्ज्वला के चूल्हे ठंडे हो गए । ग्रामीण इलाकों में स्थिति यह है कि रसोई गैस के आए दिन बढ़ते दामों को देखते हुए कई लोगों ने रसोई गैस सिलेंडर बेच दिए , कई लोगों ने सिलेंडरों को कबाड़ में डाल रखा है तो कई लोगों ने रसोई गैस सिलेंडरों को अपने रिश्तेदारों को दे दिया और स्वयं लकड़ी से चूल्हा जलाना शुरू कर दिए है । ग्राम बांसला निवासी कुमारी बाई चक्रधारी का कहना है मुझे तीन साल पहले उज्ज्वला योजना का चूल्हा मिला था , किंतु लगातार गैस के दाम बढ़ने की वजह से यह कबाड़ में पड़ा हुआ है , क्योंकि घर चलाने के लिए मजदूरी कर घर चार सदस्यों का पेट भरना मुश्किल है । ऐसे में गैस सिलेंडर भरवाने के लिए कहां पैसों का जुगाड़ करें।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

अनवरत बारिश के बाद भी सर्व आदिवासी समाज के द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय में पारंपरिक वेशभूषा में समाज के युवाओं ने बरसते पानी के बीच रैली निकाली।

डीजे की धुन में नाचते झूमते रैली भीरावाही गोंडवाना भवन से मुख्य मार्ग होते कलेक्टोरेट तिराहा तक पहुंची जहाँ मेलाभाटा में सभा का आयोजन किया गया। लेकिन अनवरत बारिश के चलते मेलाभाटा में सभा स्थगित कर भीरावाही के



भवन में ही सभा हुई। हमेशा की तरह बड़ी रैली के चलते मुख्य मार्ग में लंबे समय तक यातायात बाधित रहा।

**अनवरत बारिश में भी दिखा उत्साह-** अनवरत बारिश के बावजूद आदिवासी समाज के लोग रैली व सभा में शामिल होने बड़ी संख्या में पहुंचे थे. समाज के लोगों से गावं-गांव में कामकाज बंद कर पर्व को उत्साह से मनाने का आह्वान किया गया था. गांव के अलावा ब्लॉक व जिला स्तर पर सर्व आदिवासी समाज के द्वारा विभिन्न आयोजन किये गये.

**ऊपर नीचे रोड पर सुकदेव पातर चौक का नामकरण -** गोंडवाना भवन में पेनठाना की सेवा अर्जी गुण्डाधुर मूर्ति स्थल की सेवा अर्जी की गयी. ऊपर नीचे रोड पर सुकदेव पातर चौक का नामकरण किया गया. कलेक्टोरेट के सामने डॉ अंबेडरकर की विशाल प्रतिमा पर भी समाज प्रमुखों ने विधिवत पूजा अर्चना की. मेलाभाटा में सभा के लिए पंडाल लगाया गया था. लेकिन लगातार बारिश के चलते सभा स्थगित कर भीरावाही में ही संपन्न कराया गया समाज प्रमुखों ने संबोधित किया।

## किरन्दुल में फ्रीडम रन का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बुधवार को नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल परियोजना इकाई में फ्रीडम रन मैराथन का आयोजन किया गया।भारी बारिश के बाबजूद आजादी के इस महोत्सव में बस्तर के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।पांच किलोमीटर श्रेणी में आयोजित फ्रीडम रन मैराथन का बैला क्लब से शुभारंभ हुआ। जिसके बाद राघव मंदिर, बैंक चौक, फुटबाल ग्राउंड, सीआईएसएफ बैरक होते हुए वापस बैला क्लब में इसका समापन हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, विद्यार्थी, एनएमडीसी के अधिकारी-कर्मचारी, सीआईएसएफ के जवान और अन्य लोगों ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार ने कहा कि भारत सरकार के आव्हान पर एनएमडीसी द्वारा हर्षोल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत आज किरंदुल में फ्रीडम रन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि फ्रीडम रन के माध्यम से एनएमडीसी देशवासियों से हर घर में तिरंगा फहराने का आव्हान कर रहा है। इस दौरान उपमहाप्रबंधक बी के माधव,एचओडी सिविल लखबीर सिंह,इंटक सचिव ए के सिंह, चिन्नास्वामी, एसकेएमएस सचिव राजेश संधू, अध्यक्ष के साजी, अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## केशकाल में धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस, पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए युवा

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com



समूचे छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी क्रम में केशकाल नगर के रावणभाठा मैदान में भी सर्व आदिवासी समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। हालांकि सुबह से हो रही बारिश के कारण कार्यक्रम में थोड़ा विलंब जरूर हुआ लेकिन समाज के युवाओं के उत्साह के सामने बारिश भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई। जहां समाज के बुजुर्गों ने सर्वप्रथम सामाजिक रीति रिवाजों के अनुसार पेन पुरखा की सेवा अर्जी कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इसके पश्चात पारम्परिक वेशभूषा धारण किए हुए समाज के हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, सियान व युवा वर्ग ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ डिपो चौक से नगर के मुख्यमार्गों से होते हुए विशाल रैली निकाल कर सामाजिक एकता व समरसता का परिचय दिया। इस दौरान समाज के युवक युवतियां डीजे की धुन में जमकर थिरकते हुए भी नजर आए। वहीं रैली के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग में यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु केशकाल पुलिस की टीम भी तैनात रही।

## 'हरा सोना' अभियान के तहत आदिवासी समाज के युवाओं ने लगाए एक हजार पौधे

पायनियर संवाददाता < फरसगांव/केशकाल
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई फरसगांव के युवाओं ने एक नई मुहिम की शुरुआत की है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने हरा सोना अभियान का शुभारंभ किया है। इसी तारतम्य में मंगलवार को ग्राम पंचायत बोरगांव में ग्राम गट्टीपलना, पांडे आठगांव, पूर्वी बोरगांव के युवक-युवतियों ने हरा सोना अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में अलग अलग प्रकार के पौधे लगाकर प्रकृति को स्वर्ग बनाने का संकल्प लिया है। बस्तर के जंगलों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान के मद्देनजर पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हुए आदिवासी समाज द्वारा शुरू की गई




इस मुहिम के तहत समाज के लोग सप्ताह में एक दिन का समय निकाल कर अलग अलग गांव में जाकर हजारों पौधे लगाएंगे। साथ ही गांव के किसी भी घर मे यदि बेटी का जन्म होता है तो उसके जन्मदिन पर भी पौधरोपण किए जाने का निर्णय लिया गया है। आदिवासी समाज के इस पहल की लोग मुक्तकंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। इस दौरान गोंडवाना समन्वय समिति के सदस्य मनीराम मंडावी, सोनसाय नेताम, संरक्षक मरकाम, सरपंचगण आसाराम मरकाम, महेश नेताम, घसियाराम नेताम, जयसिंह नेताम, सचिव तुलसी मरकाम व समाज के युवा मौजूद रहे।

## बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आए रामू नेताम

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

विगत चार दिनों से भारी बारिश की वजह से जिले के अधिकांश नदी नाले उफान पर हैं, और बाढ़ का पानी घरों में घुस रहा है ऐसी विकट स्थिति में जहां लोग बारिश और बाढ़ से परेशान हैं वहीं उनके समक्ष खाने पीने की चीजों का भी संकट खड़ा हो गया है। जिले की शंकनी और डंकनी नदियां पूरे उफान पर हैं, और इसके आसपास के गांवों का संपर्क लगभग कट गया है, ऐसी स्थिति में जब लोग अपनी सहायता के लिए प्रशासन की राह देख रहे थे तब जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने बाढ़ पीड़ितों की ओर मदद का हाथ बढ़ाया। मामला जिले के बालपेट ग्राम का है जहां लगभग 35 परिवार बाढ़ की वजह से खाने पीने की दिक्कतों का सामना कर रहे थे, ये खबर जब जिला पंचायत सदस्य रामू नेता को लगी तो



नेताम तत्काल अपने साथि दंतेवाड़ा मंडल अध्यक्ष श्रवण कड़ती, मंडल महामंत्री और जनपद उपाध्यक्ष जयदयाल नागेश सहित बालपेट के बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए सहायता लेकर पहुंचे । नेताम और उनके साथियों ने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्या जानी और उन्हें खाद्य सामग्री, राशन इत्यादि का वितरण कर, हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया । आज जिले के अधिकांश नेता विश्व आदिवासी दिवस के समारोह में व्यस्त थे और अपने उद्बबोधन में जनजातीय समाज के कल्याण के लिए विभिन्न सुझाव प्रेषित कर रहे थे और उसी समय श्री नेताम संकट में फंसे आदिवासी परिवारों की सहायता कर उन सुझावों को वास्तविकता का जामा पहना कर मानवता का परिचय दे रहे थे।

## एनएमडीसी के मैराथन में तिरंगा लेकर दौड़ा दंतेवाड़ा, जोश के साथ संपन्न हुआ फ्रीडम रन

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार की नवरत्न खनन कंपनी एनएमडीसी द्वारा दंतेवाड़ा जिले के बचेली और किरंदुल में बुधवार को फ्रीडम रन मैराथन का आयोजन किया गया। बस्तर संभाग में हो रही भारी बारिश के बावजूद इस आयोजन में पूरे जोशो-खरोश के साथ बचेली और किरंदुल के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और हाथ में तिरंगा लेकर मैराथन दौड़ पूरा किया। मैराथन में हिस्सा लेनेवाले सभी प्रतिभागियों को एनएमडीसी की तरफ से मेडल प्रदान किए गए। एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुमित देब के मार्गदर्शन और निर्देशन में एनएमडीसी के बचेली कांप्लेक्स द्वारा बचेली के डीएवी पब्लिक स्कूल कैंपस से समारोह पूर्वक मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एनएमडीसी बचेली परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पी.के.मजुमदार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। बचेली में पांच किलोमीटर और दस किलोमीटर के दो श्रेणियों में फ्रीडम दौड़ का आयोजन किया गया जो शहर के निर्धारित रास्ते से होते हुए वापस डीएवी पब्लिक स्कूल में आकर संपन्न हुआ। फ्रीडम रन मैराथन में बचेली और किरंदुल के स्थानीय लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी, एनएमडीसी के अधिकारी-कर्मचारी, सीआईएसएफ के जवान और अन्य लोगों से हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए एनएमडीसी बचेली प्रोजेक्ट के प्रमुख पी.के.मजूमदार ने मैराथन में हिस्सा लेनेवाले सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव



के तहत आयोजित फ्रीडम रन के माध्यम से एनएमडीसी सभी देशवासियों को तेरह से पन्द्रह अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लहरा कर हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आव्हान कर रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में बचेली कांप्लेक्स के कार्मिक विभाग के प्रमुख विवेक आचार्या, सीएसआर और सीसी विभाग के प्रमुख एस. उपाध्याय और बचेली नगरपालिका की अध्यक्ष पूजा साव समेत एनएमडीसी के अधिकारी-कर्मचारी और एसकेएमएस के राजेश मंडल, अब्दुल अजीज अंसारी, आनंद पांडे और इंटक बचेली के अध्यक्ष देवाशीष पॉल, संगठन सचिव एल.रमेश और आर. गोपीनाथ उपस्थित थे। एनएमडीसी के किरंदुल परियोजना द्वारा किरंदुल में पांच किलोमीटर श्रेणी के फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। किरंदुल में किरंदुल परियोजना के प्रोजेक्ट हेड मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के सहायक महाप्रबंधक बी.के.माधव, संयुक्त खदान मंजदूर संघ के सचिव राजेश संधु, अध्यक्ष के शाजी, एमएमडब्ल्यूयु के ए.के.सिंह सहित एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। गौरतलब हो कि एनएमडीसी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एनएमडीसी मुख्यालय समेत सभी परियोजना क्षेत्रों में पूरे हर्षोल्लास के साथ विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए एनएमडीसी द्वारा फ्रीडम रन का आयोजन किया गया है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# आदि विद्रोह में स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी जननायकों की भूमिका का किया गया है वर्णन

## विश्व आदिवासी दिवस : मुख्यमंत्री ने आदि विद्रोह सहित 44 महत्वपूर्ण पुस्तकों का किया विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निवास कार्यालय में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में आदिम जाति अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित 'आदि विद्रोह' एवं 44 अन्य पुस्तिकाओं का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वन अधिकार के प्रति ग्राम सभा जागरुकता अभियान के कैलेण्डर, अभियान गीत तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (चारगांव जिला कांकेर) के वीडियो संदेश का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव तथा शिशुपाल सिंह सोरी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के के सचिव डी.डी. सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल होते हुए जिलें के कुल 86 आदिवासी हितग्राही लाभांवित हुए है। जिसमे विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के 21 हितग्राहियों को शासकीय नियुक्तियां, 55 को व्यक्तिगत वन अधिकारी पत्र एवं 10 हितग्राही को जिला वित्त अंत्यावसायी निगम की ओर से 2 लाख 57 हजार 500 रुपए का प्रदान किया गया। सँयुक्त जिला कार्यालय में इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा,अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,सहायक आयुक्त प्रकाश लहरें, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी एल आर कच्छप, सहायक संचालक अंत्यावसायी निगम मनहरण कोशले उपस्थित थे। हितग्राहियों को नोकरी मिलने पर सभी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है। विशेष पिछड़ी जनजाति के हेमलाल कवर (तृतीय श्रेणी) कंशराम कमार, संतोष कुमार, बालक दास, शिवप्रसाद,टीम्मन एवं रामदास को (भृत्य) के पद पर नियुक्ति दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बलौदाबाजार द्वारा गंगाधर कमार (तृतीय श्रेणी) अर्जुन कमार, सहोद्रा को (भृत्य) के पद पर नियुक्ति दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा हेमकुमारी कमार (तृतीय श्रेणी), राकेश कुमार कमार, कन्हैया, प्रमीला, लता बाई, कु. सुखमनी देवकुमार, प्रभु एवं राहुल (भृत्य) के पद पर नियुक्ति दिया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा दसरू एवं कौशल को (भृत्य) के पद पर नियुक्ति दिया गया। इस प्रकार कुल 21 युवक युवतियों को नियुक्ति आदेश दिया गया एवं वन अधिकार मान्यता पत्रक हेतु 55 हितग्राहियों की सूची प्रदाय किया गया था। जिसमें 03 हितग्राही इन्दल साधुराम, जेठबाई रेशमलाल एवं नर्मदा इन्द्रजीत को पत्रक प्रदाय किया गया। इसके साथ ही कार्यपालन अधिकारी,जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा च्वाईस सेंटर हेतु गोपाल ध्रुव 47 हजार 500, कुमारी ध्रुव (सब्जी व्यवसाय ) मोतिम ध्रुव (फैंसी स्टोर्स) पार्वती ध्रुव(किराना दुकान ) को 30 -30 हजार रूपए, ईश्वरी ध्रुव (सब्जी व्यवसाय) महेशिया ध्रुव (किराना दुकान प्रभा ध्रुव (फैंसी स्टोर्स ), मालती ध्रुव (सिलाई कार्य) मंजु ध्रुव (फैंसी स्टोर्स ) सीमा ध्रुव (सिलाई कार्य हेतु 20- 20 रुपए का ऋण वितरण किया गया।

## डॉ. चरणदास महंत ने मिनीमाता की पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उल्लेखनीय कार्यों को किया याद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मिनीमाता जिन्हें गुरु माता के नाम से जाना जाता है उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए हृदय के अंतर्मन से श्रद्धांजलि अर्पित की है। विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मिनीमाता छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद थी, बाल विवाह, दहेज प्रथा दूर करने के लिए आवाज उठाई तो गरीबी, अशिक्षा दूर करने के लिए भी काम करती रहीं। अनाथ व पीड़ितों की सेवा करना जीवन का प्रमुख लक्ष्य रहा। उन्होंने समाज का पिछड़ापन दूर करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। छुआछूत मिटाने के लिए दिन रात एक किया जिससे मिनी माता को लोग मसीहा के रुप में देखा करते थे। डॉ. महंत ने उनसे जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए कहा की, उन्हें छत्तीसगढ़ की राजमाता कहा जाता है जबकि, वह किसी राजघराने से नहीं आती थीं पर छत्तीसगढ़ की जनता उन्हें राजमाता जैसा सम्मान दिया। छत्तीसगढ़ सरकार उनके सम्मान में हर वर्ष महिलाओं के विकास के क्षेत्र में काम करने वालों को मिनीमाता सम्मान प्रदत्त करती है। मिनीमाता हमेशा गरीबों और दलितों की मदद के लिए तैयार रहती थीं। संसद से लेकर सड़क तक उन्होने इसके लिए आवाज उठाई। वे छत्तीसगढ़ मजदूर कल्याण संगठन, भिलाई की संस्थापक थीं। जब वे सांसद के रुप में दिल्ली में रहती थीं तो उनका वास स्थान एक धर्मशाला जैसा था। मिनीमाता को हिंदी, छत्तीसगढ़ी और अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान था।

### चरणदास महंत ने रक्षाबंधन पवित्र त्यौहार की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

डॉ महंत ने कहा कि भाई - बहन के पावन रिश्तों के पर्व को रक्षा बंधन का त्यौहार माना जाता है, इस दिन बहन अपने भाई की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना के लिए उन्हें रक्षा सूत्र राखी बांधती है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने इस पावन पर्व पर सभी से प्रकृति, पर्यावरण, जल, जंगल, जमीन, जलवायु, खेत खलिहान की रक्षा का संकल्प लेने अपील की है।

## खरोरा समीप मोहरेंगा मे शासकीय हाईस्कूल नाम



पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री के 2अगस्त को खरोरा आगमन के दौरान सभा मे विधायक अनिता शर्मा के मांग पर मुहरेंगा शासकीय हाईस्कूल का नाम वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व मंडलदास गिलहरे के नाम पर करने की थी। विधायक के मांग पर मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा। घोषणा के बाद से ही गांव सरपंच व ग्रामीणो ने हाईस्कूल के नाम मंडलदास गिलहरे करने के विरोध मे कलेक्टर सहित आला अधिकारियों ज्ञापन दिया था। बात नही सुने जाने की बात पर ग्रामीण बडी संख्या मे किया तिल्दा खरोरा मार्ग को किया हुआ है।

## कलाकारों, छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठजनों का सम्मान करना पुण्य का कार्य है : बढ़ई

- रफी नाइट का यादगार कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्षानुसार देश के महान गायक मोहम्मद रफी साहब के पावन पुण्य तिथि पर रफी नाईट का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें आकाशवाणी, दुरदर्शन एवं स्थानीय गायक कलाकारो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी मंच पर रफी नाईट फाउंडेशन के आयोजक के.के. वर्मा एवं समिति के सदस्यों ने अंचल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं बुजुर्गो का शाल एवं श्रीफल तथा अतिथियों एवं कलाकारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। वहीं अंचल में समाज सेवा के रूप में सराहनीय कार्य करने वाले महिला समूह के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बढई ने आयोजन की प्रसंशा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जहां क्षेत्र के कलाकारों को अपने प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। वहीं भुले बिसरे गीतों को सुनने का भी अवसर मिलता है। इसी प्रकार प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मान करने से जहां उनको प्रोत्साहन मिलता है। वहीं वरिष्ठ लोगो का सम्मान करना अपने आप में विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं पुण्य का कार्य है। इन्होने सफल आयोजन के लिए आयोजको को बधाई दी। कार्यक्रम के आयोजक के.के. वर्मा ने लगातार 12 वर्षो से हो रही कार्यक्रमों के रूप रेखा की जानकारी दी। जबकि पूरे कार्यक्रमों का मंच संचालन कार्यक्रम के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल ने किया। नगर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में आयोजन समिति के नरेन्द्र शर्मा, मोहन दास मानिकपुरी, मिथलेश वर्मा, सालिक यादव, श्याम शुक्ला, ओमप्रकाश वर्मा, अखिलेश पदमवार, मुरारी साहू, सरिता वर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं पूरे कार्यक्रम में सुर ओ चंदम संगीत अकादमी के डायरेक्टर अजय साहू एवं उनके टीम ने सभी गानों पर संगीत की बेहतरीन प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर राजगीत अरपा पैरी के साथ किया गया। पश्चात गायक कलाकारों में अजय साहू, आशुतोष, अमित यादव, दीपक केसरवानी (भाटापारा), प्रांजल, आलम, कलीमखान, मोहनदास मानिकपुरी, सीआर साहू, शैलेन्द्र यादव, राजेश यदु, सुरेश साहू, राहूल, दीलिप महेश्वरी, ओमप्रकाश निर्मलकर, रितेश तिवारी, धनेश वैष्णव, रोशनी वैष्णव, धर्मेन्द्र कुमार, नरेश धुरंधर, पप्पु कनौजे, सूर्या मिरी, तुलसी वर्मा, अजय श्रीवास, एल एस सोनी, मोहम्मद आरिफ, रूपेश सेन्द्रे, जितेन्द्र साहू, तुलेश्वरी धुरंधर, अजय खरे, डा. के एस बाजपेयी, धीरज बाजपेयी आदि ने मोहम्मद रफी के अनेक गीतों को प्रस्तुत किया। वहीं गीत के माध्यम से मो. रफी को श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा आयोजक के.के. वर्मा के द्वारा की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से न्यू विस्टा लिमिटेड के अजय खरे, राजू राम चंद्रन, श्याम शुक्ला, राकेश वैष्णव, महेन्द्र वर्मा, गिरेन्द्र वर्मा सरपंच ठेलकी, नगर के वरिष्ठ सोहन लाल यादव, आरएन वर्मा, के आर वर्मा, ए. आर. वर्मा, एस एन पाध्ये, धनऊ फेकर, बुद्धालाल निर्मलकर, हेमलाल साहू, राधे वर्मा, पार्षद गोल्डी मरैया, गब्बर सोनी, भावेश वर्मा, रामखिलावन वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, उमेश जैन (अर्जुनी), पुहुप राम यदु (भाटापारा), प्रमोद शुक्ला, पुनित राम वर्मा आदि उपस्थित थें।

## पुलिस सहित तहसीलदार, एसडीएम घरना स्थल पहुंचे आंदोलनकारियों को समझाने का किया प्रयास

पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

खरोरा तहसील के ग्राम मोहरेंगा में शासकीय स्कूल के छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों सहित तिल्दा-आरंग मुख्य मार्ग पर बैठकर चक्का जाम कर दिया है उनकी मांग है कि बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खरोरा के मंच से मोहरेंगा स्कूल का नामकरण स्वर्गीय मंडलदास गिलहरे के नाम पर किया गया है जो कि अनुचित है ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के स्कूल में उक्त कांग्रेसी नेता का कोई योगदान नहीं है और ना ही शिक्षा के क्षेत्र में या सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा कोई महती योगदान किया गया है ग्रामीणों का कहना है की विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा की मांग पर मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की है वे उसे वापस ले अन्यथा स्कूली छात्र छात्राओं के साथ ग्रामीणों का प्रदर्शन लंबे समय तक जारी रखेगा स्थानीय प्रशासन पुलिस प्रशासन मौके पर उपस्थित है और लगातार ग्रामीणों को समझाने की कोशिश कर रहें हैं लेकिन ग्रामीण विधायक अनीता योगेश शर्मा के आने का इंतजार कर मांग कर रहे की तत्काल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी घोषणा को वापस ले आदोलन कारी समाचार लिखे जाने करीब 11 घंटों से अपनी मांगों को मनवाने चक्काजाम करके बैठे हुए है जिसके चलते 5 से 7 किलो मीटर तक दोनों तरफ गाड़ी की लम्बी कतारे लगी हुई है हुई है अंदोलनकारियों को पिछले 7 घंटों से पुलिस एसडीओपी उदयन बैहार एसडीएम अजय टंडन तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू सहित पुलिस की भारी बल आदोलन स्थल पर जमी हुई है वही आदोलन कार्यो मे महिलाओं के अलावा भारी संख्या मे स्कूली छात्रा व ग्रामीण जन उपस्थित है। सरपंच सरजू साहू ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अनीता शर्मा द्वारा बैगर पंचायत प्रस्ताव के ग्राम मुहरेंगा के शासकीय हाईस्कूल का नाम मंडलदास गिलहरे के नाम से खरोरा के जन सभा मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से करा दिया जबकि ग्राम मुहरेंगा के विकास सहित उनका कोई लेना देना नहीं। घरना में बैठे स्कूली बच्चो ने भी इस आदोलन मे बडचड कर हिस्सा लिया बरसते पानी में भी बच्चे अपनी मांग मनवाने चक्काजाम मे जमे रहे इस बीच महिलाओं और बच्चो अधिकारी शासन प्रशासन बेबस व लाचार नज़र आये जिसके चलते तिल्दा खरोरा से होकर रायपुर बिलासपुर कवर्धा भाटापारा आरंग तक सफर करने वाले 10 से 11 घंटों तक परेशान है ।





**सरायपाली।** इस बार श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शोभायात्रा में हिंदू धर्म ध्वजा पताका के अलावा हाथों में राष्ट्रीय भावना का संचार करने वाला राष्ट्रध्वज तिरंगा बड़े ही शान से लहराया शिव भक्ति के साथ-साथ देश भक्ति, घर-घर तिरंगा लहराना है आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है यह राष्ट्रीय संदेश देते दो नन्हे कांवरिया अनय अग्रवाल और श्रेष्ठ अग्रवाल देखें गये।

## आजादी के हीरक महोत्सव सरायपाली विधानसभा में 75 किलो मीटर आजादी का गौरव पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



आजादी की 75 वी वर्ष गाँठ के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सभी विधान सभा में 75 किमी की भारत जोड़ों पद यात्रा किया गया आजादी मे शहीदों का योगदान को याद किया गया गांव गावं पदयात्रा किया गया भंवरपुर उमरिया कनकेबा सरायपाली, छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां योजना को ग्रामीण जनता को बताया गया पद यात्रा के दौरान राह मे आने वाले मंदिर मस्जिद गुरु द्वारा चर्च के दर्शन कर प्रणाम किया गया पदयात्रा में विषेष रूप में विधायक किस्मत लाल नंद, आर एन आदित्य अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, पुष्पेंद्र पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, जितेन्द्र सिदार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भंवरपुर, सेवा शंकर पाणिग्रही उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, विवेक अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि, दीपक साहू सरपंच सेमलिया, सुरेश पटेल, पूरन पटेल, प्रेम पटेल, नोवीना जगत, प्रेमानंद पटेल, भुवनेश्वरी संजय प्रधान, घसिया शिदार, लेकानत पटेल, तिरीथ कुमारी, साबिर चौहान उपस्थित रहे।

## विधानसभा में विधायक की कम उपस्थिति बीजेपी ने घेरा



**गरियाबंद।** विधानसभा सत्र के दौरान कम उपस्थिति देने को लेकर इन दिनों राजिम विधानसभा विधायक अमितेश शुक्ल सुर्खियों मे बने हुए हैं क्योंकि आज भी इस विधानसभा अन्तर्गत शिक्षा स्वास्थ्य की कमी के साथ साथ सिंचाई परियोजना नहर कार्य भ्रष्टाचार की बलि चढ़ रहा है वावजूद इसके यह सब विधायक शुक्ल को नजर नही आने का आरोप लगाते बीजेपी हमलावर हो गई है और इसके मद्देनजर बीजेपी नेता एवम पूर्व महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने अमितेश शुक्ल पर सवालो का बौछार लगा दिया है मुरलीधार सिन्हा ने बताया की जिस तरह गोबरा नवापारा में कन्या महाविद्यालय निर्माण हुआ उसी तरह जिला मुख्यालय पर भी खोले जाने की मांग वर्षों से हो रही है इसके अलावा 1952 मे उप तहसील का दर्जा मिले फिंगेश्वर को पूर्ण रूप से तहसील का दर्जा नही मिल पाया ऐसे ही पांडुक भी तहसील से अछूता है इसके अलावा जिला मुख्यालय पर 100 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति देते राशि तक जारी हुआ रहा लेकिन जमीन की अधिपति नहीं होने के कारण बजट लैब्स हो गया और भ्रष्टाचार की बलि चढ़ रहा पेरी नहर कार्य जैसे अनेक मुद्दा राजिम विधानसभा में भरा पड़ा है लेकिन जनता के विकास से कोसों दूर रहें विधायक को यह सब मुद्दा नज़र नही आया तभी विधानसभा सत्र पर कम उपस्थिति दर्ज़ कराए जबकि विधानसभा के लाखों लोग शिक्षा स्वास्थ्य पूर्ण तहसील की उम्मीद बनाए है लेकिन अपसोस की बात है कि आज भी ग्रामीणों को ऐसे समस्या से जूझना पड़ रहा इससे दुर्भाग्य की बात और किया हो सकती है मुरलीधर सिन्हा ने आगे यह भी कहा की राजिम की जनता ने एक बार धौका खा लिया है मगर अगली बार कांग्रेस को जरूर सबक सिखाएगी क्योंकि लोगो की समस्या दूर होने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।

## एक किसान एक पेड़ एक नौजवान एक पेड़ अभियान प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

राजू शर्मा किसान नेता जिला पंचायत सभापति के नेतृत्व में ग्राम में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें पर्यावरण को बचाने के लिए किसान और नौजवान ने संकल्प लिया है कि एक किसान एक पेड़ एक नौजवान एक पेड़ अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें छतौद राष्ट्रीय विद्यालय एवं गांव के किसान नौजवान एव छात्र छात्राओं एक साथ मिलकर क्षेत्र के सरपंच जनपद सदस्य पंच गण सभी वृक्षारोपण अभियान में भाग लिये इसी तरह वृक्षारोपण क महा अभियान प्रारंभ किया गया है जिससे हर ग्राम में किसान एक पेड़ एक नौजवान इस अभियान प्रारंभ किया गया इस अवसर पर परियावर्ण को बचने का संकल्प लिया इस कार्यक्रम में राजू शर्मा जिला पंचायत सभापति, गेंद राम साहू लखन लाल साहू केदार वर्मा सेवादास वैष्णो मनाधर साहू बिशरूराम वर्मा बालाराम साहू बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक गण उपस्थित रहे आज वृक्षारोपण में राजू शर्मा जिला पंचायत सभापति ने कहा कि वृक्षारोपण का शाब्दिक अर्थ यह है कि वृक्ष को लगाकर उसकी देखभाल करना। अवसर पर उन्होंने सभी के लिए नारा दिया पर्यावरण स्वतः स्वच्छ होगा, जब घर घर के सामने वृक्ष होगा प्यासी धरती करे पुकार पेड़ लगाकर करो उद्धार ।

## युवा कांग्रेस ने भव्य तरीके से मनाया संगठन का 62वां स्थापना दिवस



**दल्लीराजहरा।** देश के सबसे बड़े व सक्रिय युवा संगठन भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के सेवा , त्याग और समर्पण के 62 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी श्रीनिवास व महासचिव पूर्णचंद पाढ़ी के नेतृत्व में देश भर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है । जिसके तहत बालोद जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकडे की अगुवाई में तथा डौंडी-लोहारा के पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया , दल्ली राजहरा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शिबू नायर, दल्ली राजहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर , सेवादल प्रदेश अतिरिक्त संगठक संतोष पांडेय, मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह , महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि जायसवाल की उपस्थिति में दल्ली राजहरा कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कर मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकडे ने सभी युवाओं व वरिष्ठजनों को त्याग , न्याय , शांति , धर्म , समृद्धि तथा जनसेवा व देश को सर्वोपरि रखते हुए विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलवाया , जिसके तत्पश्चात पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया ने केंद्र की भाजपा की सरकार द्वारा फैलाई जा रही अराजकता के खिलाफ राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के नेतृत्व में जिस तरह युवा कांग्रेस के द्वारा युद्ध स्तर पर आंदोलन किया जा रहा है उसकी भरपूर प्रशंसा की ।

## पूर्व सांसद मधुसूदन सहपरिवार सर झुकाने पंहुचे भोरमदेव शिव मंदिर

**कवर्धा।** पूर्व सांसद राजनादगांव सोमवार को सहपरिवार भोरमदेम मंदिर दर्शन करने सहपरिवार पंहुचे दर्शन कर किये जलाभिषेक प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी पूर्व महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सपरिवार सावन के अंतिम सोमवार के जिले प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध मंदिर छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर पूजा करने पंहुचे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं उनके पत्नी करुणा यादव भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक एवं रुद्रा महाअभिषेक कर शिवपूजन कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के साथ पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय रामविलास चन्दवंशी जयराम साहू शिव अग्रवाल दिनेश चन्दवंशी उपस्थित रहे।



## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सीनियर स्काउट गाइड ने किया पौधारोपण

**कवर्धा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सीनियर स्काउट गाइड टीम भोरमदेव रोवर ओपन एवं मां सिंहवाहिनी रेंजर ओपन टीम कवर्धा के रोवर्स रेंजर्स द्वारा कवर्धा के शिक्षक कॉलोनी नवीन गार्डन परिसर में फलदार, छायादार व शोभयमान पौधे जैसे कि आम, सीताफल, जामुन, नीम, नींबू, अमरुद, आँवाला, गुलमोहर रोपे गये ! पौधरोपण कार्यक्रम में पंकज सिंह ठाकुर, सुरेश श्रीवास्तव, डीओसी अजय चंद्रवंशी, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, प्रिय प्रकाश साहू,पुष्पराज सिंह ठाकुर, समीर खान, चेतन यादव, जितेंद्र साहू, सोनाली चंद्रवंशी, दामिनी चौबे व भूमिका जांगड़े सभी के द्वारा पौधा रोपण किया गया।



## कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर कवर्धा में करेंगे ध्वजारोहण

**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को कवर्धा में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। कबीरधाम जिले के जिला मुख्यालय कवर्धा के पीजी कॉलेज में ध्वजारोहण का मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री अकबर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 अगस्त को सुबह 9:00 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।



## जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन ट्रायल प्रतियोगिता 13 एवं 14 अगस्त को

**दल्लीराजहरा।** बालोद जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन ट्रायल प्रतियोगिता 13 एवं 14 अगस्त को दल्लीराजहरा में आयोजित की जा रही है। बालोद जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सुरेश वर्मा एवं सहसचिव संजय रावत ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए बालोद जिले की टीम का चयन दिनांक 13अगस्त एवं 14 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे से शहीद सुदामा खेल मैदान कैंप 1 में अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18 एवं अंडर 20 उम्र समूह में बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सभी उम्र समूह हेतु निर्धारित दौड़ प्रतियोगिता, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, त्रिकूद , वाकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी बिलासपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बालोद जिले के समस्त विकासखंड के खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपने साथ आधार कार्ड, उम्र के लिए मार्कशीट की छाया प्रति एवं दो फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आएं। बालोद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट से अपना आईडी बना सकते हैं। नए नियमों के अनुसार आई डी युक्त खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# डॉ. गौरव के कड़े तेवर, गौठानों में समुचित मात्रा में गोबर की खरीदी नहीं होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि गोधन न्याय योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इसलिए इस योजना में किसी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने किसी भी स्थिति में जिले के प्रत्येक गौठानों में अनिवार्य रूप से गोबर की खरीदी शुरू कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने गोधन न्याय योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी योगेन्द्र श्रीवास सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**गौठानों में चारागाह का निर्माण अनिवार्य रूप से हो**

बैठक में सिंह ने जनपद पंचायत, नगरीय निकाय एवं गौठानवार गोबर खरीदी के कार्य के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियो से गोबर खरीदी के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक के कुल गोबर खरीदी के संबंध में जानकारी ली। डॉ. सिंह ने गौठानों में समुचित मात्रा में गोबर की खरीदी नहीं होने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। कलेक्टर ने गौठानों को मल्टी एक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित कर विभिन्न प्रकार की गतिविधियॉ शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अंतर्गत उन्होंने गौठानों में आजीविकामूलक कार्यों के अलावा साग-सब्जी, फूल एवं मशरूम आदि के उत्पादन के अलावा मछलीपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन, सुकरपालन आदि के कार्य को सुचारू रूप से कराने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने सभी गौठानों में चारागाह का निर्माण भी अनिवार्य रूप से कराने को कहा है। पशुपालन विभाग के उप संचालक को सभी गौठानों में समुचित मात्रा में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

**अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यों के संबंध में ली जानकारी**

बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायत विकास निधि के कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने स्कूल शिक्षा मद के अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष, अहाता एवं शेड निर्माण आदि के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए।

## संदीपनी एकेडमी अछोटी मुरमुंदा में किया गया हर्बल राखी मेंकिंग प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता धमधा
www.dailypioneer.com

मुरमुंदासंदीपनी एकेडमी अछोटी मुरमुंदा (दुर्ग) के तत्वाधान में शिक्षा विभाग के द्वारा दिनांक 11/08/2022 को 'रक्षा बंधन' के उपलक्ष्य पर 'हर्बल राखी मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन आज दिनांक 10/08/2022 को रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने हर्बल (प्राकृतिक) समान से राखी बनाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रक्षाबंधन के महत्व को बताना है कि रक्षाबंधन पर्व भाई बहन के रिश्तों का अटूट डोर का प्रतीक है. भाई बहन के स्नेह के साथ साथ सामाजिक संबंध को मज़बूत करता है, इसलिए यह पर्व भाई बहन को आपस में जोड़ने के साथ साथ सांस्कृतिक सामाजिक महत्व भी रखता है। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में विद्या चंद्राकर तथा सिंधु बंजारे (सहायक प्राध्यापिका) रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जयकुमारी भोई (बी.ए.बी.एड. चतुर्थ वर्ष) तथा दूसरे स्थान पर तीजन सिन्हा (बी.एड. तृतीय सेमेस्टर) रहें। कार्यक्रम का कुशल संचालन कविता पटेल (सहायक प्राध्यापिका) के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे,विभागाध्यक्ष-डॉ. संध्या पुजारी , मुख्य सलाहकार डॉ.-आभा दुबे एवं संस्था के समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

## भाई-बहन के त्योहार में बाजारों में बढ़ने लगी भीड़, रक्षाबंधन पर मिठाईयों से सजी दुकान





पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

श्रवण मास की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को रक्षाबंधन मनाया जाता है। रक्षाबंधन के नजदीक आते ही भाइयों और बहनों की भीड़ बाजारों में बढ़ने लगी है। बाजार राखी के दुकान से सज चुकी है। इस त्यौहार में बहनों की उत्सुकता बहुत ज्यादा रहती है।

**भाई बहनों के अटूट स्नेह का रिश्ता**

भानुप्रतापपुर कॉलेज की प्राचार्य रश्मि सिंह कहती है कि आज देश में स्वाधीनता का अमृत महोत्सव जोर शोर से मनाया जा रहा है। ऐसे में यह जरुरी हो जाता है कि बहन भाइयों को राखी बांधते समय बहने उनकी कलाई पर एक धागा राष्ट्र धर्म निभाने और राष्ट्रप्रेम के लिए भी अवश्य बांधे और अपने भाइयों से भी वचन ले कि जिस तरह आपने मुझे राखी बांधते समय वजन देते हैं कि हर समय हर वक्त मदद में साथ रहेंगे। उसी प्रकार आप भी मुझे वचन दे की ठीक उसी तरह से राष्ट्र धर्म निभाने के लिए भी आप उत्साहित रहेंगे।

**रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक**

नगर में रखी के एक दिन पहले दिखी रौनक, रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों से बाजार सजी रही, कोरोना काल के दो साल बाद इस बार लोगों में रक्षा बंधन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। बाजार में आकर्षक राखियों की मांग सबसे अधिक है। खासकर दिल्ली और कोलकाता की बनी राखियों की मांग है। महंगाई के बावजूद बाजार में स्टोन, जरकन और मेटल की राखी, कलावा के साथ रुद्राक्ष के अलावा कई तरह की फैंसी राखी मांग अधिक है। नगर के चारो सड़कों में राखियों की दुकानें सजी हुई हैं। बाजार में स्टोन की राखियों की खूब हो रही बिक्री बाजार में ऐसे कई तरह के राखियां है। लेकिन स्टोन वाले राखियों को बिक्री अधिक हो रही है।

**रक्षाबंधन पर मिठाईयों से सजा दुकान**

भाई बहन के स्नेह बंधन के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन पर मिठाईयों का बाजार सज गया है। नगर के मिठाई दुकानें विविध प्रकार की मिठाईयों से भरी हैं। बुधवार को पूरे दिन इन दुकानों पर मिठाई खरीदने वालें की भीड़ लगी रही। रक्षाबंधन के पर्व पर मिठाई दुकानदारों ने खास मिठाईयां तैयार की हैं। ग्राहकों की मांग पर विशेष तौर पर इनकी पैकिंग भी की जा रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने अलग-अलग तरह की मिठाईयां तैयार किया है।

## बाबा बैजनाथ धाम से डाक बम यात्रा कर लौटने वाले शक्ति के डाक बम कांवरियों का किया गया स्वागत



पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

पूरे भारत देश में ऐसे अनूठे शिवभक्त कावड़िए हैं जो कि पूरे सावन भर प्रत्येक सोमवार को सुल्तानगंज से जल उठाकर पैदल बाबा बैजनाथ धाम में एक निर्धारित अवधि में डाक बम के माध्यम से जलाभिषेक करते हैं, इसी तारतम्य में शक्ति शहर के भी ऐसे शिवभक्त डाक बम हैं जिन्होंने विगत कई वर्षों से निरंतर इस दिशा में अपनी आस्था व्यक्त की है,तथा 9 अगस्त को ऐसे ही शक्ति शहर के शिवभक्त डाक बम कांवरिया जो कि बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक कर वापस ट्रेन से लौटे,तो शक्ति के रेलवे स्टेशन में डाक बम भगवान अग्रवाल, सावन अग्रवाल,रोहित गुप्ता का शहर के शिव भक्तों ने आत्मीय स्वागत किया तथा इस अवसर पर बाबा भोलेनाथ से सुख, समृद्धि तथा यश- वैभव की कामना भी की गई एवं इस दौरान शक्ति के तीनों डाक बम ने बताया कि इस वर्ष भी बाबा बैजनाथ धाम में शिव भक्तों में भारी उत्साह देखा गया तथा लोग अपने-अपने आस्था के साथ बाबा भोलेनाथ का दीदार कर रहे हैं,एवं पूरे देश भर के कोने-कोने से लोग वहां बाबा का जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं,साथ ही इस वर्ष विदेशों से भी लोगों ने वहां पहुंचकर भगवान भोलेनाथ बैजनाथ का जलाभिषेक किया है,9 अगस्त को डाक बम के शक्ति आगमन पर शक्ति रेलवे स्टेशन में चिराग अग्रवाल लल्ली, रतिराम रितु अग्रवाल, दीपक सेवक रिकी, निखिल अग्रवाल, सुधीर सिंघल, हरिश्चंद्र अग्रवाल कालू,इलू अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अमन अग्रवाल, सहित काफी संख्या में अन्य शिव भक्त मौजूद रहे।

## हस्तिनापुर में आयोजित हिंदी साहित्य अकादमी के कवि कुंभ में शक्ति की कवियित्री एवं साहित्यकार शुचिता साहू ने भी करी सहभागिता



**सक्ती।** हस्तिनापुर में हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित कवि कुंभ 2022 में जहां 200 से अधिक पंजीकृत रचनाकारों को काव्य प्रस्तुति का अवसर मिला,तो वहीं दो दिवसीय इस काव्य कुंभ में देश के कोने-कोने से नवोदित एवं स्थापित कवियों एवं साहित्यकारों ने हिस्सा लिया,जिसमें छत्तीसगढ़ के सक्ती नगर के गायत्री परिवार के सदस्य भगतराम साहू प्रधान पाठक एवम भगवती साहू की सुपुत्री नवोदित कवियत्री शुचिता साहू ने भगवत गीता पर आधारित काव्य रचना प्रस्तुत कर सम्मान प्राप्त किया'इस कार्यक्रम को आज तक चैनल के साहित्य तक पर लाइव प्रसारित किया गया। हिंदी साहित्य अकादमी के इस अनुष्ठान को करने में संस्थापिका अनामिका अंबर ,राष्ट्रीयअध्यक्ष सौरभ जैन सुमन, महासचिव उमंग गोयल ,कोषाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं पुरी टीम ने इतिहास रचा,जम्बू दीप के पीठाधीश रवींद्र कीर्ति, दिल्ली के पूर्व विधायक कपिल मिश्रा और सुदर्शन न्यूज के सीईओ सुरेश चव्हाण ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन एवं समापन किया। वहीं टीवी के स्टार एवं कवि शैलेश लोढ़ा और महान कवि एवं साहित्यकार हरिओम पवार ने अपने अनुभव साझा कर नये रचनाकारों का मार्गदर्शन किया।

## हीरक जयंती के अवसर पर विधानसभा स्तरीय 75 किलोमीटर पदयात्रा 9 से 14 अगस्त तक



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार क्षेत्रीय विधायक मंत्री अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर व नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा आजादी की 75 वीं वर्षगांठ हीरक जयंती के अवसर पर विधानसभा स्तरीय 75 किलोमीटर पदयात्रा 09 अगस्त से 14 अगस्त तक के कार्यक्रम के तहत दल्ली राजहरा के विभिन्न वार्डों व बूथों में आजादी की गौरव यात्रा तिरंगा पदयात्रा के रूप में निकाली जावेगी। इसी क्रम में 10 अगस्त को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से आजादी की गौरव यात्रा वार्ड नं 01, 07,06,23 व 08 में निकाली गई।

पदयात्रा में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, विवेक मसीह, संतोष पाण्डेय, रतिराम कोसमा, रूखसाना बेगम, रवि जायसवाल, विजय जोगदंड, प्रमोद तिवारी, जगदीश श्रीवास, सुरेश ठाकुर, रोशन पटेल, स्वप्निल तिवारी, बृजमोहन सिंह नेताम, विजय लक्ष्मी, सूरज विभार, चिन्नामल गुंडू, श्रीनिवास राव, जेबा कुरैशी, मैमूना परवीन बेगम, परितोष हंसपाल,भरत देवांगन, विलियम भौरा, चंदू सिन्हा, मुमताज कुरैशी, अनिल कोम्बे, रूबी एंथोनी, रामू शर्मा, रमेश भगत, बसंत साहू, अजय बघेल, जितेन्द्र मेश्राम, जसविंदर सिंह गिल, विकास मित्तल, आदित्य रामटेके, के आशीष दास, शुभम गुप्ता, हेमंत पटेल, चंदन ठाकुर, अनिरुद्ध धम्मा,मुकेश देवांगन, सोनू सेन, आनंद भास्कर, आयुष दुबे, दीपक कुमार, हर्ष दामले, मुकेश सहित बड़ी संख्या कांग्रेसजन रैली में शामिल हुए।

## भाजपाइयों के पास तिरंगा नही,बृजमोहन अग्रवाल ने पदाधिकारियों को जमकर फटकारा



पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा का आव्हान किया लेकिन बिलासपुर में भाजपा ने मोदी के आव्हान को ही लगता है गंभीरता से नहीं लिया तभी तो पूर्व मंत्री और कार्यक्रम के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल ने तिरंगा झंडा की कमी को लेकर तमाम पदाधिकारियों को जमकर फटकारा। भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए जमकर बिफरे उन्होंने लाइन से सभी मोर्चा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रभारियों की खबर ली। इस दौरान गैरजिम्मेदार आधे से ज्यादा लोग नदारद मिले।

जिस पर प्रदेश संयोजक बृज मोहन अग्रवाल ने मौजूद पदाधिकारियों से अभियान की जानकारी लेते हुए जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि झंडों की पूरे देश मे कमी चल रही है ऐसे में आपने पहले से कोई व्यवस्था क्यों नही की। आखिर बिलासपुर में चल क्या रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत सहित पदाधिकारियों को डांट लगाई। वार्ड और मंडल में झंडा बांटने और मौजूदा स्थिति को लेकर भी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि जिला भाजपा कार्यालय के मुख्य गेट में तिरंगा झंडा की दुकान लगाकर बेचा जा रहा था जिसका भाजपा नेताओ ने सोशल मीडिया पर खूब प्रचार किया लेकिन उनकी बारी आई तो झंडा ही नहीं थे ।

# भारत सरकार के रेल मंत्री से मुलाकात की जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की, इस दौरान चंद्रा ने जांजगीर-चांपा जिले की ओर से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का स्वागत-अभिनंदन करते हुए उन्हें जांजगीर-चांपा जिले में आने का निमंत्रण भी दिया, साथ ही जिला अध्यक्ष कृष्णकांत ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पूरे देश में तेजी से विकास के कार्य हो रहे हैं, तो वहीं रेलवे सेक्टर में भी नई यात्री ट्रेनों का शुभारंभ हुआ है, तो वही देश में नए अत्याधुनिक रेलवे स्टेशनों की स्थापना के साथ ही पुराने रेलवे स्टेशनों का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है, एवं यात्री ट्रेनों में भी रेल यात्रियों को पूर्व की भांति बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, वही जिलाध्यक्ष चंद्रा ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि जांजगीर-चांपा जिले के पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खोकसा रेलवे ओवरब्रिज विगत 9 सालों से निर्माणाधीन है, किंतु उपरोक्त ओवर ब्रिज पूर्ण नहीं हो पाने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, तथा घंटों तक खोकसा का रेलवे फाटक बंद रहता है, साथ ही जांजगीर-चांपा जिला छत्तीसगढ़ प्रदेश का 6 विधानसभा क्षेत्र वाला जिला है, एवं राजस्व की दृष्टि से भी जांजगीर-चांपा जिले से रेलवे को काफी राजस्व प्राप्ति होती है, एवं जांजगीर-चांपा जिले से अलग होकर नवीन शक्ति जिले का गठन भी हुआ है, तथा नवीन शक्ति जिले का मुख्यालय शक्ति शहर है जहां की वर्तमान में रेलवे स्टेशन में दिव्यांग एवं बुजुर्ग रेल यात्रियों को ट्रेन की यात्रा करने के लिए परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है, तथा शक्ति रेलवे स्टेशन में रेलवे प्रशासन द्वारा रैंप जरूर बनाया गया है,किंतु यह रैम्प इतना अधिक लंबा है कि दिव्यांग एवं बुजुर्ग रेलयात्री इस पर चढ़कर प्लेटफार्म तक पहुंचे यह काफी परेशानियों भरा है, वही शक्ति रेलवे स्टेशन में यात्री प्रतीक्षालय भी वर्तमान में यात्रियों के लिए उपलब्ध नही है,तथा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा स्टेशन के बाहर विगत 3 वर्षों से यात्री प्रतिक्षालय बनाया जा रहा है जो कि आज पर्यंत तक अपूर्ण पड़ा हुआ है, वहीं शक्ति रेलवे स्टेशन में आम रेल यात्रियों के लिए जहां काफी सुविधाओं की आवश्यकता है, तो वही शक्ति रेलवे स्टेशन में निजामुद्दीन- रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस सहित अन्य यात्री ट्रेनों के ठहराव की भी नितांत आवश्यकता है, जिसकी क्षेत्र के नागरिक वर्षों से मांग कर रहे हैं अतः शक्ति रेलवे स्टेशन की उपरोक्त समस्त समस्याओं को देखते हुए इसका निराकरण होवहीं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि चांपा रेलवे स्टेशन भी जंक्शन है, एवं चांपा रेलवे स्टेशन में भी रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही है, साथ ही नवीन शक्ति जिले के मालखरौदा एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी विगत वर्ष रेलवे प्रशासन द्वारा नई रेल लाइन तथा कारीडोर की दृष्टि से सर्वे कार्य भी किये जाने की चर्चाएं है, अतः इस कार्य को भी शीघ्र ही गति मिले जिससे कि क्षेत्र के नागरिकों को आने वाले समय में रेल यात्री सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने रेलवे प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा एवं सराहना भी की साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्तमान में विगत कुछ महीनों से रेलवे द्वारा निरंतर बड़े त्योहारों के अवसर पर यात्री ट्रेनों को रद्द किए जाने पर भी चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत बिलासपुर से रायगढ़ तक लोकल यात्री ट्रेनों की संख्या काफी कम है, एवं समय-समय पर प्रशासन द्वारा यात्री ट्रेनों को स्थगित कर दिए जाने से रेल यात्री काफी परेशान होते हैं, अतः उपरोक्त ट्रेनों को स्थगित करने की बजाय उसे व्यवस्थित ढंग से चलाया जाए, जिससे यात्रियों को लाभ मिल सके, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा द्वारा दिए गए सुझाव एवं चर्चा पर भी भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि वे इस संबंध में आवश्यक चर्चा कर पहल करेंगे, साथ ही भारतीय रेलवे एवं भारत सरकार का एकमात्र लक्ष्य यही है कि रेल सुविधाओं का समुचित लाभ पूरे देश भर के रेल यात्रियों को मिले तथा रेलवे सेक्टर में निरंतर नई अत्याधुनिक तकनीक वाली सेवाएं यात्रियों को उपलब्ध हो।



## विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में मंत्री अनिला भेड़िया शामिल हुई



**दल्लीराजहरा।** ब्लॉक मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत डौंडी के सभागार में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक एवं महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ बूढ़ादेव के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। मंत्री अनिला भेंडिया ने 28 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा वितरण किया। वहीं 11 हितग्राहियों को अंत्यावसायी विभाग के तहत 1 लाख 10 हजार रुपये का चेक भी वितरण किया। मंत्री अनिला ने बताया कि प्रदेश भर के आदिवासी क्षेत्र में वनवासी एवं आदिवासियों को एकल व सामुदायिक पट्टा वितरण, अच्छे अंकों में पास हुए बच्चों का सम्मान, समूहों का सम्मान किया गया। वही मंत्री ने विश्व आदिवासी दिवस की सभी प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई दी। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी, ब्लॉक के महामंत्री कैलाश राजपूत, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुनीत सेन, जनपद सदस्य, पुष्पा कोर्राम, हेमबती कुलदीप , यश राणा, टीकम नेताम, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, डीएफओ आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, युवा कांग्रेस से रविकांत देशमुख,शोएब रजा एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# श्रीकांत त्यागी प्रकरण अंततः न्याय

**आखिरकार** कानून के लंबे हाथ श्रीकांत त्यागी तक पहुंच गए, लेकिन इसमें ज्यादा समय लग गया। योगी आदित्यनाथ सरकार के आदेश पर फरार राजनेता श्रीकांत त्यागी के नोयडा आवास के बाहर बना अवैध निर्माण बुलडोजर से गिरा दिया गया। इससे व्यवस्था में विश्वास पैदा होगा। यह 'कभी नहीं से देर भली' वाला मामला है। बताया जाता है कि स्वयं को भारतीय जनता पार्टी का नेता बताने वाला त्यागी पोश हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों को धमकाता था, जबकि भाजपा ने उसके पार्टी सदस्य होने से भी इनकार किया है। हालांकि, त्यागी के दावे में दम थी क्योंकि सोशल मीडिया पोस्टों पर उसके अनेक महत्वपूर्ण भाजपा नेताओं के साथ फोटो थे। इसके साथ आम जनता को भी उसका संदेश स्पष्ट था कि मुझसे न उलझो क्योंकि मेरे ऊंचे लोगों से संबंध हैं। संभवतः यही कारण है कि स्थानीय पुलिस व प्रशासन ने उसके और उसके समर्थकों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जो लंबे समय से कब्जा करने और हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त थे। त्यागी ने रेजीडेंट वेल्फेयर असोसियेशन की आपत्ति के बावजूद अपने फ्लैट के बाहर साझा क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था और उसमें खंभे व टाइल्स लगा कर निर्माण कर लिया था। त्यागी के खिलाफ कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशंसा की जानी चाहिए, लेकिन ये सवाल भी उठता है कि वह इतने लंबे समय तक हाउसिंग सोसाइटी में अपनी दादागीरी कैसे दिखाता रहा। योगी आदित्यनाथ सरकार का दावा है कि उसने गुंडों व माफियाओं को उनकी औकात बता दी है, लेकिन अभी भी नोयडा के त्यागी जैसे लोग बचे हुए हैं। वह बुंदेलखंड जैसे किसी सुदूरवर्ती स्थान के बजाय राष्ट्रीय राजधानी के निकट था तथा न केवल पड़ोसियों को परेशान कर रहा था, बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़ा होने का दावा करते हुए सारे नियम कानून धड़ल्ले से तोड़ रहा था। यदि एक महिला को गालियां देते व उससे हाथापाई करते उसका वीडियो वाइरल न होता तो क्या उसके खिलाफ कोई कार्रवाई होती? इसका जवाब बहुत आश्वस्ति देने वाला नहीं है।

इस पूरे प्रकरण में चार बिंदु शामिल हैं। पहला व सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रशासन तथा कानून व्यवस्था से जुड़ा है जो सक्रिय के बजाय प्रतिक्रियात्मक हैं। कायदे से उसके खिलाफ कार्रवाई वीडियो वाइरल होने के बजाय उसके पहले होनी चाहिए थी। हालांकि, अपना कर्तव्य ठीक से न निभाने के कारण आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया गया है जो एक अच्छा निर्णय है। लेकिन यदि ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास होता तो ज्यादा बेहतर था जो दायित्व में लापरवाही बरतने से पहले ही सक्रिय होती। दूसरा, नारेबाजी और बड़बोली घोषणायें राजनय व पुलिसिंग का विकल्प नहीं हैं। भले ही राजनीति में छोटे व तीखे बयानों, आदि का महत्व हो, लेकिन जनता की राय अपने पक्ष में रखने तथा उसे कम से कम विरोध में न जाने देने के लिए सत्तारूढ़ लोगों को केवल संदेश देने से आगे बढ़ कर काम करना होगा। तीसरा, भले ही सोशल मीडिया पर अनेक बुरी चीजों के आरोप लगते हों, पर वह न्याय सुनिश्चित करने में भी सहायता कर सकता है। आखिरकार एक वाइरल वीडियो के कारण ही त्यागी के खिलाफ कार्रवाई हुई। इसके साथ ही हम 'एक व्यक्ति की शक्ति' तक पहुंचते हैं। एक महिला की हिम्मत और साहस ने न्याय दिलाया। इससे स्पष्ट है कि भारत के नागरिकों को न्याय प्राप्त करने के लिए सनी देवोल की तरह लड़ने या चिल्लाने के बजाय हिम्मत के साथ दृढ़ता दिखाने और उचित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# बार-बार जनादेश का अपमान करते नीतीश

बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से सम्मानजनक सीटें जीतने के लिए उन्हें भाजपा अथवा राजद जैसे किसी साझीदार दल की जरूरत होगी। कुल मिलाकर नीतीश के लिए खतरा यही है कि कहीं उनकी हालत ''आधी छोड़ पूरी को धाए ,आधी मिली न पूरी पाए'' जैसी न हो जाए।



राज बहादुर सिंह
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)





अपने जमाने की हालीवुड की मशहूर अभिनेत्री एलिजाबेथ टेलर व उसी दौर के मशहूर अभिनेता रिचर्ड बर्टन का अपने आप में एक अद्भुत रिकार्ड है। टेलर व बर्टन में प्रेम हुआ और दोनों ने शादी कर ली, कुछ साल दोनों में निभी फिर मतभेद हुए और तलाक के बाद दोनों अलग हो गए। बात कदाचित मतभेद की ही थी, न कि मनभेद की और शायद यही कारण था कि दोनों फिर एक दूसरे की ओर आकर्षित हुए या यूं कहें कि दोनों ने एक दूसरे की जरूरत महसूस की और फिर शादी कर ली। बहरहाल दोनों का दाम्पत्य जीवन इस बार पहले जितना भी नहीं चला और फिर तलाक हो गया।

जनता दल यूनाइटेड के सर्वेसर्वा व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के बीच के रिश्ते भी एलिजाबेथ टेलर व रिचर्ड बर्टन जैसे ही हैं। दोनों में दूसरी बार तलाक हुआ है। शादी दो निजी व्यक्तियों के बीच का रिश्ता होता है लेकिन दो राजनीतिक दलों के बीच संबंध कुछ अलग व व्यापक अर्थ वाले होते हैं। नीतीश कुमार ने संबंध विच्छेद के जो कारण बताए हैं, उन पर तथ्यों की रोशनी व नीतीश की प्रधानमंत्री बनने की प्रबल महत्वाकांक्षा को देखते हुए विश्वास नहीं किया जा सकता भले ही यह सब बताने वाले को यह मुगालता रहे कि उस पर जनमानस विश्वास करेगा।

जद यू का यह कहना कि उनके नेता नीतीश को भाजपा ने अपमानित किया नितांत भ्रामक है। दो वर्ष पहले 77 सीटें पाने वाली भाजपा ने केवल 43 सीटें पाने वाले नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। सीटों के इस विशाल के अंतर के बावजूद नीतीश का सीएम बनाना क्या उनका अपमान था? अपनी बिहार इकाई के प्रबल विरोश के बावजूद नीतीश को कामकाज में फ्री हैंड देना क्या उनका अपमान था? जनता दल के पास सिर्फ दो लोकसभा और भाजपा के पास 23 लोकसभा सीटें थीं लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में दोनों दलों के द्वारा 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ना क्या नीतीश का अपमान था? नीतीश के ऐसे ही 'अपमानों' की सूची और भी लंबी है।

दरअसल नीतीश की प्रधानमंत्री बनने की अभिलाषा एक बार फिर जोर मारने लगी है। नीतीश कुमार कभी भी नरेंद्र मोदी को बतौर पीएम स्वीकार नहीं कर पाए। उन्होंने 2013 में भाजपा से पहली बार तभी नाता तोड़ा था, जब मोदी को भाजपा ने पीएम पद के लिए प्रस्तावित किया था। नीतीश ने 2014 लोकसभा चुनाव अकेले लड़ा और सिर्फ दो सीटें हासिल करने से उन्हें समझ आ गया कि पीएम बनना उनके लिए आसान नहीं है। फिर उन्होंने उन्हीं लालू प्रसाद यादव से हाथ मिलाया जिनका विरोध उनकी सियासी कामयाबी की बुनियाद था। लालू के समर्थन के साथ सीएम बनना ही नीतीश की मंजिल नहीं थी। वह चाहते थे कि 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष उन्हें पीएम पद के लिए प्रस्तावित करे और चुनावी राजनीति नरेंद्र बनाम नीतीश हो जाए। बहरहाल ऐसा कुछ हुआ नहीं और लालू प्रसाद यादव व कांग्रेस को भलीभांति जानने वाले जानते व मानते थे कि ऐसा होना भी नहीं था। नतीजा यह हुआ कि लालू यादव के बेटे व तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाते हुए उन्होंने महागठबंधन तोड़ दिया और 2017 में फिर भाजपा से आ मिले और पांच साल के साथ के बाद अब फिर भाजपा से छिटक कर वापस महागठबंधन की गोद में पहुंच गए। बिना किसी विचारधारा के मतभेद के सिर्फ अपनी सुविधा के लिए मिलने बिछुड़ने के इस खेल ने नीतीश कुमार की विश्वसनीयता को चकनाचूर कर दिया। ऐसा नहीं है कि नीतीश कुमार पहले व आखिरी नेता हैं जिन्होंने पलटी मारी है। अलबत्ता उनके खाते में यह उपलब्धि अवश्य है कि उन्होंने कभी महागठबंधन तो कभी भाजपा के साथ सरकार बनाने के जनादेश की न केवल अवहेलना की बल्कि जमकर खिल्ली भी उड़ायी। अब जब 2024 का लोकसभा चुनाव करीब आने लगा है तो नीतीश एक बार फिर पीएम की कुर्सी के लिए अकुलाने लगे हैं। इसी अकुलाहट ने उन्हें फिर से भाजपा से संबंध विच्छेद के लिए प्रेरित किया है। हो सकता है कि बिहार के सियासी घटनाक्रम में किरदार निभाने वाली राजद या कांग्रेस जैसी पार्टियों ने उन्हें विपक्ष की ओर से पीएम पद के लिए उम्मीदवार घोषित करने के लिए आश्वस्त किया हो लेकिन सिर्फ ये दो दल ही तो भारत के विपक्ष नहीं है। इन दो दलों में राजद तो हो सकता है कि अपने आश्वासन को लेकर कुछ हद तक संजीदा भी हो क्योंकि वह चाहेगी कि नीतीश हटें तो तेजस्वी के लिए बिहार के सीएम बनने का रास्ता साफ हो लेकिन कांग्रेस के लिए भी क्या यह इतना सरल होगा?

> नीतीश कुमार ने संबंध विच्छेद के जो कारण बताए हैं, उन पर तथ्यों की रोशनी व नीतीश की प्रधानमंत्री बनने की प्रबल महत्वाकांक्षा को देखते हुए विश्वास नहीं किया जा सकता भले ही यह सब बताने वाले को यह मुगालता रहे कि उस पर जनमानस विश्वास करेगा। जद यू का यह कहना कि उनके नेता नीतीश को भाजपा ने अपमानित किया नितांत भ्रामक है।

कांग्रेस अपने लाख पराभव के बावजूद आज भी देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है और शायद आगे भी रहेगी। तो क्या कांग्रेस राहुल गांधी को पीछे कर नीतीश कुमार को पीएम पद के लिए आगे कर देगी? खासकर यह देखते हुए कि नीतीश सुविधा की राजनीति बिना किसी लोकलाज के खुल कर करते हैं और कभी इस खेमे तो कभी उस खेमे में विचरण करते हैं। कांग्रेस शायद ही राहुल गांधी को पीछे करने को तैयार हो और अगर थोड़ी देर के लिए मान भी लें कि वह ऐसा करेगी तो ममता बनर्जी,के चंद्रशेखर राव, शरद पवार व अन्य क्षेत्रीय क्षत्रपों को साधना क्या आसान होगा? जाहिर है कि नीतीश कुमार के लिए आगे का रास्ता जोखिम भरा है। उन्हें तसल्ली सिर्फ इस बात से मिल सकती है कि वह 16 साल से ज्यादा सीएम रह चुके हैं। ऐसे में पीएम बनने की चाह में सीएम पद चला भी जाए तो क्या जाएगा। लेकिन सवाल तो यही है कि आखिर विपक्ष उन्हें पीएम क्यों प्रोजेक्ट करेगा। न तो उनकी पार्टी और न खुद उनकी अपील बिहार के बाहर है और बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से सम्मानजनक सीटें जीतने के लिए उन्हें भाजपा अथवा राजद जैसे किसी साझीदार दल की जरूरत होगी। कुल मिलाकर नीतीश के लिए खतरा यही है कि कहीं उनकी हालत ''आधी छोड़ पूरी को धाए ,आधी मिली न पूरी पाए'' जैसी न हो जाए।

# घृणा व आतंक के विरुद्ध संघर्ष के प्रेरणास्त्रोत हुसैन



हसन ख़ुर्शीद
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

जॉन ब्रैडशॉ ने एक बार कहा था, अत्याचारियों के प्रति विद्रोह ईश्वर की आज्ञाकारिता है। क्या मनुष्य इन परिस्थितियों का सामना कर सकता है? आदमी आराम से कर सकता है लेकिन जरूरी नहीं, इमाम हुसैन कर्बला (इराक) के युद्ध के मैदान से साहसपूर्वक कहने में कामयाब रहे।

प्लेटो से लेकर लॉक तक, सभी दार्शनिक सत्ता के बेईमान तत्वों द्वारा हथियाए जाने के खतरे के बारे में चिंतित रहे हैं। सत्ता की लालसा चारों ओर भ्रष्टाचार का बीज रही है। मानव जाति के विकास में कुछ महत्वपूर्ण क्षण हैं, जिसमें लुडविग बीथोवेन के अनुसार, भाग्य अस्तित्व के द्वार पर दस्तक देता है। ये ऐसे उदाहरण हैं जिनमें सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तियों को अपने जीवन को जोखिम में डालकर सही और सत्य की रक्षा करने के लिए कहा जाता है। सदाचारी लोग जो दूरदर्शिता और दूरदर्शिता से संपन्न थे, वे हमेशा बाड़ पर बैठना पसंद नहीं करते थे, केवल षडयंत्र, उल्लंघनकर्ता और स्वतंत्रतावादी निरंकुश सुनते थे। उन्होंने ऐसा व्यवहार किया मानो वे वे लोग हों जो सत्य को महत्व देते थे और धार्मिकता को बनाए रखने के लिए कठिन संघर्ष करते थे।

ऐसी ही एक सबसे गंभीर स्थिति तब पैदा हुई जब पवित्र पैगंबर मोहम्मद के निधन के बाद, इस्लामी विचार, दर्शन, संस्कृति और प्रशासन के स्कूल को अस्थायी और चर्च संबंधी शक्तियों के साथ खिलाफत में स्थानांतरित कर दिया गया। चार ख़लीफ़ा अबू बकर, उमर, उस्मान और इमाम अली मुर्तज़ा थे। अली की हत्या साजिशकर्ता के गुर्गे और अबू सूफियान के पाखंडी मुआविया पुत्र ने की थी, जबकि इमाम अली मस्जिद में अल्लाह के सामने सजदा कर रहे थे। इसके बाद, मुआविया ने धोखे से सीरिया में खलीफा की सीट को हड़प लिया और तलवार की ताकत से खुद को स्व-नियुक्त खलीफा घोषित कर दिया। हाउस ऑफ उमय्यद के पहले शासक मुआविया ने कुलीन और बर्बर निरंकुश शासन द्वारा लोकतांत्रिक इस्लामी शासन को विस्थापित किया।

मुआविया की मृत्यु के बाद, उसका पुत्र शापित यज़ीद सीरिया की खलीफा सीट पर चढ़ गया। वह एक बेरहम जानवर था और बुराई और बुराइयों का अभ्यास करने में अपने सभी पूर्वजों से आगे निकल गया था। यज़ीदीन मुआविया एक कट्टर आतंकवादी और उदारवादी था। इस सभ्य समाज में यज़ीद के आपत्तिजनक चरित्र का सबसे



छोटा उल्लेख वर्जित है। यज़ीद अधर्म के धनी थे, जिनकी सत्ता की लालसा ने उन्हें समाज को अपने पसंदीदा सांचे में ढालने के लिए प्रेरित किया। यज़ीद के आपराधिक व्यवहार ने स्थापित इस्लामी मूल्यों में अश्लील, अमानवीय नवाचारों की चरम घटना का संकेत दिया। इसके विपरीत, हुसैन को उनके व्यवहार, ज्ञान, करुणा और धर्मपरायणता की उत्कृष्टता के लिए पूरे अरब जगत में पहचाना जाता था। यज़ीद ने मदीना में अपने गवर्नर वालिद को हुसैन को यज़ीद के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा करने के लिए मजबूर करने का निर्देश दिया। हुसैन ने मना कर दिया। हुसैन का सब्र टूट गया जब यज़ीद ने उनसे ज़बरदस्ती श्रद्धांजलि की मांग की। हुसैन ने यज़ीद को हर बार सदस्यता लेने से इनकार कर दिया, जब उनसे खलीफा और वफादार के नेता के रूप में निष्ठा के लिए कहा गया। हुसैन ने महसूस किया कि इस्लाम में इस लंबे समय तक अराजकता के परिणाम और अनैतिकता के लिए एक विनाशकारी जीत सच्चे विश्वास को स्थायी रूप से विकृत कर देगी और इस्लाम की आड़ में एक विकृत छद्म धर्म उभरेगा। यज़ीद ने अपने प्रति निष्ठा या मौत का सामना करने के बीच चयन करने के लिए कठिन सौदेबाजी की। हुसैन के पास एक स्पष्ट विकल्प था : या तो एक तरफ खड़े हो जाओ और यज़ीद को उसकी इच्छा के अनुसार कार्य करने दें, अपने घिनौने पलायन को सही ठहराते हुए, या काउंटर और उसके गुप्त खतरे और तीखे अभियान का सामना करें। हुसैन, जिन्हें इस्लाम की प्राचीन शुद्धता सुनिश्चित करनी थी, ने निष्ठा से इनकार कर दिया।

कर्बला प्रकरण मोहर्रम की 10 तारीख, 61 हिजरी (10 अक्टूबर, 680 ई.) हुसैन को यज़ीद के कमांडर-इन-चीफ से 'हिंदुस्तान' जाने देने की मांग की गई, लेकिन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया। 10 मोहर्रम की सुबह, हुसैन और बच्चों और कुछ साथियों सहित परिवार के 72 सदस्यों की निर्दयता से हत्या कर दी गई। शहीदों में सबसे छोटा हुसैन का शिशु पुत्र अली असगर था।

छह माह के असगर समेत 72 शहीदों के सिर उनके शरीर से काटकर लांसरों पर चढ़ा दिए गए। शवों को घोड़ों ने कुचला था। हुसैन के परिवार के बाकी सदस्यों के टेंट को आग के हवाले कर दिया गया, बच्चों और महिलाओं को कैदी बनाया गया, हथकड़ी पहनाई गई, और कूफ़ा और सीरिया के बाज़ारों में तब तक बांधे रखा गया, जब तक कि उन्हें अत्याचारी यज़ीद के सामने पेश नहीं किया गया, जो मानव रूप में शैतान था।

शहीदों के भगवान के महान बलिदान को याद करने के लिए, इमाम हुसैन, पुरुषों और महिलाओं, युवा और बूढ़े, न केवल मुस्लिम समुदाय से बल्कि अन्य धर्मों से भी घरों और इमाम बरगाहों में मजलिस (सभा) आयोजित करने के लिए इकट्ठा होते हैं, जहां शोकपूर्ण श्रद्धांजलि हुसैन को सलाम, सोज़, मार्सिया, नौहा और गीतात्मक दिर्गेज नामक शोकगीत के माध्यम से भुगतान किया जाता है। मण्डली दुःख के चरमोत्कर्ष की ओर अथक रूप से आगे बढ़ती है। दर्शकों ने आंसुओं के साथ दिल से कराहते हुए कहा, वा मोहम्मद, कुश्तशुद हुसैन (हे मोहम्मद, हुसैन की हत्या कर दी गई है)।

इमाम हुसैन को न केवल मुसलमान बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी पूजते हैं। इतालवी कलाकार ब्रूनो कैब्रिनी की पेंटिंग से पता चलता है कि राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में 18 वीं और 19 वीं शताब्दी के दौरान मुहर्रम के जुलूसों में ताज़िया (इराक में इमाम हुसैन के मकबरे की प्रतिकृतियां) थे। इतना ही नहीं, बड़ौदा के सिंधिया और इंदौर के होल्कर ने मजलिस का संचालन किया। आज भी लखनऊ और हिंदू धर्म के केंद्र वाराणसी में हिंदू शोक सभा में मुस्लिमों के साथ शामिल होते हैं।

## फरमाया



**हर** राज्य ने कोरोना-विरोधी संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा देश की संघीय संरचना 'दुनिया में मॉडल' के रूप में उभरी है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**सर्वोच्च** न्यायालय से कोई उम्मीद नहीं है। संवेदनशील मामले केवल कुछ ही जजों को दिए जा रहे हैं।

– **कपिल सिब्बल**
राज्यसभा सांसद



**फैसलों** की आलोचना हो सकती है, पर संस्थाओं की छवि खराब नहीं की जानी चाहिए।

– **महेश जेठमलानी**
राज्यसभा सांसद

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सत्ता बनाम विपक्ष

**सत्ता** यानी विपक्ष की बड़ी बहन. विपक्ष को अपनी बड़ी बहन का आदर करना सीखना चाहिए, उसकी भावना को समझना चाहिए। माना की विपक्ष उसका छोटा भाई है परन्तु वो खोटा नहीं है। हां नटखट हो सकता है, लेकिन इतना भी उसे नटखट नहीं बनना चाहिए कि बड़ी बहन अपना बड़प्पन निभाते-निभाते क्रोधित हो जाए और उसे सीख देने के लिए न चाहकर भी सख्त कदम उठाने के लिए विवश हो जाए। यह तो राजनीति है, और दोनों ही राजनीति के ज्ञाता हैं। कभी भाई शासक बन जाए बहन सत्ता में आ जाए. भाई बहन का रिश्ता यदि बेहतर तरीके से निभाना है एवं उसे और अधिक प्रगाढ़ बनाना है तो विपक्ष को अपनी आदरणीय बड़ी बहन से इस वर्ष रक्षाबंधन को रक्षा सूत्र अपने हाथ में बंधवा लेना चाहिए, ताकि दोनों एक-दुसरे की रक्षा कर सकें वैमनस्यता खत्म हो और आपसी भाई-चारा बन सके। जिससे दोनों में एक-दूसरे के प्रति सहयोग भावना जन्म ले सके और दोनों मिलकर अपने-अपने काम को एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ा सकें। क्योंकि दोनों का पेशा जनसेवा और देशसेवा याने एक जैसा ही है। तब विचारों में भी भले ही प्रतिस्पर्धात्मक मतभेद हो जाएं किन्तु जनसेवा व देशसेवा के लिए मनभेद न उभरें।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

## परीक्षा में गड़बड़ी

**कॉमन** यूनिवर्सिटी टेस्ट में हो रहीं गड़बड़ियों की वजह से छात्र न सिर्फ परेशान हैं बल्कि उनके लिए यह परीक्षा तनाव का कारण बन रही है। एनटीए ने इसका कारण तकनीकी गड़बड़ियों को बताया है! तकनीकी गड़बड़ियों का बहाना बनाकर यूनिवर्सिटी प्रशासन अपनी लापरवाही को नहीं छुपा सकता है! एनटीए की ओर से इन परीक्षाओं के लिए जैसी तैयारियों की जरूरत थी, वैसी तैयारियां नहीं की जा सकीं। और, इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ध्यान रखना चाहिए कि यह किसी भी अन्य संयुक्त परीक्षाओं जैसा मामला नहीं था। अन्य संयुक्त परीक्षाओं, उदाहरण के लिए जेईई में सिर्फ तीन विषय होते हैं, जबकि सीयूईटी-यूजी में 61 विषयों की परीक्षा 13 भाषाओं में होती है। जाहिर है, इसके लिए कहीं ज्यादा बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर और ज्यादा सक्षम सॉफ्टवेयर सपोर्ट की जरूरत थी।एक तो पहले के नियम को बदलने से स्टूडेंट वैसे ही भारी तनाव झेल रहे हैं। वही पूरी तैयारी के बाद परीक्षा हाल तक पहुंचने के बाद में वापस बैरंग लौटा दिया जाता है। सुदूर गांव से आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों के लिए और उन्हें साथ लेकर आने वाले अभिभावकों के लिए बड़ी भारी परेशानी का सबब है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## बिहार की राजनीति

**बिहार** की राजनीति के बदलते घटनाक्रम में सत्ता का ऊंट किस करवट बैठेगा। राजनीतिक उठापटक और गहमागहमी के बीच बिहार के मुख्यमंत्री के राजद नेता तेजस्वी से लगातार मुलाकात एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया जी से फोन पर वार्ता इस बात को बल देती है कि आने वाले समय में जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी की दूरियां बढ़ेंगी और राजनीतिक तलाक संभव है। भारत की राजनीति के चतुर खिलाड़ी नीतीश कुमार 2017 में भाजपा के साथ आए थे तब उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल को अलविदा कह अपनी सरकार बनाई थी। 2014 में नीतीश कुमार ने आरजेडी और कांग्रेस से मिलकर चुनाव लड़ा और सरकार बनाई। यह जो राजनीतिक तलवार बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड में चुकी चुकी है अब जरूर कुछ ना कुछ होकर रहेगा। यह एक दिन का घटनाक्रम नहीं है इसकी पृष्ठभूमि में दोनों दलों की वैचारिक विभिन्नता ने भी है और नीतीश कुमार की जाति जनगणना की प्रतिबद्धता, किसान आंदोलन और कुछ अंदरूनी मसले बड़े कारण हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

**शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा बालोद में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस समारोह**

# बरसते पानी में भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोग रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा शमा

**नपाध्यक्ष ने रैनबसेरा का नामकरण आदिवासी महापुरूषों के नाम पर करने की घोषणा की**

पायनियर संवाददाता ◁ बालोद
www.dailypioneer.com





अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई बालोद द्वारा मंगलवार को नया बस स्टैण्ड बालोद स्थित ऑडिटोरियम में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बरसते पानी में भी बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुँचे थे। इस अवसर पर आदिवासी समाज के कलाकारों के द्वारा आदिवासी संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हल्बा समाज महासभा बालोद के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र माहला ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पार्षद धनेश्वरी ठाकुर, गोंडवाना समाज के अधिकारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जनसम्पर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग टीआर टेकाम, प्रोफेसर एचएल मानकर, डॉ. बीएल रात्रे, डॉ. आरके श्रीमाली, डॉ. मेरिया, नरेश मण्डावी, प्राचार्य एस बैग, पीआर ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भूनेश्वरी ठाकुर, गोंडवाना समाज की अध्यक्ष गितेश्वरी ठाकुर, ईश्वर उइके, एमन सिंह ठाकुर, नंदकुमार कतलाम, रविन्द्र मंडावी, अश्वनी नायक, राजेन्द्र कोला सहित समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

**बुढ़ातालाब में आदिवासी कला एवं संस्कृति को सहेजने हेतु पार्क का कराया जाएगा निर्माणः विकास चोपड़ा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामना देते हुए आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बालोद शहर के बुढ़ातालाब में आदिवासी कला एवं संस्कृति को सहेजने हेतु पार्क का निर्माण कराने तथा बस स्टैण्ड स्थित रैनबसेरा का नामकरण भी आदिवासी महापुरूषों के नाम पर करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. देवेन्द्र माहला ने आदिवासियों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का आव्हान किया। विशेष अतिथि चन्द्रेश ठाकुर ने आदिवासियो की गौरवशाली विरासत तथा राष्ट्र व समाज के प्रति उनके योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा को सबसे बड़ा अस्त्र बताते हुए सभी समाज प्रमुखों को समाज के प्रत्येक बच्चों को शिक्षा दिलाने के उपाय सुनिश्चित करने हेतु संकल्प लेकर इस दिशा में ठोस कार्य करने को कहा। उन्होंने नशापान को समाज के विनाश का सबसे बड़ा कारण बताते हुए सभी स्वजातिय जनों को इस कुरीति से समाज को दूर रखने के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम को टीआर टेकाम, प्रोफेसर एचएल मानकर, डॉ. बीएल रात्रे, डॉ. आरके श्रीमाली, डॉ. मेरिया, नरेश मण्डावी, प्राचार्य एस.बैग, पीआर ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भूनेश्वरी ठाकुर ने भी संबोधित कर सभी को समाज हित में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

## आमजनों को नेशनल लोक अदालत एवं विधिक सेवा की दी गई जानकारी




**बेमेतरा।** अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के निर्देशन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स प्राची तिवारी, सोनिया सिंह, नेमेश्वरी सेन, नागेश सिन्हा द्वारा ग्राम कारेसरा चौक, बैजी, लोलेसरा, ओटेबंद, कंतेली, सिंघौरी, रायपुर रोड बेमेतरा, घड़ी चौक बेमेतरा, गस्ती चौक बेमेतरा, मोहभट्ठा रोड बेमेतरा में 13 अगस्त को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुये लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय या संस्था में संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है, उन्हें बताया गया कि लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है, न्याय शुल्क यदि लगा हो तो वापस हो जाते है, ऐसे मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। साथ ही महिलाओं के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, वाहन चालान संबंधी महत्वपूर्ण कानून, नालसा की दस योजनायें, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलओं के लिये संचालित हमर अंगना योजना, लोक अदालतों की प्रक्रिया एवं उसके लाभ निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं सहयोग हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेशनल हेल्पलाईन सेंटर का टोल फ्री नंबर 14567 के संबंध में जानकारी दी गई।

# बालोद जिले के एक छोटा सा गांव कुमुरकट्टा में महिलाओं ने खुद की बनाई एक अलग पहचान, बना रही हैं देशी राखियां, जिसकी डिमांड हैं पड़ोसी जिलों में भी



**बीते 3 साल में 15 लाख से अधिक की बेच चुकी हैं राखियां**

पायनियर संवाददाता ◁ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में चायनीज राखियों के बदले देशी राखियों का बड़ा क्रेज हैं। जिले के आखिरी छोर में बसे एक छोटे से गांव कुमुरकट्टा में महिलाएं बीते 3 साल से धान, चावल, बांस, मयूर पंख, गेंहू, एवं अन्य खाने की सामग्रियों का इस्तेमाल कर आकर्षक एवं सुंदर राखियों का निर्माण कर रही है और इन देशी राखियों की डिमांड जिले में ही नही बल्कि पड़ोसी जिलों में भी हो है। शायद यही वजह है कि इन महिलाएं बीते 3 साल में 15 लाख से ज्यादा की राखियां बेच चुकी है। इस काम से उन्हें एक पहचान मिली हैं। चूल्हे चौकों से निकल खुद का नाम बनाया है और इससे अच्छी खासी आय भी अर्जित कर रही है।

**12 महिलाओं ने बनाई खुद की अलग पहचान**

दरअसल बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक और राजनांदगांव की सरहद एवं पहाड़ो से लगे एक छोटे से गांव कुमुरकट्टा जो कभी नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता था और ग्रामीण डर के साये में जिंदगी गुजारने मजबूर थे। लेकिन नक्सली मूवमेंट खत्म होने के बाद ग्रामीण हसीं खुशी जिंदगी गुजार रहे है। बल्कि घर से बाहर निकल अपनी एक अलग पहचान भी बना रहे है। इसमे सबसे ज्यादा आगे महिलाएं है। जो चूल्हे चौके से निकल अपनी एक अलग पहचान बना रही हैं। गांव कुमुरकट्टा की 12 महिलाओं के समूह द्वारा धान, चावल, बांस, मयूर पंख, मूंगदाल, गेहूं और अन्य खाने की सामग्रियों का इस्तेमाल कर देशी राखियां बनाई जा रही है। जिसकी डिमांड जिले सहित अन्य जिलों से भी आने लगी है। वही महिलाएं भी इस काम से बेहद खुश है। समूह की अध्यक्ष कुसुम सिन्हा एवं अन्य सदस्य जयश्री मंडावी और लीला सिन्हा की माने तो इन आकर्षक राखियों को 'बालोद बंधन' नाम से विक्रय किया जा रहा है। महिलाएं बताती है कि पहले इन्हें कोई नही जानता था। लेकिन इस राखी के निर्माण से लोग जानने लगे है। उन्हें एक पहचान मिली है और इससे मुनाफा भी काफी हो रहा है। इन महिलाओं को देख जिले की अन्य महिलाएं भी प्रेरित हो रही और स्वालंबी बन रही है।

# फोक नदी में आई बाढ़ गांव वालों का जीवंत जन संपर्क टूटा

पायनियर संवाददाता ◁ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के अंतिम ग्राम पंचायत पंचभैया फोक नदी में बाढ़ आ जाने से बीते 3 दिनों से शासन प्रशासन का जीवंत जनसंपर्क टूट चुका है गांव वाले नदी में बाढ़ से भगवान भरोसे जीवन यापन कर रहे हैं। ग्राम पंचायत पंचभेया के सरपंच धनेश चंद्राकर पूर्व सरपंच राकेश साहू गया राम चंद्राकर भागवत चंद्राकर बघेला राम चंद्राकर सेवा सहकारी समिति के संचालक सदस्य तारकेश्वर चंद्राकर तुलसीराम भरत वर्मा नरेश साहू आदि अनेक लोगों ने बताया कि फोक नदी में बारिश के दिनों में बाढ़ आ जाने से गांव एवं आसपास के ग्रामीणों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लगातार गांव वाले पिछले करीब 20 वर्षों से फोक नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं आसपास के ग्रामीणों की आवाज क्षेत्रीय विधायक और सांसद लगातार अनसुना कर रहे हैं नदी में बाढ़ की स्थिति में राशन दवाई स्कूली छात्र छात्राओं को विद्या अध्ययन करने के लिए एवं आवश्यक सेवाएं पूरी तरह से बंद हो चुकी है गांव के ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित करके अनेक मर्तबा क्षेत्रीय विधायक और सांसद को ज्ञापन सौंपा गया मगर पुल निर्माण के लिए आज तक शासन से राशि स्वीकृत नहीं हो पाया प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में फोक नदी में बाढ़ आने के कारण हफ्ते से लेकर 15 दिनों तक गांव वालों का नदी में जलस्तर बढ़ जाने से जनसंपर्क कट जाता है।

**आयोग की अध्यक्ष ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को लिखा पत्र**

# सुनवाई के दौरान जिला चिकित्सालय में महिलाओं के निजता भंग होने का मामला आया सामने

पायनियर संवाददाता ◁ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य अर्चना उपाध्याय की अध्यक्षता में सोमवार को महिला आयोग की जनसुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई। जनसुनवाई के लिए बेमेतरा जिले के 16 विभिन्न मामलों के प्रकरण रखे गये जिसमें से 13 प्रकरणों का निबटारा कर नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण सुनवाई के लिए रायपुर स्थानांतरित किया गया। इस अवसर पर महिला जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी रमाकांत चंद्राकर, अधिवक्ता शमीम रहमान, डॉ. अखिलेश भारद्वाज, शासकीय अभिभाषक/ लोक अभियोजन बेमेतरा दिनेश तिवारी, परियोजना अधिकारी म.बा.वि. मनोरमा साहू सहित उभयपक्ष के आवेदिका एवं अनावेदक उपस्थित थे। एक प्रकरण के सुनवाई में आवेदिका ने जो आवेदन प्रस्तुत किया है उसके तथ्यों को नहीं बता पा रही है। गांव में सरपंच के लिए गए निर्णय के कारण होने वाली परेशानी को नहीं बता रही अनावेदक सरपंच ने बताया कि आवेदिका ने उसके खिलाफ कई जगह शिकायत किया गया है। कलेक्टर एस.डी.एम. सी.जी.एम. कार्यालय में प्रकरण लम्बित है लेकिन आज कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है। जिला संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया है कि आवेदिका के गांव जाकर प्रकरण की जांच कर आयोग में प्रस्तुत करें ताकि उसके आधार पर निर्णय लिया जा सके। उप निरीक्षक महिला सेल भी दिनांक 12 अगस्त 2022 को चंदनु पुलिस चौकी थाना नांदघाट क्षेत्र के गांव बगौद जाकर इस प्रकरण में आवेदिका की ओर से दो लोगों का एवं अनावेदक पक्ष से दो लोगों से पूछताछ कर प्रतिवेदन आयोग को प्रस्तुत करेंगे जिससे इस प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका एक शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल के व्यवसायिक शिक्षिका हेल्थकेयर ने स्वीकार किया कि उसने किसी भी प्रकार से आयोग में शिकायत नही की हूं, साथ ही शिकायत आवेदन में जो हस्ताक्षर है वह मेरा नहीं है इस आधार पर इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया है। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसकी जेठ ने संयुक्त संपति से अपनी पत्नी के नाम से संपति बना लिया है। अनावेदक ने इसकी पुष्टि किया है कि पिता जी ने एक मकान में अपने साथ अपने भाई को जीवन यापन के लिए दिया था उसके दूकान से अनावेदक जेठ ने अपनी पत्नी के नाम से कई संपति खरीद लिया है।

# त्यौहार के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों में दी दबिश, बालोद जिले के 31 दुकानों से 23 मिठाईयों के लिए गए सैम्पल





पायनियर संवाददाता ◁ बालोद
www.dailypioneer.com

त्यौहारी सीजन में जिले भर में नकली खोवा से मिठाई बनाने की शिकायत सामने आती हैं। रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर जिला खाद्य सुरक्षा औषधि प्रसाधन विभाग की टीम ने जिले के डौंडी, डौंडीलोहारा, गुंडरदेही, गुरुर, दल्लीराजहरा एवं बालोद नगर स्तिथ 31 मिठाई की दुकानों में दबिश देते हुए मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच की। इस कार्यवाही के दौरान टीम ने 23 मिठाईयों के सैम्पल जांच के लिए हैं। साथ ही मिठाई दुकानों के संचालकों को गुणवत्ता को ध्यान में रख मिठाई को बनाने और ग्राहकों को देने की समझाइश भी दी हैं। वही इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीनाक्षी चन्द्राकर और भारत भूषण पटेल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिठाई दुकान के संचालकों को निर्देश दिया गया है कि मिठाइयों के निर्माण की तिथि एवं बेस्ट बिफोर की तिथि अंकित की जाए। साथ ही आदेश जारी करते हुए रंग बिरंगी मिठाइयों का निर्माण एवं बिक्री पूर्णतः बन्द करने के निर्देश भी दिए गए हैं। आगामी दिनों में यदि कोई दुकानदार गुणवत्ताहीन मिठाई अथवा रंग बिरंगी मिठाई बेचते पाया जाता हैं। उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आपको बता दे कि जिले में लगातार फूड प्वाइजनिंग के भी मामले लगातार सामने आ रहे है। जिससे 2 मौत भी जिले में हो चुकी हैं। जिसके बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर हैं।

# भाई बहन का पवित्र रिश्ता का त्यौहार रक्षाबंधन

पायनियर संवाददाता ◁ डौंडी
www.dailypioneer.com



भाई बहन का पवित्र रिश्ता का त्यौहार रक्षाबंधन केवल घर - परिवार तक ही सीमित नहीं रहता। इसे कुछ भाई अपनी बहन ना होने से किसी पराये व जान पहचान को भी बहन का रिश्ता मानते आ रहे है। परंतु विवेकानंद हाई स्कूल डौंडी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिन पूर्व रक्षाबंधन का पर्व छात्राओं ने स्कूल के छात्रों को अपना भाई मानकर इस विशेष पावन पर्व को रक्षा सूत्र बांधकर इसे निभाने व अपने बहनों को कभी ना भूलने की रीत निभाई गई, इस अवसर पर शाला में सर्वप्रथम माँ शारदा की छायाचित्र पर छात्राओं द्वारा गुलाल तिलक लगा पुष्प गुच्छ व द्वीप से आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई द्य कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरस्वती वंदना, राज्यगीत ट्ठ अरपा पैरी के धार के साथ प्रारम्भ किया गया द्य इस अवसर पर संस्था शाला प्राचार्य संतु यादव ने छात्र- छात्राओं के मध्य कहा कि रक्षाबंधन पर्व की पौराणिक महत्व और वर्तमान परिस्थिति के अनुसार अपने भाई - बहन की पवित्र रिश्ता का यह पर्व के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण, माता - पिता, अपने बड़ों का सम्मान और देखरेख, आसपास के वातावरण की संरक्षण, विभिन्न कुरीतियों से बचना, घातक बीमारियों से बचाव आदि की सजगता, धार्मिक भावनाओं का सम्मान सच्चे रूप में रक्षाबंधन के पर्व के महत्व को सार्थक बनाता है इस पर हम सभी को सहयोग बनाए रखना है विद्यालय परिवार, पालक समिति, संचालन समिति की ओर से समस्त पालकों छात्रों और गणमान्य नागरिकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं गई इस कार्यक्रम में , संस्था प्रमुख एस. आर. यादव , शिक्षक शिक्षिकाएंट्ठ एच. के. लेनपांडे, श्याम सिंह दावरे, नेमीचंद, भूपेंद्र, गौरव, बिन्नी ठाकुर, चित्ररेखा, हेमलता, एकता, ममता ठाकुर ममता भूआर्य,भुवनेश्वरी, संगीता, पूर्णिमा, निगम आदि उपस्थित रहे।

# वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने कृषक हरदास ने जताई रुचि

पायनियर संवाददाता ◁ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम मुड़पार के कृषक हरदास/मोहर के खेत में केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत कृषक को कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर. के. चतुवेदी के मार्गदर्शन मे गोधन न्याय योजना अन्तर्गत 5 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद को धान खेत (किस्म महामाया) में प्रदर्शन हेतु निःशुल्क वितरण किया गया। 3 एकड़ मे बुवाई के समय इस खाद का उपयोग किया गया। लगभग 2 माह पश्चात कृषक हरदास द्वारा बताया गया कि पूर्व वर्ष की तुलना में खेत की मिट्टी नर्म हुई है एवं भूमि की जल धारण क्षमता में वृद्धि हुई है सूखे की स्थिति होने पर भी खेत में नमी संचित है एवं धान की फसल अन्य क्षेत्र की तुलना में अधिक हरी दिखाई दे रही है एवं कीट व्याधि का प्रकोप कम हुआ है। कृषक द्वारा वर्मी कम्पोस्ट उपयोग करने पर वर्तमान फसल में लाभ दिखने पर आगामी वर्ष में अपने संपूर्ण खेत में वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने हेतु रुचि जताई गई। कृषक हरदास वर्मी कम्पोस्ट उपयोग के लाभ से संतुष्ट हैं।

# वितरण केंद्र बेरला, भिंभौरी एवं सरदा के निरीक्षण में पहुंचे मुख्य अभियंता

पायनियर संवाददाता ◁ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बेमेतरा जिले के नवांगढ़, बेमेतरा ग्रामीण, रांका, मारो, नांदघाट तथा वितरण केंद्र बेरला, भिभौंरी एवं सरदा के कार्यो के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने वितरण केंद्रों में पहुंचकर वहां के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बेमेतरा प्रवास के दौरान कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ल से सौजन्य मुलाकात की। जामुलकर ने अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए अंचल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर भिभौंरी वितरण केंद्र के कनिश्ठ यंत्री नवीन कुमार वर्मा का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर कनिश्ठ यंत्री चंद्र कुमार बघेल को पदस्थ किया गया है। जामुलकर विगत एक सप्ताह से बेमेतरा जिले के विद्युत समस्याओं को निराकरण करने के लिए लगातार जिले का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं जिससे अंचल के किसानों को अवर्शा के कारण हो रही विद्युतीय समस्याओं का समाधान किया जा सके। जामुलकर ने बताया कि क्षेत्र में अवर्शा के कारण कृशि पंप पर अत्याधिक लोड आ जाने के कारण बिजली व्यवधान एवं लो वोल्टेज जैसी समस्याएं आ रही थी। इसी तारतम्य में 06 अगस्त 2022 को सिमगा सबस्टेशन में 40 एम.व्ही.ए.का नया ट्रांसफार्मर चार्ज कर लिया गया है। उक्त कार्य के होने से बेमेतरा ग्रामीण, मारो, नांदघाट, रांका, नवांगढ़ एवं अंचल के किसानों एवं उपभोक्ताओं की बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। अब उन्हें कृशि कार्य हेतु निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान की जा रही है। इस कार्य के होने से बेरला क्षेत्र को भी विद्युत समस्याओं से राहत मिली है। जामुलकर ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए 132 के.व्ही. बेरला सांकरा सबस्टेशन में एक नग 20 एम.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 40 एम.व्ही.ए. करने के लिए स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने भिभौंरी वितरण केंद्र में लाईन स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए विद्युत ठेकेदार को एफओ.सी.गैंग को गाड़ी सहित लगाने के निर्देश देकर कार्य पर रख लिया।

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में गांव-गांव में जनजागृति लाने के लिए आजादी गौरव यात्रा को रवाना किया**

# विधायक आशीष छाबड़ा ने आजादी गौरव यात्रा को बेरलाकला से रवाना किया

पायनियर संवाददाता ◁ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा ने आजादी के 75 वर्ष पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेरलाकला से बेमेतरा के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में गांव-गांव में जनजागृति लाने के लिए आजादी गौरव यात्रा को रवाना किया ज्ञात हो कि आजादी के 75 में वर्षगांठ को जन-जन तक यादगार बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा वार इस यात्रा का आयोजन किया गया है यात्रा में प्रदेश के के कोने कोने में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े हुए अविस्मरणीय पल को लोगों तक पहुंचाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादें युवाओं के दिलों में सजोने के लिए युवाओं में ऊर्जा भरने के लिए , इस यात्रा के माध्यम से संदेश पहुंचाया जाएगा आजादी गौरव यात्रा 9 से 14 अगस्त 2022 तक बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बेरलाकला से होते हुए बेमेतरा शहर के गांधी मैदान में समाप्त होगी इस दौरान गुजरने वाले गांव यात्रा के भव्य स्वागत सत्कार की तैयारियां कांग्रेस कार्यकताओं तथा ग्राम वासियों द्वारा की गई है, यात्रा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे सभी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी भी आम जनता को दी जाएगी जिसमें राजीव गांधी किसान या योजना कृषि ऋण माफी योजना सिंचाई कर माफी योजना राजीव गांधी कृषि भूमिहीन मजदूर नया योजना राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एवज में किसानों को भुगतान किए गए राशि की जानकारी फसल बीमा दावा के रूप में किए गए भुगतान की जानकारी गोधन या योजना के तहत अब तक हितग्राही समितियों एवं समूहों को भुगतान किए गए राशि की जानकारी तेंदूपत्ता संग्राहक को को किए गए भुगतान की जानकारी लघु वनोपज संघ ग्राहकों को किए गए भुगतान की जानकारी बिजली बिल हाफ योजना के तहत राज्य में उपभोक्ताओं को दिए गए छूट की जानकारी कृषि सिंचाई पंपों को छूट एवं रियायती दरों पर बिजली देने की योजना की जानकारी महिला स्व सहायता समूह पर बकाया कर्ज माफी की जानकारी मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत किए गए इलाज की जानकारी राज्य में पहली बार कोदो कुटकी रागी के समर्थन मूल्य की जानकारी इत्यादि सभी जानकारियां इस यात्रा के दौरान जन-जन तक पहुंचाई जाएगी साक्षी राज्य सरकार द्वारा राम गमन पर्यटन परिपथ की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी आजादी गौरव यात्रा के दौरान विधायक आशीष छाबड़ा के साथ बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,विजय पारख, मौजीराम साहू, रवि परगनिया, चंद्रवीजय धीवर, नेतराम निषाद, भीखम साहू, राजाराम देवांगन, चंदू यादव, रासबिहारी कुर्रे, भारतभूषण साहू, विनोद परगनिहा, तखतराम साहू, कमल साहू, सिद्धिक खान, बबला वर्मा,मन्नु निषाद, राजा साहू, कुशाल नायक, आशीष परगनिया, इंद्रचंद जैन, डीगम्बर परगनिया, प्रवीण शर्मा, डिम्मी वर्मा,पप्पू साहेब, चेतन बंजारे, टिकेंद्र परगनिया, बबली सोनवानी, कृष्णा चतुवेदी, मनीष साहू, लक्ष्मण साहू, राजकुमार सेन, राकेश सोनी, मोनल सिन्हा, गुड्डु सेन, जितेंद्र जोशी, खेलन यादव, नीलेश वर्मा, अर्पित परगनिया, रवि साहू, कमलेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसगण रहे उपस्थित।

## वेस्ट मटेरियल से बने 5 फीट के राखी को पीपल के विशाल पेड़ पर बांधा



**दल्लीराजहरा।** वेस्ट मटेरियल (पुराने कपडे, बांस का टुकड़े, रिबन) से बने राखी को डौंडी बाजार के बीच पीपल के विशाल पेड़ में बांधा जो आकर्षण केंद्र बना है। यह राखी पर्यावरण संरक्षण के साथ 15 अगस्त को आजादी का 75 वां वर्ष मानने के लिए घर घर तिरंगा फहराने को प्रेरित कर रहा है , ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने कहा 11 वर्षों से राखी के माध्यम से, जल संरक्षण, वन्य प्राणियों का संरक्षण, हेलमेट लगाओ, वृक्षारोपण कार्यक्रम, नशा मुक्ति, का सन्देश दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बिट्टू, सिंह दीपक गुप्ता, शिवम, कमल, चेतन, शिवांश सिंह, युगल सिंह, प्रकृति सिंह ने योगदान दिया।

# शासन-प्रशासन की कार्यवाही के डंडे से बेखौफ सरपंच-सचिव ने फिर से निकाले लाखों

## 15-जुलाई को जांच अधिकारी जांच करने लिटिया पंचायत पहुचे थे, जांच के दौरान जांच-अधिकारियों ने माना था बड़े पैमाने पर हुई वित्तीय अनियमियता

पायनियर संवाददाता ∢ करगीरोड-कोटा
www.dailypioneer.com

कोटा-जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले लिटिया-ग्राम पंचायत की सरपंच-सचिव पर 17-लाख से लेकर 20-लाख से ऊपर गबन-भ्रष्टाचार की शिकायत पंचायत के उपसरपंच-पंच सहित ग्रामीणों के द्वारा 28-जून-2022 को जिला-कलेक्टर के जनदर्शन में किया गया था, उपसरपंच-ग्राम पंचायत लिटिया के द्वारा अपने शिकायत में स्वच्छ-भारत-मिशन के तहत बनाए गए शौचालय में हितग्राहियों को मिलने वाले अंशदान की राशि 9.96000/ मूलभूत योजना 2021-22 के तहत बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के 4.1624/ सामुदायिक भवन की मरम्मत पर 95.000/ गली-मरम्मत 2.13000/? जिला-विकास-निधि के तहत मोहंदी में सीसी-रोड़ निर्माण 180.000/ 15-वित्त-मद से विकास कार्यो हेतु लाखो रुपए की विभिन्न किश्तों को पंचायत के सरपंच-व-सचिव द्वारा बिना कार्य के फर्जी बिल प्रस्तुत कर गबन के आरोप सहित पीएफ्एमएस-मद से 2.20.000/ हैंडपंप मरम्मत प्राथमिक-शाला-मोहंदी मरम्मत के कार्य मे भी गबन के आरोप ग्राम-पंचायत के उपसरपंच-पंच सहित ग्रामीणों ने 10-बिंदुओं पर लिखित शिकायत के रूप में कई


ग्राम-लिटिया, विकास खण्ड-कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)




गई थी..जिला-कलेक्टर के आदेश के बाद 15-जुलाई को तीन-सदस्यीय जांच टीम लिटिया-ग्राम-पंचायत जांच में पहुँची थी। जांच टीम की ग्राम पंचायत की सरपंच/उपसरपंच-पंच सचिव सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में जिले से पहुची जांच टीम ने संबंधित दस्तावेज-अभिलेख का किया परीक्षण-शुरू किया गया मीडिया की उपस्थिति में जांच टीम के मौके का निरीक्षण किया गया। जहा पर जांच टीम के द्वारा शिकायत में कही बातें लगभग अधिकतर सही पाई गई। मीडिया से बात करने के दौरान जांच टीम का नेतृत्व कर रहे 'अशोक धिरहि' ने बताया कि मौके पर जाकर जांच टीम के द्वारा भु-अभिलेखो का परीक्षण-संबंधित दस्तावेज के अवलोकन/पश्चात अपनी रिपोर्ट जिला/कलेक्टर/जिला सीईओ को सौंपेगी।

**2-लाख 50-हजार रुपए फिर से निकाले कलेक्टर के जनदर्शन में हुई फिर से शिकायत-** पूर्व में वित्तीय-अनियमियता की जांच कर रहे जिला/पंचायत के जांच-अधिकारीयो ने अपनी जांच रिपोर्ट अभी जिला/कलेक्टर जिला/सीईओ को सौंपी ही थी की ग्राम/पंचायत लिटिया के सरपंच-सचिव की कारगुजारियों की शिकायत एक बार फिर से जिला/कलेक्टर के जनदर्शन में हो गई..02-लाख-50-हजार रुपए बिना प्रस्ताव के पूर्व में किए जा चुके कार्यो का जिनका की भुगतान किया जा चुका है..एक बार पुनः से उन्ही कार्यो के भुगतान के लिए पंचायत के सरपंच/सचिव के द्वारा लाखो रुपए पुनः से निकाले गए लिटिया/ग्राम/पंचायत के वर्तमान उपसरपंच/पंच सहित पंचायत के ग्रामीणों ने 02-अगस्त 2022 को जिला-कलेक्टर के समक्ष जनदर्शन में 07-बिंदुओं में शिकायतों का पुलिंदा सौंपा जिसमे की स्वच्छ/भारत मिशन में पहाड़ीराम कौशिक पिता/ चेतराम कौशिक के पूर्व में बने शौचालय को उनके पुत्र देवीलाल कौशिक पिता/बालूराम कौशिक के नाम रंग रोगन कर पुताई कराकर जियो टैग कर नए निर्माण दर्शाते हुए राशि भुगतान कराकर फर्जीवाड़ा किया गया 12-मॉड्यूल शौचालय ग्राम मोहंदी लिटिया बेड़ापाट में बनाया गया है..सरपंच/सचिव द्वारा उसका भौतिक मूल्यांकन करते हुए सार्वजनिक जांच कराए जाने की बात कही गई।

पंचों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश के पहले मासिक बैठक में मुरुमीकरण हेतु प्रस्ताव रजिस्टर में अंकित कराया गया था..बिना मुरुमीकरण कराएं ही 15-वे वित्त से राशि दिनांक 22-जुलाई 2022 को 50.000/ 120.000/ भुगतान रनिंग वाटर कार्य पंचायत भवन हेतु 20-जुलाई 2022 को 15-वे वित्त से 74400.00- ऑनलाइन भुगतान दिखाई दे रहा है..जबकि कोई कार्य नहीं हुआ..सरपंच सचिव द्वारा 22-जुलाई 2022 को बिना प्रस्ताव के फर्जी तरीके से 35000/ आहरण कर लिया गया जिसकी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त हुआ 27/09/2021 को सामुदायिक भवन मरम्मत हेतु सामग्री-क्रय के नाम से 35000.00? भुगतान हेतु अनुमोदन लगाया कराया गया कौन से सामुदायिक भवन का मरम्मत कराया गया उल्लेख नहीं है,विगत वर्ष भी कोई भी सामुदायिक भवन मरम्मत नहीं कराया गया है सरपंच/सचिव द्वारा दिनांक 27/09/ 2021 को ग्राम पंचायत लिटिया मंच मरम्मत के लिए 40000/? भुगतान का सामान क्रय प्रस्ताव पारित किया गया..सूचना के अधिकार के तहत अनुसार मिली जानकारी के अनुसार किस जगह के मंच के मरम्मत का उल्लेख नहीं किया गया न ही प्रस्ताव में पारित दिनाँक की जानकारी उल्लेख नहीं है,सरपंच-सचिव के द्वारा 27/09/2021 को ग्राम पंचायत लिटिया के आश्रित ग्राम मोहंदी में सोलर पैनल 02-नग खंभा हटाने के लिए 20.000/? आहरण का प्रस्ताव पारित किया गया इन सभी बिंदुओं पर जिला/कलेक्टर के जनदर्शन में जांच की मांग की गई है।

### मामले की जांच कर रहे जांच-अधिकारी सहित कोटा जनपद-पंचायत के वर्तमान सीईओ ने इस पूरे मामले को लेकर क्या कहा

पूर्व में वित्तीय-अनियमियता की जांच/रिपोर्ट की प्रति जिला/पंचायत सीईओ को सौप दिया गया है..वर्तमान में पुनः से राशि निकाले जाने की शिकायत की जानकारी प्राप्त नही है,कार्यवाही-पंजी सहित समस्त अभिलेख/दस्तावेज हमारे पास है ऐसे में बिना प्रस्ताव के राशि नही निकाली जा सकती शिकायत की कॉपी मार्क करने पर पुनः से जांच की जाएगी।

**अशोक धिरहि जांच अधिकारी।**

वित्तिय-अनियमियता की जांच अगर अभी चल रही है.. जांच रिपोर्ट अभी बाकी है..तो ऐसे में पंचायत से सरपंच/सचिव के द्वारा बिना प्रस्ताव राशि निकाला जाना अनुचित है..वर्तमान में हुई शिकायत संबंधित दस्तावेज की मुझे जानकारी नही है.. शिकायत संबंधित प्रति देखने के बाद ही बता पाऊंगा

**हरिओम द्विवेदी सीईओ कोटा जनपद।**

पूर्व में लाखों रुपए की वित्तीय-अनियमियता की जांच अभी पूरी नही हुई है..जांच रिपोर्ट आनी बाकी है..समस्त अभिलेख-दस्तावेज जांच अधिकारीयो के पास होने के बावजूद सरपंच/सचिव के द्वारा बेखौफ होकर फर्जी तरीके से बिना प्रस्ताव के लाखों रुपए निकाल लिए गए जिला कलेक्टर कर जनदर्शन में पुनः से पंचों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की मांग की गई है।

**घनाराम बघेल उपसरपंच लिटिया।**

# अरुण साव को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर गृहनगर मुंगेली में उत्सव का माहौल

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव को छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर गृहनगर मुंगेली में उत्सव का माहौल रहा। जगह-जगह आतिशबाजी कर मिष्ठान्न वितरण किया गया। जिला भाजपा कार्यालय के सामने विधायक पुन्नूलाल मोहले व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गई। मुंगेली क्षेत्र के नागरिकों को जैसे ही सांसद अरुण साव के प्रदेश अध्यक्ष बनने की जानकारी मिली त्यों ही नागरिकों ने



अपने खुशियों का इजहार आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर किया। भारतीय जनता पार्टी की दृष्टि से मुंगेली नगर मण्डल, मुंगेली ग्रामीण मण्डल, सेतगंगा मण्डल, जरहागांव मण्डल, लोरमी उत्तर मण्डल, गोड़खामही मण्डल, देवरहट मण्डल, पथरिया मण्डल व सरगांव मण्डल में खुशियां मनाई गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बने अरुण साव सांसद बिलासपुर लोकसभा - मुख्यरूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं उनकी राजनीतिक सफ्लताएं इस प्रकार जारी है उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति में कदम रखकर आगे बढ़े। विद्यार्थी परिषद में राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचे। मुंगेली में युवामोर्चा के अध्यक्ष रहे। तत्कालीन बिलासपुर जिले में युवामोर्चा के जिला महामंत्री रहे। प्रदेश युवामोर्चा के महामंत्री रहे। इसके पश्चात वे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में शासकीय अभिभाषक से उप महाधिवक्ता तक रहे।

# सतनाम भवन मुंगेली में सीएसी जिला संघ का गठन किया गया

**मुंगेली।** सतनाम भवन मुंगेली में सीएसी जिला संघ का गठन किया गया। अध्यक्ष मोहन लहरी(पथरिया) एवं कार्यकारी अध्यक्ष धरमपाल सोनवानी (लोरमी), जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र धृतलहरे (मुंगेली) को मनोनीत किया गया। पीला



दिवाकर, उत्तम सोलंकी, तरुण रामपुरिक, भूपेंद्र लहरे, मोहन कश्यप, महेंद्र खरे,शिव कौशिक, राकेश टंडन, लक्षिकान्त जडेजा, रोहित मोहले, मनमोहन रात्रे, सर्वेंद्र खांडेकर, विकास जायसवाल, सुरेंद्र लहरे, हेमसिंग नवरंग, बृजमोहन सोनवानी,अमित गेंदले, फागु राम ध्रुव, इंद्राज पाटले, रमेश सोनकर , अमृत खूंटे, मनोज यादव, विजय मरखण्डेय, छबिलाल यादव, शैलेश कुर्रे, बलजीत सिंह कांत सहित जिले के समन्वयक साथी उपस्थित रहे।

# रविंद्र भारती द्वारा 'हर घर झंडा घर-घर झंडा' का आव्हान

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

रविंद्र भारती द्वारा 'हर घर झंडा घर-घर झंडा' के आह्वान पर सभी छात्र छात्राओं व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा रैली के माध्यम से संदेश दिया कि भारतवर्ष अपने आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव मना रहा है इस परिपेक्ष में हमें हर घर और घर-घर झंडा लगाकर के आजादी का जश्न मनाना है इस उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने के लिए और प्रचार-प्रसार करने के लिए रविन्द्र भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय मदनपुर द्वारा स्कूल से अनेक गांव होते हुए मुंगेली नगर के सभी गली में स्कूली बच्चों के साथ रैली के माध्यम से संदेश दिया गया जिसमें विद्यालय के प्रबंध




निदेशक आकाश सिंह परिहार ने संदेश दिया कि हमको 11 अगस्त से 16 अगस्त तक हर घर झंडा व घर-घर झंडा लगाना है साथ ही ये भी बताया कि तिरंगा झंडा लगाने के नियम में परिवर्तन हुआ है अब हम रात-दिन सभी समय अपने घर में झंडा लगा सकते हैं इस प्रकार प्राचार्य मनोहर यादव ने भी सभी सबको संदेश दिया की जिस आजादी को प्राप्त करने के लिए हमारे हजारो पूर्वजों ने बलिदानी दिए है ऐसे अमृत आजादी को जन-जन तक पहुचाने के लिए आवश्यक है उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और प्यारे बच्चे रैली के माध्यम से सन्देश देकर उद्देश को सफ्ल बनायें।

# प्रिंस होटल से खोया एवं यादव होटल से मिल्क केक का सैंपल लिया गया



**मुंगेली।** रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मिठाइयों के गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल के द्वारा लोरमी के प्रिंस होटल से खोया एवं यादव होटल लोरमी से मिल्क केक का सैंपल लिया गया, केदार होटल एवं स्वीट्स लोरमी, यादव स्वीट्स लोरमी ,सौरभ होटल लोरमी, मां भगवती जोधपुर स्वीट्स लोरमी का निरीक्षण किया सभी होटल एवं स्वीट्स वालों को मिठाइयों में मिलावट नहीं करने स्वच्छता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया हलवाई एवं अन्य वर्कर्स को स्वच्छ कपड़ा पहन कर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया सैंपल को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा।

सैंपल जांच में अवमानक या मिथ्या छाप पाया जाता है तो एडीएम न्यायालय में, अगर जांच में असुरक्षित पाया जाता है तो सीजेएम न्यायालय में केस प्रस्तुत किया जाएगा जहा जुर्माना एवं सजा दोनों हो सकता है रक्षाबंधन त्योहार को ध्यान में रखते हुए लगातार जांच किया जा रहा है अनियमितता मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# संभाग स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में जिले को मिले कुल 22 पदक

- **स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग का करेंगे प्रतिनिधित्व**

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

10 अगस्त को संभाग स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन 8 अगस्त को जिला खेल परिसर सरकंडा बिलासपुर में हुआ। जिसमें बिलासपुर संभाग के सात जिलों की टीम सम्मिलित हुई। इस प्रतियोगिता में जांजगीर चांपा जिले की जूडो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण पदक, 11 रजत पदक और 4 कांस्य पदक सहित कुल 22 पदक जीते।

जूडो टीम मे सम्मिलित 5 खिलाड़ी शास. पूर्व माध्य. विद्यालय ढोरला, 15 खिलाड़ी शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय ढोरला और 2 खिलाड़ी शासकीय बालक उच्च. माध्य. विद्यालय बलौदा के है। यह प्रतियोगिता बालक/बालिका 14/17/19 वर्ष के विभिन्न वजन वर्ग में हुई जिसमे जितेन्द्र, सुनील कुमार, सतनाम सागर मिरी, सुधीर कुमार, कु. दुर्गा, कु. पायल, कु. देविका ने स्वर्ण पदक जीता रजत पदक जीतने वालो मे राकेश कुमार, हिमांशु कुमार, उदय सिंह कंवर, अभिषेक कुमार, कु. संध्या, कु. बिंदिया, कु. सुनीता, कु. यामिनी,



कु. तान्या शर्मा, कु. स्नेहा पटेल, कु. नीतू है। इसी प्रकार नवल कुमार, अनिकेत ध्रुव, रंजीत कुमार, आकाश ने कांस्य पदक जीता। टीम के कोच नीलेश कुमार यादव व्यायाम शिक्षक शा.उ. मा. विद्यालय ढोरला एवं मैनेजर निशांत सोनी व्यायाम शिक्षक एलबीएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल बलौदा है।

स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी 3 से 6 सितम्बर तक दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता 2022-23 में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे । विगत वर्ष भी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मे जूडो, कुरास, योगमुडो जैसे मार्शल आर्ट के खेलो में शास. पूर्व माध्य. विद्यालय रामपुर व शास. उच्च माध्य. विद्यालय ढोरला के 41 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 5 स्वर्ण पदक, 18 रजत पदक, 12 कांस्य पदक सहित कुल 35 पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया था। खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी कुमुदिनी बाग द्विवेदी, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम लाल पांडेय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्याम रतन खाण्डे, एबीईओ दुर्गेश देवांगन, विकासखण्ड क्रीड़ा प्रभारी प्रीतम गढ़वाल प्राचार्य शाउमावि ढोरला संतकुमार रात्रे संकुल प्रभारी चारपारा पुनीदास महंत व ढोरला सरपंच दिनेश मिरी ने बहुत-बहुत बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

# प्रदेश सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की समस्याओं से रूबरू होने के लिए 75 कि मी की पदयात्रा चलाया जा रहा

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोरमी विधानसभा गौरव पद यात्रा के प्रभारी छाया विधायक शत्रुघ्न सोनु चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम अखरार से माता गायत्री का दर्शन कर पद यात्रा का शुभारंभ किया उपस्थित। गौरतलब हो कि आजादी के 75 वा महोत्सव मनाया जा रहा है इसी तारतम्य में प्रदेश कांग्रेस कमेंटी के निर्देश पर प्रदेश सरकार की नीतियो को जन जन तक पहुचाने और लोगों की समस्याओं से रूबरू होने के लिए 75 कि मी की पदयात्रा चलाया जा रहा है । पद यात्रा के दौरान कांग्रेस के जवाहर साहू नंद त्रिपाठी, घनश्याम जोशी, लता रानी वैष्णव, माया रानी सिंह खुशबू वैष्णव, शकिरा खांन दिनेश राजपूत परमेश्वर गुप्ता लखन कश्यप प्रकाश वैष्णव पुरुषोत्तम मार्को श्रीतोरन खांड़े धनुष सेन पंचराम डहरिया राजू संतोष कुमार जायसवाल मुकेश जायसवाल शिवा जांगड़े शिव पटेल पुरुषोत्तम बघेल श्याम भाई श्याम लाल रामु निषाद राम कृपाल सतेश्वर जायसवाल नरेन्द्र भाई लाला दिवाकर रामप्रकाश यादव राम साहु अनिल दास मेन कुमार भार्गव सादिक बंजारे गोलू दुर्गा रजक गोलू कश्यप विष्णु मिरी सविता पाठक सोमकुमार हरिनाम सिंह ध्रुव कामता सोनवानी संदीप सेन पी सी लहरें प्रदीप जायसवाल रामशरण खांडेकर श्याम काठले विजय पाटले चिमटा विश्वकर्मा हेमंत मानिकपुरी शोभा बघेल नरेश काठले राजकुमार अमिर खान चंदू जायसवाल बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आदिवासी सामाज छत्तीसगढ़ की पहचान : गगन

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत में खपरीडीह में विश्व आदिवासी दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। खपरीडीह में आदिवासी समाज की ओर से भारत माता चौक परिसर में सभा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में सभापति गगन जयपुरिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में बम्हनीडीह थाना प्रभारी श्रीमती सुनीता नाग बंजारे , आशीष तिवारी , सोनू जायसवाल उपस्थित थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच सेवती राजेंद्र राज ने की। सबसे पहले भारत माता , संतोषी माता और आदिवासी समाज के पारम्परिक हथियार तीर - धनुष की पूजा और आरती की गई। उसके बाद अतिथियों द्वारा समाज को सम्बोधित किया गया। इस सभा को गगन जयपुरिया ने संबोधित करते हुए



कहा कि आदिवासी सामाज छत्तीसगढ़ की पहचान है, समाज की संस्कृति इस राज्य की धरोहर है जिसे संजोकर रखना है। यह आदिवासियों की एक परम्परा है। इसे आज के दिन पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। कोई भी नशा प्रत्येक समाज और परिवार के पतन का कारण है इसलिए हमें नशे एवं अन्य बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। आदिवासी समाज के लिए ये बहुत गौरव का विषय है देश की प्रथम नागरिक एक आदिवासी महिला है। गगन जयपुरिया ने कार्यक्रम स्थल में जगह की कमी को देखते हुए गाँव वालो की मांग पर 2 लाख रूपये की लागत से एक छतदार चबूतरा की भी घोषणा की। थाना प्रभारी सुनीता नाग बंजारे ने महिलाओं में बढ़ते अपराध से बचाव और जागरूकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ हिस्सा लिय। बच्चो ने पारम्परिक वेश-भूषा में आंचलिक गानो पर नृत्य किया। उसके बाद सभी लोग प्रसाद और स्वल्पाहार लेकर अपने अपने घर को वापस गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फ्रितराम धनुहार, धनीराम धनुहार ,अमृतलाल, राजेश, भारतीलाल , सोहन , संजय, सहोदरा बाई, लगनी बाई , धनबाई , साहाबाई एवं बड़ी संख्या में सामाज के महिला -पुरुष, बच्चे उपस्थित थे। अन्य समाज से गजानंद वस्त्रकार, उपसरपंच सीताराम जायसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामायण वस्त्रकार ने किया।

# फन फेयर वर्ड मीना बाजार का हुआ आगाज

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जन्माष्टी के अवसर पर रायगढ़ शहर के सावित्री नगर में लगने वाले मीना बाजार का सोमवार की शाम रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के हाथों भव्य शुभारंभ हुआ। कोरोनाकाल के दो साल अंतराल में लगने वाले फ्न फेयर वर्ड मीना बाजार में कई आकर्षत झुले इस बार आकर्षण का केन्द्र बनेंगे जो शहरवासियों को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नही छोड़ने वाले। यूं तो रायगढ़ जिले में लगने वाले जन्माष्टमी मेले की चर्चा रायगढ़ ही नही अपितु पूरे प्रदेश के अलावा आसपास के जिलों से भी विख्यात है। यही वजह है कि जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के सावित्री नगर में फ्न फेयर वर्ड मीना बाजार में छोटे बच्चों एवं बड़ों के लिये नए-नए झूले लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कोरोना काल की वजह से दो बाद एक बार फ्रि फ्न फेयर वर्ड मीना बाजार शहरवासियों के कुछ नया लेकर आया है। सोमवार की शाम रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने फ्न फेयर वर्ड मीना बाजार का भव्य








शुभारंभ किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मीना बाजार के संचालक ने बताया कि सावित्री नगर में सोमवार की शाम से फ्न फेयर मीना बाजार का शुभारंभ किया गया। पूर्व की अपेक्षा यहां कई आकर्षक और नए झुले लगाए गए हैं। मीना बाजार का उद्घाटन होते ही बच्चों और बड़ों ने यहां जमकर लुत्फ उठाया। मीना बाजार घुमने आने वालों के लिये यहां सुरक्षा और पार्किंग के बेहतर इंतजाम किया गया है। हर साल फ्न फेयर वर्ड मीना शहरवासियों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कुछ नया करने की पूरी कोशिश करता है और यही वजह है कि फ्न फेयर वर्ड मीना शहरवासियों की पहली पसंद बन चुका है।

# देर से स्कूल आने वाली शिक्षिका पर हुई कार्रवाई, रोकी गई वेतन वृद्धि

**रायगढ़।** रायगढ़ विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाखा में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों द्वारा स्कूल बंद किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर रानू साहू ने तुरंत इसके जांच संबंधी कार्यवाही हेतु आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए थे। शिकायत प्राप्ति उपरांत स.वि.ख.शि.अ.अनिल कुमार साहू, संकूल प्राचार्य उर्दना एवं सीएसी द्वारा शास.पूर्व.मा.शा.लाखा वि.ख.रायगढ़ में उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से शिकायत के संबंध में लिखित बयान लिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार शास. पूर्व. मा. शा. लाखा विकासखण्ड रायगढ़ में 2 शिक्षक पदस्थ है जिसमें 01 शिक्षिका नवा जतन प्रशिक्षण में सम्मिलित होने तथा 01 शिक्षिका कु.सरस्वती चैहान शाला विलंब से पहुंचे जाने पर विद्यार्थी आक्रोशित होकर अपने पालकों को शिकायत किए जाने से स्कूल में ताले जड़ दिए जाने से उक्त स्थिति निर्मित हुई। ग्रामीणों द्वारा उक्त शिक्षिका को अन्यत्र हटाने की मांग की गयी। कु.सरस्वती चैहान शिक्षिका को पूर्व में शाला में समय पर उपस्थित होने, अध्यापन कार्य ठीक से कराने के संबंध में संकूल प्राचार्यध्सीएसी द्वारा समझाईश दी गयी थी, किन्तु उनके द्वारा कर्तव्य पालन में लापरवाही बरती गयी।

## शाला समिति गठित



भानुप्रतापपुर। प्रबंधक, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर के निर्देशानुशार शा. हाईस्कूल करमोती में आयोजित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की त्रैमासिक बैठक श्रीमती बालो पोटाई सरपंच एवं सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारम्भ किया गया! बैठक में छात्रों की नियमित उपस्थिति, शिक्षा गुणवत्ता, शाला समिति की सहभागिता, जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई! बैठक में पूर्व माध्यमिक शाला करमोती की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया! जिसमें अध्यक्ष धरम सिंह निषाद, उपाध्यक्ष राधश्याम कुलदीप, सदस्य सरोज किरसान, युवराज सांवला, समलिया निषाद, जुगल अधिकारी, डालेश्वरी कचलाम, पंचबती निषाद, सियाबती नेताम शकुन्तला निषाद, शांता कोसमा और रंजीतिन निषाद बनाए गए। बैठक में श्यामसिंह सोनवानी उपसरपंच, चंद्रकांत ग्राम पटेल, बी.आर. भास्कर सचिव, पवन निषाद, धर्मेंद्र नेताम, दीनदयाल दुग्गा, सचेन्द्र बघेल, फुलेश पटेल और ललिता सेन ने सहभागिता प्रदान की।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ बोडला ब्लॉक निर्विरोध महासचिव बने बसन्त नामदेव,संघ में उत्साह का माहौल



कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य का अहम भूमिका निभाने वाले संगठन श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले बोडला ब्लॉक के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी के निर्देशन पर चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदेश सचिव निर्मल सलूजा और जिलाध्यक्ष अमिताभ नामदेव ,जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदिल खान के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित किया गया। जिसमे बोडला ब्लॉक के सभी पत्रकार साथी गण उपस्थित रहे और सभी पत्रकारों ने मिलकर सर्वसम्मति से ब्लॉक महासचिव पद के लिए बसन्त नामदेव को चुना वही अध्यक्ष के पद पर दीपक मागरे बोड़ला और उपाध्यक्ष के पद पर वेद को निर्वाचित चुना गया। नवनिर्वाचित महासचिव अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुने जाने पर बोडला ब्लॉक के समस्त पत्रकारों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी,और फूलमाला से स्वागत किया। इस दौरान चुनाव प्रभारी के रूप में बोडला के सर्किट हाउस में पहुंचे निर्मल सलूजा और अमिताभ नादेव ने सभी पत्रकारों को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते बोड़ला ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष बसन्त नामदेव के कार्यकाल की प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं बधाई दी।

## भानुप्रतापपुर से गढ़चिरौली महाराष्ट्र रेल लाइन के विस्तारीकरण की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से कांकेर सांसद मोहन मंडावी ने मुलाकात की



कांकेर। सांसद मोहन मंडावी ने दुर्गुकोंदल कापसी पखांजुर क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग भानुप्रतापपुर से गढ़चिरौली व्हाया पखांजूर दुर्गुकोंदल रेलमार्ग विस्तारीकरण की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मानसून सत्र के दौरान मुलाकात कर इस रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को प्रमुखता से रखा। ज्ञात हो कि 135 किलोमीटर तक भानुप्रतापपुर से गडचिरोली तक रेल लाइन सर्वे कार्य का टेंडर निकालने कि तैयारी भी विभाग द्वारा पूरी कर ली गई है। इस सर्वे हेतु 3.37 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। कांकेर सांसद ने अश्वनी वैष्णव केंद्रीय रेल मंत्री से भेंट वार्ता के बाद यह भी बताया कि इस रेल विस्तार से भानूप्रतापपुर अंतागड़ दुर्गुकोंदल कापसी पखांजूर आदि गढ़चिरौली महाराष्ट्र से जुड़ जाएगा जिससे इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। इसी प्रकार रायपुर से केंवटी व्हाया अंतागढ़ तक रेल लाइन विष्तारीकरण को सांसद कांकेर मोहन मंडावी एक चुनौती के रूप में लेते हुए इस कार्य को अंजाम दिया ।

# विशेष पिछड़ी जनजाति एवं अन्य हितग्राहियों को वनाधिकार मान्यता पत्र तथा सामग्रियों का वितरण

### विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को मिली शासकीय नौकरी

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विशेष पिछड़ी जनजातियों एवं अन्य हितग्राहियों को वनाधिकार मान्यता पत्र तथा वनाधिकार ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। आदिवासी वर्ग के हितग्राही को ट्रैक्टर प्रदाय किया गया तथा एकलव्य एवं प्रयास आवासीय विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया और विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के पॉच युवाओं को शासकीय नौकरी के नियुक्ति आदेश प्रदान किये गये, साथ ही विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। जिला पंचायत कांकेर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी कांकेर आलोक बाजपेयी, जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पडोटी एवं नवली मीना मण्डावी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर गौरीशंकर नाग, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, परियोजना प्रशासक माखन सिंह ध्रुव, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर सहित आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत ध्रुव ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आदिवासियों के हितों के संरक्षण एवं उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व में प्रति वर्ष 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आदिवासियों के हितों के संरक्षण तथा उनकी संस्कृति एवं परंपरा को बनाये रखने के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। वनवासियों को वनाधिकार मान्यता पत्र एवं सामुदायिक वन संसाधन हक प्रदान किये जा रहे हैं। पूरे बस्तर संभाग में सबसे ज्यादा कांकेर जिले में वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान किये गये हैं। आज के कार्यक्रम में 320 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनाधिकार मान्यता पत्र तथा 30 सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र वितरित किये गये। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के पॉच युवाओं को शासकीय नौकरी प्रदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनके जीवन में बदलाव आयेगा।

जिले के युवा जो बोर गाड़ी में काम करने बाहर गये थे और बंधक बनकर रह गये थे, उन्हें वापस लाने में जिला प्रशासन के कार्यों की प्रंशसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गांव-गांव में मनरेगा के कार्य खोले जाते हैं तथा काम की कोई कमी नहीं है, उसके बाद भी बोर गाड़ियों में काम करने के लिए बाहर जाना उचित नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 04 हजार रूपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदी की जा रही है, इसके अलावा लघु वनोपज की भी खरीदी की जा रही है। आदिवासियों के आस्था के प्रतीक देवगुड़ी एवं गोटुल का निर्माण लगातार किया जा रहा है।

## कलिंगा विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में 'प्रेमचंद का साहित्य और आज का समय' विषय पर संवाद संगोष्ठी और कहानी पाठ का आयोजन संपन्न



रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत हिन्दी विभाग के तत्वावधान में ''प्रेमचंद का साहित्य और आज का समय' विषय पर संवाद संगोष्ठी एवं कहानी पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार और कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आनंद बहादुर उपस्थित थें। संवाद संगोष्ठी के पश्चात उन्होनें विद्यार्थियों से साहित्य लेखन पर चर्चा की और अपनी बहुचर्चित कहानी 'सीटी' का वाचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ की अधिष्ठाता डॉ. आशा अंभईकर, कला एवं मानविकी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. शिल्पी भट्टाचार्य, अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विनय चंद्र झा, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार, फैशन डिजाइनिंग विभाग की डॉ. स्मिता प्रेमानंद और हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार शुक्ल की उपस्थिति में माँ सरस्वती और मुंशी प्रेमचंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया गया। संवाद संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्त ा के रुप में उपस्थित हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार और कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आनंद बहादुर ने कहा कि कथा सम्राट प्रेमचंद अपने पात्र एवं कथानक को आम जनजीवन से उठाते थे। उनकी रचनाओं में किसान और मजदूर मुख्य पात्र होते थे।

## अमेजन पे ने स्थानीय व्यापारियों के लिए स्मार्ट स्टोर प्रोग्राम का विस्तार किया

रायपुर। अमेजन पे ने अपने अमेजन पे स्मार्ट स्टोर्स प्रोग्राम के माध्यम से टियर 2 टियर 3 शहरों के 18,000 कारोबारियों को शामिल किया है अमेजन पे स्मार्ट स्टोर ऑफ़लाइन खरीदारी का एक नया अनुभव प्रदान करता है यह ग्राहकों को ऑफ़लाइन स्टोर की खोज करने में मदद करता है और भुगतान के ढेरों विकल्पों के साथ सबसे किफायती कीमत पर प्रोडक्ट की पेशकश कर बिक्री में सुधार लाता है यह ऑफ़लाइन लघु और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) खुदरा विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के अमेजन पे के प्रयास को मजबूती प्रदान करता है और उनके लिए विकास के नए अवसरों के द्वार खोलता है।

इस पहल को लेकर बात करते हुए अमेजन पे रिवाड्र्स के डायरेक्टर गिरीश कृष्णन ने कहा हमारी कोशिश है कि हम व्यापारियों और ग्राहकों को क्रेडिट की सुविधा प्रदान करते हुए उनके रोजाना के लेनदेन में आने वाली परेशानियों को कम करें और उन्हें अधिक से अधिक बचत करने का अवसर प्रदान करें अमेजन पे उन ग्राहकों को आगे भी ऐसे इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रदान करता रहेगा जो बेहतर तरीके से आस-पास के स्टोर की खोज नो कॉस्ट ईएमआई, बैंक डिस्काउंट, बीमा जैसी वैल्यू एडेड सेवाओं, वारंटी आदि के साथ ऑफ़लाइन खरीदारी करना पसंद करते हैं। संध्या कोठारी संचालक गिज़्मो गैलेक्सी एंड सन सिस्टम मुंबई का कहना है हम पिछले 10 महीनों से अमेजन पे का उपयोग कर रहे हैं।

## ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती के टीवी विज्ञापन में एमएस धोनी नज़र आए गुरूजी के अवतार में

रायपुर। देश में अगरबत्ती और धूपबत्ती के सबसे बड़े रिटेलर्स में से एक मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के प्रमुख ब्रांड ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती ने अपने नए कैम्पेन को लॉन्च किया है जिसमें एम एस धोनी एक गुरूजी की भूमिका में नज़र आएंगे। यह नया टीवी विज्ञापन ज़ेड ब्लैक के 'प्रार्थना होगी स्वीकार' का ही विस्तार है जिसका उद्देश्य है यह संदेश लोगों तक पहुंचाना कि मुश्किल समय में केवल प्रार्थनाएं ही वायरल होती हैं और इसे निस्वार्थ भावना के साथ फैलाने की आवश्यकता है। ज़ेड ब्लैक देश के शीर्ष तीन अगरबत्ती निर्माताओं में से एक है जो प्रति दिन तीन करोड़ से ज़्यादा अगरबत्तियाँ तैयार करती है और 15 लाख पैक की बिक्री करती है। भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी और सबसे चहेते कैप्टन कूल महेन्द्र सिंह धोनी लगातार पिछले पांच सालों से भी ज़्यादा समय से ज़ेड ब्लैक 3 इन 1 अगरबत्ती का विज्ञापन कर रहे हैं।

# या हुसैन के नारों से गूंजा अंचल, कोरोना काल के 2 साल बाद निकला मोहर्रम का भव्य जुलूस







पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

करबला के मैदान का वो दर्दनाक वाक्या जो हर मुस्लिम के रूह को झंकझोर देता है आंखे नम हो आती है और आंसू के कतरे अपने आप बह निकलते हैं। यजीदियों के आतंक के सामने इस्लाम को बचाने के लिए अपने नाना पैंगबर मोहम्मद स.अ.व की अजमत के लिए नवासा हुसैन ने सिर झुकाने के बजाए सिर कटा दिया और इस्लाम का झंडा बुलंद कर दिया। बुराईयों के बीच यह अच्छाई की जंग यजीदियों के साथ हुसैन ने बेहद ही ईमानदारी से लड़ा और अपने आखिरी वक्त में भी नमाज की पाबंदी दुनिया को दिखाई। करबला के मैदान में हुए इस दर्दनाक वाक्या की याद में ही मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा प्रतिवर्ष मोहर्रम मनाया जाता है। कोरोना काल में विगत दो वर्षों से प्रभावित मोहर्रम का जुलूस इस वर्ष बहुत ही जोशो खरोश और तैयारी के साथ निकाला गया। सभी आयु वर्ग के लोग बढ़ चढ़ कर यादे इमाम हुसैन के जुलूस में शामिल हुए।

**कत्ले हुसैन से मर गए यजीद**

इस्लाम की पाकीजगी और मोहम्मद स.अ.व की खूबसूरत जात से नफरत करने वाला यजीद जिंदा होकर भी मर गया। इसलिए करबला मैदान के बाद यह कहा गया कि कत्ले हुसैन अस्ल में मर गए यजीद थे, इस्लाम जिंदा होता है हर करबला के बाद। हुसैन की सेना में 72 लोग और यजीद की सेना में हजारों की तादाद फिर भी यजीद कत्ल करके भी हर गया और हर मोहर्रम में साल दर साल बढ़ती तादाद इस्लाम के जिंदा होने का सबूत देता है।

**अशोक गुप्ता का यजीदियों को जवाब**

करबला के मैदान में यजीदियों ने पैंगम्बर के नवाने इमाम हुसैन के नन्हें असगर को पानी के लिए तड़पाया था। पानी की जगह गले में खंजर मारा था। यजीद मर गया पर इस्लाम जिंदा है। यजीद की इन हरकतों को जिला मुख्यालय के बनियाटोली निवासी 70 वर्षीय अशोक गुप्ता हर साल जवाब देते हैं। प्यासे को पानी पिलाने के लिए वे हर मोहर्रम में शरबत और ठंडे पानी का इंतजाम करते हैं। उनसे बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्यासों को पानी नहीं देना इंसानियत का परिचय नहीं है। वे बचपन से ही मोहर्रम में जुलूस के लिए पेय पदार्थ की तैयारी करते हैं।

**खिलाड़ियों ने दिखाए खेल**

मोहर्रम के अखाड़े में खेल के लिए बाहर से खिलाड़ी आए थे। 25 की संख्य में आए खिलाड़ियों ने अपने आकर्षक और हैरतअंगेज खेल से सबका दिल जीत लिया। उनके खेल को देखकर नारे तकबीर अल्लाह अकबर, या हुसैन के नारे गूंज उठे।

**तीन मोहल्लों से जुलूस**

जिला मुख्यालय में दर्जी मोहल्ला, आजाद बस्ती और चीर बगीचा तीन मोहल्लों से जुलूस निकाली गई जो बस स्टैण्ड में स्थित इमाम बाड़े में आकर एकत्रित हुई और एक साथ तय सुदा रास्ते में निकाली गई। यादे हुसैन और करबला में हुए शहीदों के याद में आंखे नम रही और हुसैन के लिए लगातार नारे लगते रहे। मोहर्रम के भव्य जुलूस की तैयारी में युवाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्ति से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मियां विधायक संतराम ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व पर लगाए आरोप

पायनियर संवाददाता केशकाल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा द्वारा 9 अगस्त कोविश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के स्थान पर नवीन प्रदेशाध्यक्ष के रूप में बिलासपुर लोकसभा के सांसद अरुण साव को नियुक्तकिया गया है। इस नियुक्ति के बाद से प्रदेश का सियासी पारा गरमाया हुआ है। इस सम्बंध में केशकाल विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने वीडियो जारी करते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व पर आदिवासियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। विधायक संतराम नेताम का कहना है एक ओर जहां पूरे विश्व में 9 अगस्त को आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा छत्तीसगढ़ के आदिवासी एवं कुशल राजनीतिज्ञ प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को हटा कर अरुण साव को नवीन प्रदेश अध्यक्ष नियुक्तकिया गया है। विष्णुदेव साय को इस तरह से पदमुक्तकरना आदिवासी समाज का अपमान है। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा स्वयं को आदिवासियों की हितैषी जरूर बताती है लेकिन साफ जाहिर हो रहा है कि भाजपा ने सदैव आदिवासियों के साथ अन्याय किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की यह नियुक्तिआदिवासी समाज के अहित में हुई है।

## भाजपा खरोरा मण्डल के अंतर्गत जोन 3 में बैठक संपन्न

खरोरा। भारतीय जनता पार्टी खरोरा मण्डल के अंतर्गत जोन 3 जिसमे कोदवा, रायखेड़ा, चिचोली, खौना, मोहरेंगा शक्ति केंद्र है, की सामूहिक बैठक विधानसभा प्रभारी आदरणीय प्रहलाद रजक, पूर्व विधायक देव पटेल एवं जोन संरक्षक आदरणीय. एस. मिश्रा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रदेश संयोजक अंजय शुक्ला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व रेलवे बोर्ड के सदस्य डॉ. गुलाब सिंह टिकरिहा, प्रदेश प्रतिनिधि डोगेन्द्र नायक, जिला अध्यक्ष भाजयुमो संचित तिवारी, मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, महामंत्री व जोन प्रभारी घनश्याम चंद्राकर, महामंत्री दुलेस साहू, जोन सह प्रभारी मारुती वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, दुष्यंत साहू, छगन यादव, दीपक धनकर, दीपक तिवारी, केवरा वर्मा, मालती शांडिल्य, संयोजक व सह संयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, बूथ पालक एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।



## कोलंबिया में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का आयोजन



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनिकी विश्वविद्यालय से सम्बंधित कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रोट्रैक्ट क्लब तथा उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय एस डी पी प्लेटलेट डोनेशन अवेयरनेस प्रोग्राम तथा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सम्बंधित विषयो के विशेषज्ञ विश्वजीत एवं सचिन ने छात्र-छात्राओं को संम्बोधित किया।विशेषज्ञ विश्वजीत ने बताया किस तरह लोगो की जिंदगी इससे बचायी जा सकती साथ ही साथ लोगो में किस प्रकार इसकी जागरुक्त ा लायी जा सकती हैए वही उद्यमिता विकास विशेषज्ञ सचिन ने दुनिआ भर के उद्यमियों का उदहारण देते हुए छात्रों को बताया की किस प्रकार से आप स्वयं अपने आप को भारत के भविष्य उद्यमियों की श्रेणी में देख सकते है साथ ही साथ खुद के साथ साथ अपने और अपने समाज के लिए एक उदाहरण पेश कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान कोलंबिया ग्रुप सचिव हरजीत सिंह हूराए प्रिंसिपल प्रोफेसर अमित रॉयए रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी सागर साहू ए रोट्रैक्ट क्लब तथा उन्नत भारत अभियान अधिकारी राहुल गोस्वामी के साथ साथ अन्य प्रोफेसर मौजूद थे।

## रिपॉस ने एक अनूठे एनर्जी फिनटेक प्लेटफॉर्म को किया लॉन्च, DATUM टेक टूल के ज़रिए ऊर्जा वितरण के क्षेत्र में क्रांति लाने का प्रयास




रायपुर। रिपॉस को भारत में जन-जन तक विभिन्न तरह की ऊर्जा पहुंचाने के मामले में एक अग्रणी कंपनी के तौर पर देखा जाता है. कंपनी के 2000 से अधिक साझेदार हैं और कंपनी देश के 220 से भी अधिक शहरों में कार्यरत है. फ़िनटेक के तहत रिपॉस ने रिपॉस पे को लॉन्च कर दिया है जो एक अनूठा एनर्जी क्रेडिट फ़िनटेक प्लेटफॉर्म है. इससे ऊर्जा के वितरण के क्षेत्र में एक क्रांति आ जाएगी। उल्लेखनीय है इस टेक टूल को मुम्बई में पिछले महीने लॉन्च किया गया था. इस विशेष मौके पर केंद्रीय MSME मंत्री नारायण राणे ने अपनी विशेष मौजूदगी दर्ज कराई. रिपॉस ने अपने नवीनतम टेक्नोलॉजी टूल DATUM को हाल ही में रायपुर में लॉन्च किया। इस सिटी लॉन्च के मौके पर ट्रांसपोर्टर, OEM अफ़सर और बैंकर भी मौजूद थे। ग़ौरतलब है कि रिपॉस आपूर्ति और मांग की खाई को कम करने की दिशा में कार्यरत है और DATUM के माध्यम से डिज़ल से शुरू करते हुए उपभोक्ताओं के दरवाज़े तक ईंधन पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। रिपॉस पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल ऊर्जा की वितरण प्रणाली के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है जो इस लॉन्च से पूरी तरह से स्पष्ट हो जाता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

// मैन्युअल पद्धति वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/2007/पेयजल/न.पा./2022-23 कुम्हारी, दिनांक 10/08/2022

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में निम्नानुसार कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों/फर्म/एजेंसी से निविदा त्रि-लिफाफा पद्धति से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा फार्म केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 22/08/2022 सायं 5.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 24/08/2022 सायं 5.00 बजे तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 01/09/2022 दोप 3.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 01/09/2022 सायं 4.00 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | मोटर पंप संधारण कार्य 01 एच.पी. से 15 एच.पी. तक। | 15.00 |
| 2. | वार्ड क्र. 14 फिल्टर प्लांट एवं खारून नदी इंटेकवेल व्हीटी मोटर पंप का मरम्मत/संधारण कार्य, 07 से 100 एच.पी. | 15.00 |

नियम एवं शर्ते :- उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

## समक्ष न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202204031400075/अ-6/2021-2022

// राजस्व मामले का नोटिस //

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक गजानंद सिंह राही आ. फूलसिंह राही के द्वारा मोख्तारनमा खास विक्रांत राही आ. गजानंद राही जाति बहेलिया निवासी ग्राम सरकण्डा बंगालीपारा गली नं. 04 तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम गम्हरिया भूमि स्थित भूमि खसरा नं. 433/4 रकबा 0.061 हे./0.15 भूमि को दिनांक 12.11.2010 रजिस्ट्री बैनामा के द्वारा क्रय किये जाने पर उक्त भूमि से अनावेदक का नाम काटे जाने एवं आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में अनावेदिका रमला देवी पिता रामचन्द्र जाति-गोंड स्थायी पता शक्ती, अखराभाटा पोस्ट शक्ती तहसील शक्ती जिला जाँजगीर-चाँपा (छ.ग.) को आहूत किया जाना आवश्यक है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 22.08.2022 को इस न्यायालय में दिन के 11:00 बजे होना नियत किया गया है। अतः उक्त अनावेदिका उक्त प्रकरण में नियत तिथि को स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 04.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/1384/रीडर-1/2022 जशपुर, दिनांक -29/07/2022

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम-जुरगुम, प.ह.नं. 07 तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेषांक भगत पिता तेम्बा राम भगत, निवासी ग्राम मु. सन्ना रोड जशपुर तहसील जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी
ग्राम-जुरगुम, प.ह.न. 07,
आवेदित भूमि का ख.न. 167/5, रकबा 0.040 हे. में से 10 डि., वर्ग.मी. ..
प्रयाजनार्थ - आवासीय।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 17/08/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 29/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑनलाईन निविदाएं ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण :-** कबीरधाम जिले के पण्डरिया एवं स.लोहारा विकासखण्ड में स्वीकृत एकल विलेज नल जल नल जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य।

| निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक | निविदा सिस्टम क्रमांक | योजना का नाम एवं विकासखण्ड | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|---|
| 273/ Dt. 05-08-2022 | 106349 | विकासखंड स. लोहारा के ग्राम मजगाँव | 75.71 |
| 274/ Dt. 05-08-202 | 106350 | विकासखंड स. लोहारा के ग्राम सारी | 98.87 |
| 275/ Dt. 05-08-202 | 106358 | विकासखंड स. लोहारा के ग्राम पुतकीखुर्द | 70.72 |
| 276/ Dt.05-08-202 | 106359 | विकासखंड स. लोहारा के ग्राम करपीकला | 56.50 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 05.08.2022 से देखी जा सकती है।

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 25.08.2022

G- 93505/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

Aavas SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ''की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| श्री ओमप्रकाश देवांगन, श्रीमती नन्दनी बाई देवांगन खाता सं. LNRAI00620-210171994 | 08 अगस्त 2022 ₹ 523196/- 03 अगस्त 2022 | सम्पत्ति ख.नं.-330/57 ( ख.नं. 330/1 का हिस्सा ) स्थित मौजा-कोपेडीह, प.ह.नं. 07, भिलाई नं. 03, तहसील-पाटन व जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 724 वर्ग फीट |

स्थान : जयपुर दिनांक 11.08.2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड
Cent Bank Home Finance Limited
Registered Office : Bhopal Corporate Office : Mumbai
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

कब्जा की सूचना (नियम 8 (1) अचल संपत्तियों के लिये)

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि सेन्ट बैक होम फायनेन्स लिमिटेड बिलासपुर शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन 2002 के नियम 3 साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी,जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत नियम 8 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी/जमानतदार एवं विशिष्ट रुप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार सेन्ट बैक होम फायनेन्स लिमिटेड के खाते के आगे वर्णित राशि दी गई मांग सूचना की दिनांक के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधिन होगा। खाते का विवरण निम्न प्रकार है

| क्रं. | ऋणी का नाम | बंधक अचल संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की दिनांक / कब्जा की दिनांक | बकाया राशि मांग नोटिस दिनांक तक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती गौसिया बेगम पति शेखर साबिर खाता क्रं.- 01102070000847 | संपत्ति के सभी प्रमुख अंग मकान, मौजा देवरीखुर्द, पटवारी हल्का नं 25, खसरा नं 24/7, मस्तुरी रोड़, दर्रीघाट, बिलासपुर (छ.ग.) उप जिला बिलासपुर एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत पंजीकृत, क्षेत्रफल : 2200 वर्गफूट, चौहद्दी पूर्व में - हिंसा राम की भूमि, पश्चिम में - रोड़ एवं अरपा नदी, उत्तर में - मस्तुरी मेन रोड़, दक्षिण में - नाला | 19.11.2015 / 06.08.2022 (सांकेतिक) | ₹ 8,38,172/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार |
| 2. | सुश्री लता सिंह ठाकुर पिता स्व. भागवत सिंह खाता क्रं.- 01102080000017 & 01102080000135 | संपत्ति के सभी प्रमुख अंग मकान, मौजा जूना बिलासपुर, पटवारी हल्का नं22, खसरा नं 881/15, शीट नं . 26 ब्लॉक नं. 05, भूखंड नं. 6/3, संजय गांधी वार्ड नं. 15, आनंदा इंपेरियल के पीछे, तारबाहर, तहसील-जिला बिलासपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल : 592 वर्गफूट, चौहद्दी पूर्व में -अशोक विधानी का मकान, पश्चिम में - मिश्रा जी का मकान और गली, उत्तर में - कमला बाई का मकान, दक्षिण में - कमला बाई का मकान | 19.11.2015 / 06.08.2022 (सांकेतिक) | ₹ 14,15,214/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार |

स्थान : बिलासपुर, दिनांक : 10.08.2022 प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लि., बिलासपुर

शाखा बिलासपुर : प्रथम तल, मित्तल कॉम्पलेक्स, मेन रोड़, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.) , फोन : 07752-403078

# थाने में शिकायत करने वाली भाजपा पार्षद भी उल्टा तिरंगा मामले में उलझीं, अब मुसीबत में भाजपा

## कांग्रेस का आरोप भाजपा का षड्यंत्र उजागर, भाजपा ने कहा मामले की निष्पक्ष जांच कर हो कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीते सोमवार को आयोजित कांवड़ यात्रा के दौरान उल्टा तिरंगा लेकर घूमने के मामले में नगर निगम महापौर के खिलाफ थाने में शिकायत करने वाली भाजपा पार्षद मणि भास्कर गुप्ता अब खुद उलटा तिरंगा लहराने के मामले में फंस गई हैं । बुधवार की सुबह से सोशल मिडिया में वो तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे जिसमे मणिभास्कर गुप्ता के हांथों में उलटा तिरंगा दिख रहा है और उसे लेकर वो बेपरवाह तरीके से जुलुस में चल रही हैं । संस्कारधानी में बरसते पानी व् सर्द मौसम में तिरंगे को लेकर सियासत अब गर्म हो चुकी है । भाजपा और कांग्रेस दोनों ही इस मामले को लेकर अब आमने सामने हो गए हैं । बुधवार को भाजपा पार्षद मणिभास्कर के फोटो वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने इसे कांग्रेस का षड्यंत्र बताते हुए थाने में शिकायत किया जहाँ गिनती के भाजपाई नजर आये जबकि कांग्रेस ने जिला पुलिस अधीक्षक से भीड़ भाड़ के साथ इस बात की शिकायत की है और मामले में मणिभास्कर गुप्ता के ऊपर अपराध दर्ज करने की मांग की है । पूरा दिन सोशल मीडिया में उनकी उल्टा तिरंगा लिए तस्वीरें वायरल होती रही। पूरा विवाद सोमवार सुबह आयोजित कांवड़ यात्रा के दौरान से शुरू हुआ है जिसमे महापौर द्वारा उल्टा तिरंगा लेकर घूमने से का फोटो वीडियो वायरल हुआ था ।

### भाजपा पार्षद ने कहा वीडियो फोटो से की गई छेड़छाड़



उलटा तिरंगा के इस मामले में भाजपा पार्षद मणिभास्कर गुप्ता ने भी स्थानीय सिटी कोतवाली में लिखित में शिकायत की है । शिकायत में उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जो झंडा पकड़ा गया था वह सही था बल्कि फोटो वीडियो में छेड़छाड़ कर के सोशल मिडिया में कांग्रेस पार्षद दल के प्रवक्ता ऋषि शास्त्री द्वारा पोस्ट किया गया है जिसकी जांच होनी चाहिए और ऐसे लोगों पर अपराध दर्ज होना चाहिए । भाजपा पार्षद ने महापौर पर आरोप लगाया है कि दुर्भावनावश षड्यंत्र कर उन्हें फंसाया जा रहा है । इस दौरान भाजपा पार्षद के साथ गिनती के लोग रहे पूरा संगठन उनके साथ थाने में नहीं जुट पाया।

### 3 साल की सजा का प्रावधान

राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा फहराना या फिर अन्य किसी तरह से अपमान किया जाता है तो यह कानूनन जुर्म है। इस संबंध में सजा का प्रावधान है, जो कि मामला दर्ज करने के साथ 3 साल की सजा तक भी हो सकती है। पिछले दिनों भाजपा ने महापौर के खिलाफ शिकायत कर के उन पर अपराध दर्ज करने की मांग की थी लेकिन अब इस मामले में नया मोड़ आने के बाद मणिभास्कर गुप्ता के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया जा सकता है ।

### कांग्रेस ने की मणिभास्कर पर जुर्म दर्ज करने की मांग



भाजपा पार्षद मणिभास्कर गुप्ता के वीडियो व् फोटो वायरल होने के बाद शाम को शहर के कांग्रेसियों ने जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाक़ात कर भाजपा पार्षद पर अपराध दर्ज करने की मांग की है । उन्होंने अपने शिकायत पात्र में कहा है कि मानवीय भूल मैंने के बाद भी भाजपा ने महापौर के खिलाफ षड्यंत्र रचा है और अब जब सब कुछ विद्या में दिख रहा है तो भाजपा पार्षद पर तत्काल अपराध दर्ज किया जाए ।

**होड़ पडेगी भारी** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजन किए जा रहे हैं। राजनीतिक दल भाजपा - कांग्रेस ने बड़े आयोजनों की तैयारियां की है। एक तरह से तिरंगा लहराने की होड़ मची हुई है। इस होड़ के बीच लोग राष्ट्रीय ध्वज की सम्मान और इसके लिए तय कानून को अगर नज़र अंदाज करते हैं तो उन्हें यह गलती बहुत भारी पड़ सकती है और इसका खामियाजा अब दोनों ही पक्षों को भुगतना भी पड़ रहा है ।

## बागेश्वर महोत्सव में पंचमुखी शिवशंभु की आराधना



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में बागेश्वर कसौंधन वैश्य समाज डोंगरगाँव द्वारा सोमवार 8 अगस्त को बागेश्वर महोत्सव आस्थापूर्वक हर्षोल्लास मनाया गया। नगर सहित पूरे अंचल से सामाजिक बंधुओं ने सहभागिता प्रदान की। बागेश्वर पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता व उनकी टीम के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम बागेश्वर बाबा पंचमुखी शंकरजी की मूर्ति स्थापना समाज के 5 जोड़ों द्वारा विधिवत पूजन किया गया।

आयोजन के दौरान समाज के बुजुर्गों व वरिष्ठजनों कुन्ती गुप्ता प्रयागराज, निर्मला गुप्ता बबेरू, उषा गुप्ता भिलाई, उमा गुप्ता मिलवाले व सुनैना गुप्ता डोंगरगाँव का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया। श्रीबागेश्वर बाबा के पूजन व प्रसादी वितरण पश्चात संध्या को विसर्जन यात्रा निकाली गई। विसर्जन यात्र की समाज के वरिष्ठजन शारदा प्रसाद गुप्ता, महेश गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, हरिप्रसाद गुप्ता, कुबेरा गुप्ता, संतोष गुप्ता, रमेश गुप्ता ने अगुवानी की।

## शिवनाथ नदी पूल के एप्रोच में जलस्त्राव से लैंड स्लाईड

- बारिश के मौसम में निर्माण से पूल को खतरा
- शिवनाथ, घुमरिया व झुरा नदी में भयंकर बाढ़

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





नगर से सटकर बहने वाली शिवनाथ नदी में भयंकर बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। मोगरा जलाशय व सुखानाला बैराज के पानी छोड़े जाने से शिवनाथ नदी का जलस्तर सीजन के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। आलम यह है कि शिवनाथ नदी स्थित पूल समीप सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बनाये जा रहे टो-वॉल के बेस में जलस्त्राव होने से जमीन धसकने लगी है। पूल के एप्रोच व मेनरोड में लैंड स्लाईड का खतरा बन गया है। उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव नगर से पिनकापार होते हुए जेवरतला तक एडीबी के अनुदान से सड़क चौड़ीकरण निमार्णाधीन है। उक्त सड़क अंतर्गत खुज्जी पूल के पीचिंग में टो वॉल का कार्य जारी है। पूल के पूर्व दिशा में जारी टो-वॉल निर्माण के लिए पूल समीप ही लगभग 40 फीट खुदाई कर बेस दिया गया है। बारिश सीजन में निर्माण किये जाने व अत्यधिक गहराई तक खुदाई से उक्त बेस में बाढ़ का लगातार जलस्त्राव हो रहा है। टो-वॉल बेस में लगातार जलस्त्राव से भूस्खलन जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं शिवनाथ नदी के पूल के एप्रोच के लिए भी खतरे की स्थिति है। वहीं मेनरोड के लैंड स्लाईड होने के आसार बन गए हैं।

### खानापूर्ति से खतरे के हालात

उल्लेखनीय है कि जिले के कुछ जलाशयों से पानी छोड़े जाने से शिवनाथ सीजन के सर्वोच्च जलस्तर में है। बाढ़ से निर्माणस्थल में भूस्खलन की स्थिति सुबह से ही हो गई है। इसकी जानकारी प्रशासन को पत्रकारों ने सुबह ही दे दी थी। उपरांत प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण कंपनी एबीपीएल को निर्देश देने की बात कही जा रही है, लेकिन शाम तक रोड सेफ्टी निशान की खानापूर्ति के अलावा लैंड स्लाईड को रोकने कोई ठोस उपाय नही किये जा सके हैं।

### जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

खुज्जी पूल एप्रोच में भूस्खलन की जानकारी मिलने पर जनप्रतिनिधिगण भी निर्माण स्थल पहुंचे थे। जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू एवं उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। साहू व श्रीनाहटा द्वारा भी ठेकेदार के प्रतिनिधियों को हालात नियंत्रित करने निर्देश दिए। हालांकि देर शाम तक पूल के एप्रोच में भूस्खलन जारी था। मेनरोड में आवाजाही दरम्यान खतरा बरकरार है।

### रुदगांव में बाढ़ राहत अभियान

शिवनाथ नदी किनारे रुदगांव के कृषि फार्म में निवासरत सोनकर परिवार बाढ़ से घिर गया था। बुधवार को प्रशासन ने मोर्चा सँभालते हुए राहत अभियान चलाया। एसडीएम सुनील नायक, तहसीलदार कोमल ध्रुव व सरपंच टीकाराम सोनकर के मार्गदर्शन में पुलिस व ग्रामीणों द्वारा ट्यूब के सहारे सोनकर परिवार को सुरक्षित निकाला गया। पीड़ितों को सामुदायिक भवन में ठहराया गया है। मौके पर एसडीओपी अर्जुन कुर्रे व टीआई भरत बरेठ व बीईओ आरएल पात्रे भी मौजूद थे।

## बगैर आबंटन के तीन बार हस्तांतरित की गई वाईडनर की जमीन, न्यास अध्यक्ष शासन को पत्र लिखकर फंसे

- कार्रवाई से हाथ पीछे खींच रहा प्रशासन, एफआईआर की मांग पर चुप्पी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आरोप : जब डायोसिस एजुकेशनल सोसायटी को जमीन मिली तो उसका पंजीयन था नहीं

विवादों में वाईडनर : जहां स्कूल उस जमीन का आबंटन कभी हुआ ही नहीं, अवैध तरीके से जमीन दूसरी संस्था को दी गई

उस संस्था को मिली जमीन जिसका अस्तित्व ही नहीं था

अवैध तरीके से दूसरी संस्था को सौंपी जमीन

पायनियर
लगातार

वाईडनर हायर सेकेंडरी स्कूल को भूखंड आबंटन और संस्थाओं के बीच हस्तांतरण के मामले में प्रशासन और राजगामी संपदा को सांप सूंघ गया है। शैक्षणिक उपयोग हेतु ली गई जमीन का नियम विरुद्ध कई बार हस्तांतरण और अन्य उपयोग में लाएजाने के चलते विवाद खड़ा हो चुका है। इसके इतर, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक द्वारा अपने अधिकारक्षेत्र से बाहर जाकर शासन को भूखंड आबंटन के लिए पत्र लिखे जाने के बाद उनकी भी भूमिका संदिग्ध हो गई है। इस पूरे मामले में शिकायत के बाद मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। लाईज़नर भी मामले को लेकर सक्रिय हो गए हैं और जिला प्रशासन से लेकर सरकार तक दौड़ लगाई जा रही है। स्कूल संचालन के भूखंड आबंटन की प्रक्रिया आज तक अधूरी है और अब स्कूल के आगे संचालन को लेकर खतरा मंडरा रहा है। छत्तीसगढ़ पैरेंटस एसोसिएशन ने जो तथ्य सामने रखे हैं उसके बाद राजगामी संपदा न्यास और कई संस्थाएं कार्रवाई के घेरे में आ गई हैं।

### हस्तांतरण का अधिकार ही नहीं

राजगामी संपदा न्यास के माध्यम से आबंटित शासकीय जमीन को किराए पर देने, हस्तांतरित करने का कोई अधिकार है ही नहीं। बावजूद इसके तीन बार संस्थाओं के बीच भूखंड का हस्तांतरण किया गया। इस मामले में एफआईआर की मांग की गई है जिसे लेकर प्रशासन टालमटोल का रवैया अपना रहा है। कानूनी जानकारों का कहना है कि यह बड़ा आरोप है। निर्धारित नियम-शर्तों और कानून के खिलाफ अंजाम दिए गए इस कृत्य के लिए कानूनी कार्रवाई तय है।

### शिकायतों का दौर, वासनिक की मुश्किलें बढ़ी

राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष विवेक वासनिक का कार्यकाल अब तक के सभी अध्यक्षों के मुकाबले सबसे ज्यादा विवादित होता दिख रहा है। उनके खिलाफ शिकायतों की लंबी फे हरिस्त है। संगठन को लेकर उनके बयान, राजगामी अध्यक्ष के तौर पर उनकी कार्यशैली को लेकर उनकी शिकवा शिकायतें वरिष्ठ मंत्रियों से लेकर सीएम तक की जा चुकी है। न्यास के सदस्यों ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। हालही में कई दुकानों और राजगामी की व्यवसायिक दुकानों के हस्तांतरण की भी शिकायतें की गई है। दूसरी ओर वाईडनर स्कूल को मिले भूखंड के हस्तांतरण को लेकर भी न्यास के सीईओ से शिकायत की गई है।

## ग्रामीण के घर भरने से रात भर परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ छुईखदान
www.dailypioneer.com

ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम बोराई में ग्रामीण के घर पानी भर गया है। बीते रात अधिक वर्षा होने के कारण ग्राम बोराई के सुनती बाई जंघेल के घर पानी का भराव हो गया है जिससे घर में रह रहे बच्चे-बुजुर्ग सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है!

बारिश पूर्व ग्राम पंचायत को अवगत कराने के पश्चात भी सरपंच द्वारा निकासी के लिए किसी भी प्रकार कार्यवाही नहीं की गई। जिसके कारण परिवार मुसीबत में फंस गया है। रात में बारिश अधिक होने के कारण परिवार रात भर सो नहीं पाया है और घर का पूरा समान अस्त व्यस्त हो गया है उनके घर में पैर रखने तक की जगह नहीं है।



उनके घर के बाजू में बने मकान के मालिक ने निकासी के लिए बची जगह भी घेर ली है। जिससे सुनती बाई जंघेल के घर से पानी निकासी का जगह नहीं बन पा रही है। महिला ने गुहार लगाई है कि निकासी के लिए रास्ता निकाल कर दें। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार बहुत परेशान है। रहने सोने तक के लिए भी जगह नहीं बची है। सभी जगह पानी का भराव हो चुका है।

इस बारे में तहसीलदार एवं पटवारी को अवगत करा दिया गया है। पिछले वर्ष भी इस तरह का परेशानी हुई थी। दोनों साइड से उनके घर से पानी निकलने का जगह नहीं है।

**–लेखराम धरवाल,**
सरपंच, ग्राम पंचायत बोरई

### शहर में अब भी बदहाली की स्थिति, निचली बस्तियों से अब तक नहीं उतरा पानी

## बैराजों से छोड़ा गया 52 हजार क्यूसेक पानी, उफान मारने लगी शिवनाथ, तटीय क्षेत्रों में बढ़ा खतरा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बीते दो दिनों तक हुई बारिश के असर से बाढ़ के हालात निर्मित हो गए हैं। शहर में हालात अब भी बिगड़े हुए हैं। निचली बस्तियों सहित कई कॉलोनियों में अब भी जलभराव की स्थिति है। बैराज से हजारों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद शिवनाथ उफान पर है। शहर के मोहारा स्थित पुल के करीब तक पानी का स्तर पहुंच गया है।

नदी में जलस्तर बढ़ने के चलते शहर में जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। वॉटर प्लांट के इंटेकवेल में कचरा फंस जाने और तकनीकी समस्याओं के चलते कई दर्जन वार्डों में बुधवार की शाम नल नहीं खुले। गुरुवार की सुबह भी जलापूर्ति बाधित रहेगी। इधर, खैरागढ़ इलाके के जालबांधा-करमतरा के बीच मौजूद रपटा पर 21 वर्षीय युवक की बह जाने की खबर आई है। बाढ़ के हालात के बीच जनहानि की जिले में यह पहली घटना है। देर शाम तक गोताखोर युवक की तलाश में जुटे रहे।

**52 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया** – बुधवार की शाम 4 बजे तक बैराजों से कुल 52 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। मोंगरा से 32 हजार क्यूसेकपानी छोड़ा गया है। घूमरिया से 8500 क्यूसेक, सूखानाला से 12500 क्यूसेक वॉटर डिस्चार्ज किया गया है। अब भी बारिश के चलते पानी छोड़ने की आशंका बनी हुई है। बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने से नदी नाले उफान पर हैं। तटीय क्षेत्रो में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जिन इलाकों से शिवनाथ गुजरती है वहां खतरा ज्यादा है।

### नाले में बहा 22 वर्षीय युवक



खैरागढ़ इलाके के ग्राम पंचायत बघमर्रा-करमतरा नाले में बुधवार सुबह बाढ़ देखने गए बघमर्रा निवासी रूपेश साहू (22)उफनते नाले की चपेट में आ जाने से बह गया। सूचना मिलने पर प्रशासन ने उसकी खोजबीन शुरु कर दी। गोताखोरों की मदद ली गई लेकिन देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। वहीं ग्रामीणों इस घटना की सूचना राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को दी। उन्होंने बरसते पानी में तत्काल ग्राम बघमर्रा पहुँच कर वस्तुस्थिति का जायजा लेने के पश्चात पुलिस अधीक्षक राजनादगांव से दूरभाष में सम्पर्क करके नाले में बहे युवक के लिए गोताखोर की व्यवस्था करने के लिए कहा। साथ ही विक्रांत सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अभी लगातार बारिश हो रही है जिससे नदी-नाले का जलस्तर बढ़ने लगा है।

### आज नहीं खुलेंगे नल

निगम की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ जाने के चलते इंटेकवेल के इनलेट में कचरा फंस गया। इसके चलते रॉ-वाटर की कमी हो गई है। नदी के अत्यधिक जल स्तर एवं पानी का बहाव तेज होने के कारण कचरे की सफाई किया जाना संभव नहीं है। बार-बार प्लांट बंद करने के कारण 27 एवं 10 एमएलडीप्लांट से भरे जाने वाल उच्च स्तरीय जलागार (सिंगदई, लखोली, कंचनबाग, टांकाघर, शंकरपुर, चिखली, इंदिरानगर) में पानी नहीं पहुंच पाएगा। इसके चलते गुरुवार को सुबह की सप्लाई बाधित रहेगी। इसके चलते मोहड़, सिंगदई, हल्दी, मोहारा बस्ती, बजरंग नगर, लखोली, संतोषी नगर, चक्र पारा, दुगार्चैक लखोली, संजय नगर, लखोली नाका एरिया, कन्हारपुरी संपूर्ण क्षेत्र, सनसिटी एरिया, कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशर नगर, जनता कॉलोनी, राजीव नगर ब्रम्हदेव चैक, बैगापारा, अटल आवास, शांती विजय कालोनी, राहुल नगर लखोली, गौरीनगर, रायपुर नाका, जी.ई. रोड़, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन, जूनी हटरी, जय स्तम्भ रोड़, कलारपारा, सिनेमा लाईन, गोलबाजार, पुराना अस्पताल रोड़, सदर लाईन आधा क्षेत्र, स्टेशनपारा वार्ड नं. 11,12, गंज लाईन, आरामशीन रोड़, स्टेट बैंक कालोनी, पी.एच.ई. कार्यालय, टांकाघर, पुराना सिविल लाईन, बल्देव बाग, स्टेशनपारा, चिखली क्षेत्र, नेहरू नगर, जमातपारा, आजाद चैक, रेल्वे स्टेशन रोड़, शंकरपुर, शांतीनगर, चिखली, पुराना ढ़ावा, रामनगर, शिक्षक नगर, शांतीनगर, चिखली बिहारीचाल, पुराना ढ़ाबा, रमन बाजार चिखली, दिनदयाल नगर, गठुला नाला, चिखली झुग्गी झोपड़ी, अम्बेडकर चैक शांतिनगर इंदिरा नगर वार्ड, चैखड़िया पारा, नंदई, हिरामोती लाईन, गंज लाईन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उद्यांचल, दुर्गा चैक, दिग्विजय कालेज रोड़, दिवानपारा, सतनामी पारा, सेठीनगर में जलापूर्ति नहीं होगी।

# अपराध निवारण के लिए सजग एवं सक्रिय तंत्र का नितांत अभाव : अमर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने शहर की कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात पर की गई प्रेस वार्ता में कहा कि आज जिस प्रकार से अपराध बढ़ रहे है,पूरी तरह कांग्रेस सरकार की ढुलमुल नीति जिम्मेवार है।न्यायधानी सहित पूरे प्रदेश में कांग्रेस राज में अपराधियों को संरक्षण देने का काम बखूबी हो रहा है।सत्ता संरक्षण में दिनोंदिनअपराध बढ़ रहा है। कानून सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अपराध निवारण के लिए सजग एवम सक्रिय तंत्र का नितांत अभाव है। ऐसे में सवाल उठता है कि न्यायधानी की पहरेदारी में ही पुलिसिंग दोयम दर्जे की हो गई हो तो आम आदमी भला कैसे सुरक्षित महसूस करेगा।अचरज की बात यह है कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस का खौफ भी इनके मन में नहीं रहा।

पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने दोहराया सत्ताधारी दल के नेताओं के बीच बढ़ती गुटबाजी और आपसी प्रतिस्पर्धा से अपराधियों को संरक्षण देने की प्रवृति के कारण शांत शहर अपराधियों का गढ़ बन गया है। शहरवासियों के मन में असुरक्षा की भावना घर कर गई है। शहर में एक दिन भी ऐसा नहीं निकलता जब चोरी,लूट, हत्या और दुष्कर्म से लेकर चाकूबाजी की घटनाएं न हो।

अमर अग्रवाल ने कहा सरकारी जमीन के दस्तावेज बदलने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद भी माफिया अब भी रेत का उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं।सीएम के शहर प्रवास के दौरान तालापारा में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी जाती है।जिला एवं पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे न्यायधानी बिलासपुर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था लूट, गुंडागर्दी, डकैती, हत्या, छेड़छाड़, बलात्कार, वसूली, कब्जा आदि घटनाओं से बिलासपुर जैसे शांत शहर में नागरिक जीवन असुरक्षित हो गया है। लोकल पुलिस केवल छोटे मोटे अपराधी,चोरों को पकड़ने तक की सीमित है । शहर में जब भी कोई बड़ी घटना होती है हर बार मुख्यालय से पृथक टीम आकर जांच करती है। आर्म्स एक्ट, अपराधिक षड़यंत्र शासकीय कार्य में बाधा ,गाली-गलौज, हत्या प्रयास की धारा के तहत अपराध,कूट रचना,बलवा, ठगी, धमकी आदि आम बात हो गई है।



पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा दो साल पूर्व दायर जनहित याचिका पर माननीय उच्च न्यायालय ने न्यायधानी की पुलिसिंग पर सख्त टिप्पणी की थी,जवाब में सरकार ने चुनाव में व्यस्तता का हवाला दिया था। आज हालात और बदत्तर हो गए है,नशे की आड़ में अपराध का कारोबार न्याय धानी को जकडते जा रहा है, जो कि पुलिस प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को संज्ञान लेकर महानगर का स्वरूप ले रहे न्यायधानी बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में बढ़ते अपराध पर नकेल कसनी चाहिये।

**वर्दी भी नही है सुरक्षित-** अग्रवाल ने कहा अपराधियों के हौसले इस हद तक बुलंद हो गए हैं कि पुलिस, पत्रकार और अधिकारी भी सुरक्षित नहीं है। कुछ माह पहले एक बार मे बाउंसर की दो महिला डीएसपी के साथ हुई झड़प और दुर्व्यवहार की घटना हुई थी, ग्राम घुटकू में कांस्टेबल एम जायसवाल पर हमला हुआ,पचपेड़ी क्षेत्र के घोराडीह में जुआ पकड़ने गए हेड कांस्टेबल कुर्रे, सिपाही पर हमला हुआ,सकरी थाना के कांस्टेबल हमला हुआ। मस्तूरी थाने के कांस्टेबल को उन्ही का डंडा छीनकर पीटा गया। तखतपुर थाना क्षेत्र के जूनापुर चौकी में कांस्टेबल पर हमला हुआ, उनकी वर्दी फाड़ दी गई।शिक्षक कॉलोनी में हेड कांस्टेबल धनेष साहू से मारपीट हुई, विगत दिवस मल्हार चौकी प्रभारी गोस्वामी अवैध शराब धरपकड़ में हमले का शिकार हो गए है।प्रमुख अखबार के पत्रकार को धमकी दी गई, कई कलमवीरो पर भ्रष्ट तंत्र के नुमाइंदे द्वारा ब्लैकमेलिंग आरोप लगा कर फर्जी शिकायत और मुकदमा बाजी कराई जा रही है।

# आकाश बायजूस ने लड़कियों के सशक्तीकरण और समावेशन के लिए लॉन्च किया 'एजुकेशन फॉर ऑल'

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




अपने फ्लैगशिप नेशनल स्कॉलरशिप एक्जाम एएनटीएचई 2022 के तहत करीब 2,000 वंचित छात्रों और छात्राओं को स्कॉलरशिप और नीट एवं जेईई की निशुल्क कोचिंग 'आकाश' द्वारा दिया जायेगा ।

■छात्रों, विशेषरूप से लड़कियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों एवं इकलौती लड़की वाले या सिंगल पैरेंट (मां) वाले परिवार के बच्चों को इस पहल से मिलेगा लाभ।

■इस प्रोजेक्ट के तहत चुने गए छात्र आकाश बायजूस की फ्लैगशिप स्कॉलरशिप परीक्षा नेशनल टैलेंट हंट एक्जाम ड्ड 2022 (एएनटीएचई 2022) में हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन 5 से 13 नवंबर के बीच ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में पूरे देश में किया जाएगा।

■एजुकेशन फॉर ऑल पहल के तहत मिलने वाली स्कॉलरशिप एएनटीएचई के तहत मिलने वाली सामान्य स्कॉलरशिप के अलावा होगी। पहले की ही तरह 13वें संस्करण यानी एएनटीएचई 2022 में सर्वश्रेष्ठ छात्रों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति तथा अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

■स्कॉलरशिप के अलावा 5 छात्रों को अपने एक अभिभावक के साथ नासा जाने का भी निशुल्क अवसर मिलेगा।

■अपनी लॉन्चिंग के समय से अब तक एएनटीएचई के तहत 33 लाख से ज्यादा छात्रों को स्कॉलरशिप दी जा चुकी है।

■केंद्र सरकार की 'आजादी का अमृत महोत्सव' पहल के मौके पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान आकाश बायजूस ने 'एजुकेशन फॉर ऑल'के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए निजी कोचिंग में छात्राओं के सशक्तीकरण एवं समावेशन के लिए बड़ी पहल का एलान किया है। इसके तहत वंचित परिवारों के 7वीं से 12वीं कक्षा के करीब 2000 छात्रों, विशेषरूप से लड़कियों को नीट एवं जेईई की निशुल्क कोचिंग एवं स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

# केंद्रीय जेल में बंद अपने भाइयों को बहनें इस बार भी नहीं बांध पाएंगी राखी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




केंद्रीय जेल में विभिन्न अपराधो के लिए सजा काट रहे कैदी और न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध किए गए आरोपियों को इस साल भी उनकी बहने राखी नही बांध पाएंगी ।पिछले दो साल से कोरोना संक्रमण को देखते हुए केंद्रीय जेल में कैदियों को रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने पर बंदिश है ।दो साल पहले तक रक्षाबंधन के दिन केंद्रीय जेल काफी गुलजार रहता था ।दूर दूर से बहने जेल में बंद अपने भइयों को राखी बांधने आती थी ।इस दौरान भाईयो और बहनों की आखों में आसुओं की अविरल धारा देखकर हर कोई पसीज जाता था ।सुबह से शाम तक अपने भाइयों के इंतजार में बहनें बिना कुछ खाए पिए काट देती थी । घंटो बाद भाईयो से मिलने के दौरान भाई बहन का अटूट प्रेम आसुओं से झलकता था लेकिन कोरोना ने भाई बहन के मुलाकात पर रोड़ा लगा रखा है । इस साल भी बहनें जेल में बंद अपने भाइयों को राखी नहीं बांध सकेंगी। जेल मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जेल के बाहर बाक्स लगाया जा रहा है। बहनें राखी और तिलक लिफाफे में बंद कर बाक्स में डाल देंगी। जेल प्रबंधन इसे उनके भाइयों तक पहुंचाएगा।

## शैलेष पांडेय ने प्रदेश जीवनदीप समिति कर्मचारी कल्याण महासंघ की हड़ताल समाप्त कराई



**बिलासपुर ।** जिला अस्पताल बिलासपुर में 8 अगस्त से हड़ताल पर बैठे छत्तीसगढ़ प्रदेश जीवनदीप समिति कर्मचारी कल्याण महासंघ कर्मचारियों की हड़ताल को नगर विधायक शैलेष पांडेय ने हड़ताल स्थल पर पहुंच कर समाप्त कराई है। महासंघ की मांग थी कि समस्त कर्मचारियों को जुलाई एवं अगस्त का मानदेय कलेक्टर दर पर लिखित सहमति नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। जिला चिकित्सालय बिलासपुर में कार्यरत जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर 36 कर्मचारियों को मानदेय भुगतान किया जाएगा उक्त प्रस्ताव पर जिला कलेक्टर ने सहमति प्रदान की है।

# धमतरी की भाजपा विधायक ने बिलासपुर के कांग्रेस विधायक को भेजी राखी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राजनीति अपनी जगह है और संबंध अपनी जगह इसी को चरितार्थ करते हुए भाजपा की विधायक रंजना साहू ने बिलासपुर के कांग्रेस विधायक शैलेष पाण्डेय को राखी भेजी है। विधायक शैलेष पांडेय ने भी कहा वे एक भाई का कर्तव्य ताउम्र निभायेंगे।

रक्षा बंधन जात पात दीन धर्म से जुदा भाई बहनों के सच्चे प्रेम का त्योहार है। हिन्दू धर्मशास्त्रों में इस पर्व को सभी पर्वों में श्रेष्ठ और पवित्र कहा गया है। यम और यमुना के बीच रक्षा बंधन पर्व के किस्से आज भी भारतवासियों की जुबान पर है। मुगल बादशाह को रानी दुर्गावती के भाई बहन का रिश्ता



आज भी सबको याद है। रक्षा बंधन को लेकर भारतीय जनमानस में बहन के प्रति फर्ज निभाने वाले भाई के कई किस्से जहां तहां कहे और सुने जाते हैं। द्रोपदी और कृष्ण के रक्षा बंधन और फर्ज को हमेशा याद किया जाता है। इसी क्रम में धमतरी भाजपा विधायक रंजना साहू ने बिलासपुर नगर विधायक को रक्षा सूत्र भेजकर भारतीय परम्परा का ना केवल निर्वहन किया। बल्कि शैलेष पाण्डेय ने भी शुभकामनाओं का उपहार देकर जीवन भर बहन के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया है। रक्षा बंधन का पर्व का भाई बहनों को बेसब्री से इंतजार रहता है। ना केवल हिन्दू बल्कि सभी धर्मों में भाई बहन के रिश्तों को सबसे प्यारा और निश्छल रिश्ता माना गया है। भाई की सूनी कलाई को सजाने को लेकर प्रत्येक बहन को रक्षा बंधन पर्व का बेताबी से इंतजार रहता है। इस बार रक्षाबंधन के ठीक एक दिन पहले धमतरी विधायक रंजना डीपेन्द्र साहू ने धर्म भाई नगर विधायक शैलेष पाण्डेय को राखी पोस्ट कर सूनी कलाई सजाने का आग्रह किया है।

भाजपा विधायक रंजना ने रक्षा सूत्र के साथ एक पत्र भी लिखा है। पत्र में अभिवादन के साथ विधायक शैलेष पांडेय को सदा स्वस्थ्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। सदा जनहित में काम करने के साथ मार्गदर्शन की भी बात कही हैं। राखी के साथ पत्र मिलने पर नगर विधायक शैलेष पाण्डेय काफी भावुक नजर आए।

उन्होने कहा कि जीवन भर बहन रंजना समेत जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। जनसेवा ही उनका लक्ष्य है। रंजना साहू की राखी और पत्र में लिखी बातों को मन मस्तिष्क में हमेशा बनाकर रखूंगा। धमतरी विधायक की राखी से उन्हें शक्ति मिली है। शैलेष ने तत्काल उपहार में शुभकानाएं देते हुए रंजना साहू के व्यक्तित्व को दलगत राजनीति से ऊपर होना बताया।







# राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना



## न्याय की निरंतरता पर जोर

### वर्ष 2021-22 की दो किस्तें और वर्ष 2022-23 की प्रथम किस्त को मिलाकर अब तक लगभग

# 213 करोड़ रु. का भुगतान

## 7 हजार रुपए प्रति वर्ष प्रदान करने का वादा हो रहा पूरा



राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना ऐसे ग्रामीण मजदूर परिवारों के लिए एक नई उम्मीद की तरह है, जिनके पास खेती की जमीन नहीं है और वे मनरेगा, पौनी-पसारी कार्य, वनोपज संग्रहण अथवा कृषि मजदूरी से जुड़े हैं। इन परिवारों को नियमित आय का जरिया देने के लिए उन्हें प्रतिवर्ष 7000 रुपए दिए जाएंगे। यह योजना 2021-22 वित्तीय वर्ष से लागू की गई है। इस योजना से 3 लाख 55 हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को लाभ मिलेगा। लाभान्वितों में आदिवासी संस्कृति को जीवित रखने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी, चालकी, बाजा मोहरया, हाट पाहार्या को भी शामिल किया गया है।

**भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

SAMVAD - 33382/1

## सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403